■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 292
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, गुरुवार
27 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1794 :** अमेरिकी कांग्रेस ने देश में नौसेना की स्थापना को स्वीकृति दी।
**1884 :** बोस्टन से न्यूयार्क के बीच पहली बार फोन पर लंबी दूरी की बातचीत हुयी।
**1989 :** अंतरिक्ष में अमेरिका के मिसाइल 'रोधी उपग्रह' का परीक्षण विफल हुआ।
**1999 :** पहला मैक्रो वायरस 'मेलिसा' की सूचना दी गई।
**2003 :** रूस ने घातक टोपोल आर एस-12 एम बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया।

**बुद्धि ईश्वर का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ वरदान है, इसका इस्तेमाल पूरी ईमानदारी और सच्ची लगन के साथ करना चाहिए।**

## केन्द्र सरकार ने 307 हॉवित्जर तोप खरीद को दी मंजूरी

**रक्षा मंत्रालय ने 6900 करोड़ रू. की डील साइन की | पहली बार इतनी स्वदेशी तोपें सेना में होंगी शामिल**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना की डिफेंस कैपेसिटी को बढ़ाने के लिए बुधवार को 6900 करोड़ रुपए की डील साइन की। इसके तहत अब 307 एडवांस्ड टोव्ड आर्टिलरी गन सिस्टम यानी हॉवित्जर तोपों को खरीदा जाएगा। यह पहली बार है जब इतनी बड़ी संख्या में स्वदेशी तोपें खरीदी जा रही हैं। यह डील भारत फोर्ज और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ हुई है। इसमें भारत फोर्ज 60% तोपों का निर्माण करेगी, जबकि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स 40% का प्रोडक्शन करेगी।

जैसा कि इसके नाम से जाहिर है कि यह टोव्ड गन यानी ऐसी तोप है जिसे ट्रक से खींचा जाता है। हालांकि यह



गोला दागने के बाद बोफोर्स की तरह कुछ दूर खुद ही जा सकती है। इस तोप का कैलिबर 155 एमएम है। मतलब यह कि इस आधुनिक तोप से 155 एमएम वाले गोले दागे जा सकते हैं। एटीएजीएस को हॉवित्जर भी कहा जाता है। हॉवित्जर यानी छोटी तोपें। दरअसल, दूसरे विश्व युद्ध और उसके बाद तक युद्ध में बड़ी और भारी तोपों का इस्तेमाल होता था। इन्हें लंबी दूरी तक ले जाने और ऊंचाई पर तैनात करने में काफी मुश्किलें होती थीं। ऐसे में हल्की और छोटी तोपें बनाई गईं, जिन्हें हॉवित्जर कहा गया। इसे देशी बोफोर्स के नाम से भी जाना जाता है। इस तोप को डीआरडीओ की पुणे स्थित लैब एआरडीइ ने भारत फोर्ज लिमिटेड, महिंद्रा डिफेंस नेवल सिस्टम, टाटा पावर स्ट्रैटजिक और ऑर्डनेंस फैक्ट्री बोर्ड ने डेवलप किया है। 2013 में इसके डेवलपमेंट का काम शुरू हुआ था और पहला कामयाब टेस्ट 14 जुलाई 2016 को किया गया। इस तोप का इस्तेमाल और खासियत काफी कुछ बोफोर्स तोप से मिलती-जुलती है, इसलिए इसे देशी बोफोर्स भी कहा जाता है।

## कल नहीं, आज ही समाप्त होगा बिहार विधानसभा का बजट सत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा का बजट सत्र अब 28 की जगह 27 मार्च को ही समाप्त हो रहा है। 28 मार्च शुक्रवार है और रमजान का अंतिम जुमा होने के कारण बिहार विधानसभा में सभी दलों ने 28 मार्च को बैठक नहीं करने पर सहमति दी है और सदन में भी इस पर प्रस्ताव पास हो गया।



**28 मार्च को नहीं चलेगा सदन :**

संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने सदन में इससे संबंधित प्रस्ताव रखा। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने इस पर सब की सहमति ली। विधानसभा में संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि 28 मार्च के सेकंड हाफ में गैर सरकारी संकल्प पर चर्चा होना था। वह अब 27 मार्च को होगा।

**रमजान के अंतिम जुमे के कारण फैसला :**

इस तरह 28 फरवरी से 28 मार्च तक पहले सदन चलना था। 13 मार्च को पहले ही सदन की कार्यवाही नहीं हो पाई थी। अब 28 मार्च को भी सदन की कार्यवाही नहीं होगी।

**विधानसभा की कार्यवाही हंगामेदार :**

आरजेडी और विपक्षी दल के नेताओं ने वक्फ बिल को वापस लेने की मांग पर जबरदस्त हंगामा किया। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव को विपक्षी सदस्यों को टेबल पलटने की कोशिश करने पर चेतावनी देना पड़ा और यह भी कहा कि कड़ी कार्रवाई करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आप लोगों की हरकत के कारण एक कर्मचारी को चोट भी लगी है, यह शोभा नहीं देता है।

**वक्फ बिल पर हंगामा :**

स्पीकर ने विपक्ष से कहा कि आप अपनी बात शून्य काल में रखें, लेकिन विपक्षी सदस्यों ने हंगामा जारी रखा और विधानसभा अध्यक्ष को कुछ ही देर में सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। वक्फ बिल को लेकर आज मुस्लिम संगठनों की ओर से पटना के गर्दनीबाग में धरना दिया गया, जिसमें कई दलों के नेता शामिल हुए। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद भी शामिल हुए और विपक्ष की ओर से धरना को समर्थन देने की कोशिश विधानसभा में भी की गई।

### संक्षिप्त समाचार

#### भाजपा नेता अनिल टाइगर की गोली मारकर हत्या

**रांची (नबिटा ब्यूरो)।** रांची में बुधवार को भाजपा नेता और जिला परिषद के पूर्व सदस्य अनिल टाइगर की बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी। उनकी हत्या कांके चौक के पास की गई है। गोली लगते ही लोग उन्हें रिम्स पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर नाराज लोगों ने कांके चौक जाम कर दिया। भाजपा नेता की हत्या किसने और क्यों की, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, रांची पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक शूटर को गिरफ्तार किया है।

#### हार्ट अटैक से हवलदार की मौत

**समस्तीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस लाइन में बुधवार सुबह एक पुलिसकर्मी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। सहकर्मी द्वारा उन्हें सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिसकर्मी की पहचान हवलदार सैयद समीम के रूप में की गई है। वह उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के रहने वाले थे। सहकर्मियों की घटना की जानकारी उनके परिजनों को दी है। डॉक्टर का कहना है कि हार्ट अटैक से उनकी मौत हुई है। सदर अस्पताल में घटना के संबंध में सहकर्मियों ने बताया कि सुबह वह ड्यूटी पर जाने से पहले स्नान करने गए थे। वहीं उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। सीने में दर्द की शिकायत की और फिर वहीं पर बेहोश होकर गिर पड़े। तत्काल उन्हें सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने जिले के विभिन्न थानों में ड्यूटी की है। इन दिनों वह पुलिस केंद्र में थे। करीब 2 महीने बाद वह रिटायर होने वाले थे।

#### जमीन और बिजली विवाद में गोलीबारी

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव में जमीन और बिजली कनेक्शन को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। झड़प में पथराव और गोलीबारी की घटना सामने आई। एक व्यक्ति को जांघ में गोली लगी, जबकि एक अन्य व्यक्ति के गर्दन को छूकर गोली निकल गई। घटना में मसौढ़ी निवासी रवि कुमार को गोली लगी। वह अपनी ससुराल जमालपुर में रहते हैं। उनका इलाज गौरीचक के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। शंकर राय के गर्दन के पास से गोली छूकर निकली। मनोहर राय और उर्मिला देवी भी झड़प में घायल हुए हैं। उन्हें लोहे की रॉड और लाठियों से पीटा गया। विवाद हरिकिशन राय और उनके बेटे राजीव रंजन का शंकर राय, मनोहर राय, उर्मिला देवी और उनके परिजनों से चल रहा था।

## दावत-ए-इफ्तार में शामिल हुये राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री

**अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो0 जमा खान के आवास पर आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को नेहरू पथ स्थित अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो0 जमा खान के आवास पर आयोजित दावत-ए-इफ्तार में शरीक हुए। मुख्यमंत्री को गुलदस्ता, टोपी एवं साफा भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया। इफ्तार के बाद रोजे की नमाज अदा की गई, जिसमें दावत-ए-इफ्तार में शरीक मुख्यमंत्री सहित सभी रोजेदारों ने प्रदेश, समाज और देश में अमन-चैन, शांति एवं भाईचारा का माहौल कायम रहने की दुआ मांगी। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी, सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री महश्वरी हजारी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेषी सिंह, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू, विधान पार्षद रामवचन राय, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, विधायकगण, विधान पार्षदगण, अन्य जनप्रतिनिधिगण, बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष मो0 इर्शादुल्लाह, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में रोजेदार उपस्थित थे।




## वक्फ बोर्ड प्रदर्शन से लौट रहे लोगों की कार दुर्घटनाग्रस्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पटना में वक्फ बोर्ड प्रदर्शन से वापस लौट रहे मुस्लिम समुदाय के लोगों की कार हाजीपुर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा हाजीपुर पुलिस लाइन के पास हुआ। कार में सवार चार लोगों में से तीन घायल हो गए। घटना में नौशाद आलम (26), अनश इरफानी (28) और असगर अली (35) घायल हुए हैं। एक घायल की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में रेफर किया गया है। मोहम्मद नसीर खान ने बताया कि वे पटना से दरभंगा लौट रहे थे। इसी दौरान हाजीपुर पुलिस लाइन के पास सामने से आ रही कार ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सभी लोग पटना के गर्दनीबाग में वक्फ बोर्ड प्रदर्शन में शामिल होने के बाद दरभंगा लौट रहे थे। उनकी कार पर इमारत शरिया दरभंगा का बैनर लगा हुआ था। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है।

● **पटना।** भारतीय सेना ने बिहार के 12 जिलों में बड़े पैमाने पर भर्ती अभियान की घोषणा की है। यह भर्ती किशनगंज, अररिया, बांका, बेगूसराय, भागलपुर, कटिहार, खगड़िया, मधेपुरा, मुंगेर, पूर्णिया, सहरसा और सुपौल जिलों में आयोजित की जाएगी। आवेदन प्रक्रिया 12 मार्च 2025 से शुरू होकर 10 अप्रैल 2025 तक चलेगी। भारतीय सेना अग्निवीर (सामान्य ड्यूटी), अग्निवीर सेना महिला पुलिस, नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा पदों पर भर्ती करेगी। निम्नलिखित पदों पर भर्ती करेगी। सेना ने फर्जी प्रमाणपत्रों और दलालों से सावधान रहने की चेतावनी दी है। यह भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालित की जाएगी। यह भर्ती अभियान बिहार के युवाओं के लिए भारतीय सेना में शामिल होने का एक बेहतरीन अवसर है।

## तिहाड़ जेल को शिफ्ट करने की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भाजपा की दिल्ली सरकार तिहाड़ जेल को शहर से बाहर शिफ्ट करने की प्लानिंग में है। 25 मार्च को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 2025-26 के लिए दिल्ली के लिए 1 लाख करोड़ रू. का बजट पेश किया था, इसमें तिहाड़ को शिफ्ट करने की बात कही। उन्होंने कहा- मौजूदा तिहाड़ परिसर में कैदियों की भीड़ कम करने के लिए इसे शहर के बाहर शिफ्ट करने की योजना बनाई गई है। इससे कैदियों को भी फायदा मिलेगा। इसके सर्वे और एडवाइजरी के लिए 2025-26 के बजट में 10 करोड़ रुपए अलग से रखे गए हैं। तिहाड़ से जुड़े सूत्र के मुताबिक- हमने बपरौला में भी जगह मांगी थी, लेकिन अतिक्रमण के कारण हमें वह नहीं मिल पाई। हालांकि, हमने दिल्ली सरकार को कहीं और 100 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने के लिए लिखा है। तिहाड़ को दो मंजिला बढ़ाने का भी प्रस्ताव है। सूत्र के मुताबिक इससे तिहाड़ की कैदी क्षमता 3 गुना हो जाएगी। साथ ही कैदियों के पांच-दस साल तक रहने के लिए पर्याप्त जगह होगी। सूत्र ने बताया कि जेल नंबर 1 से 9 को लगभग 5,000 कैदियों को रखने के लिए




डिजाइन किया गया, लेकिन वर्तमान में इनमें 12 हजार+ कैदी हैं। जेल नंबर 10-16 को करीब 3700 कैदियों के लिए बनाया गया, लेकिन वर्तमान में इनमें 3900 से अधिक कैदी हैं। तिहाड़ में जेल नंबर 4 और मंडोली जेल में 12 को मुलैजा जेल के नाम से जाना जाता है, जिसका मतलब है पहली बार अपराध करने वाले। इन दोनों जेलों में हमारे पास बड़ी संख्या में कैदी हैं। कैदियों के सुधार और पुनर्वास के लिए सोसायटी का गठन सीएम रेखा ने बजट में दिल्ली जेल के अंदर एक सोसाइटी के गठन की भी घोषणा की, जो कैदियों के सुधार और पुनर्वास पर ध्यान देगी।

## सीबीआई अधिकारियों पर हमला

**बोकारो (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के हरला थाना क्षेत्र में सीबीआई एंटी करप्शन टीम पर लोगों ने हमला कर दिया है। सीबीआई की टीम झारखंड ग्रामीण बैंक के गाड़ी रिकवरी एजेंट को गिरफ्तार करने पहुंची थी। इस हमले में सीबीआई टीम के तीन सदस्य घायल हो गए हैं। वहीं इस मामले में रिकवरी एजेंट धनराज चौधरी को टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई की टीम ने इस मारपीट की घटना को लेकर हरला थाना में मामला दर्ज कराया है। तीनों सदस्यों का इलाज बोकारो जेनरल अस्पताल में किया गया। जानकारी के मुताबिक झारखंड ग्रामीण बैंक से एक व्यक्ति ने ट्रैक्टर लोन पर लिया था।

## शांति और भाईचारे को प्राथमिकता देती है नीतीश सरकार : डॉ निर्मल कुशवाहा





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डिहरी ऑन- सोन।** सासाराम विधानसभा क्षेत्र के तिलौथू के सरैया चौक पर बुधवार को जदयू के वरिष्ठ नेता और औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रभारी डॉ. निर्मल कुशवाहा ने दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया। इस दौरान डॉ. निर्मल कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार ने हमेशा सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखा है और अल्पसंख्यक समुदाय के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की है। उनहोंने कहा कि हमारी सरकार सभी वर्गो के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और हमेशा समाज में शांति और भाईचारे को प्राथमिकता देती है। वहीं आगे भी समाज के हर तबके की बेहतरी के लिए कार्य करते रहेगी। इफ्तार पार्टी में विभिन्न समुदाय और राजनीतिक दलों से जुड़े कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इस दौरान डॉ. निर्मल कुशवाहा ने भी रोजेदारों के साथ इफ्तार किया और कहा कि रमजान केवल उपवास रखने का नाम नहीं है बल्कि यह आत्म संयम, इबादत और परोपकार का संदेश देता है। यह महीना हमें धैर्य, आत्म शुद्धि और समाजसेवा की प्रेरणा देता है। रमजान में किए गए अच्छे कार्यो का 70 गुना पुण्य प्राप्त होता है इसलिए सभी को जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए। इफ्तार पार्टी में मो असलम खान, जदयू जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा, जदयू पंचायत अध्यक्ष फिरोज आलम, किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मो यार खान, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष खलील कुरैशी, महेंद्र पासवान, वसीम अंसारी, फिरोज खलीफा, सलाम खलीफा, गुड्डू खान, मुखिया शाहिद अली, रेसलात अली, एमडी राजा, राजा इमाम, उप प्रमुख जोखन पासवान, पैक्स अध्यक्ष राजकुमार सिंह, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राजद राजबली सिंह, जहांगीर कुरैशी, इम्तियाज खलीफा, नजरुल बड़ी कुरैशी, आफताब इदरीसी आदि मौजूद रहे।

एफएसएसएआई fssai
भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण
Food Safety and Standards Authority of India
सत्यमेव जयते
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

आज ही अपने पैन को FSSAI लाइसेंस से जोड़ें!

FSSAI पोर्टल
https://foscos.fssai.gov.in पर




एफएसएसएआई लाइसेंस के साथ पैन लिंकेज को अनिवार्य कर दिया गया है।

खाद्य व्यवसाय संचालकों के लिए कार्रवाई –

● अब एफएसएसएआई लाइसेंस के नए आवेदन, नवीनीकरण और संशोधन के लिए पैन अनिवार्य है।

● 'संशोधन' टैब के अंतर्गत गैर-फॉर्म सी लाइसेंस संशोधन (बिना शुल्क के) के माध्यम से अपनी पैन जानकारी अपडेट करें।

● खाद्य व्यवसायों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे FSSAI से नियमित 'अपडेट और अलर्ट' प्राप्त करने के लिए उपयोगकर्ता प्रोफाइल अनुभाग के अंतर्गत अपने संपर्क विवरण को अद्यतन रखें।

अधिक जानकारी के लिए:
13 नवंबर 2024 का एफएसएसएआई आदेश देखें
हेल्पलाइन पर संपर्क करें : 1800112100;
helpdesk-foscos@fssai.gov.in

अनुपालन पूरा करने के लिए अभी कार्य करें!

CBC 17163/12/0021/2425

fssaiindia   fssai   fssai_safefood
fssaiindia   fssai_india

# अनुदानित दर पर दिये जाने वाले ट्रैक्टर का उपयोग केवल कृषि कार्य में हो : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा अपने कार्यालय कक्ष कृषि भवन, मीठापुर, पटना में कृषि यांत्रिकीकरण योजना की समीक्षा की गयी। इस समीक्षा बैठक में कृषि सचिव संजय कुमार अग्रवाल, विशेष सचिव डॉ. विरेन्द्र प्रसाद यादव, कृषि निदेशक नितिन कुमार सिंह, कृषि यांत्रिकीकरण योजना के नोडल पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह सहित विभाग के वरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री ने निदेश दिया कि अब तक कृषि यंत्र बैंकों को उपलब्ध कराये गये ट्रैक्टर पर ''कृषि विभाग द्वारा प्रदत्त'' अंकित कराया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि विभाग से जुड़ी अनुदान योजनाओं में नए लाभार्थियों को वरीयता देने की भी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में खाद्यान्न फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने में कृषि के विभिन्न कार्यों यथा बुआई, जुताई, कटाई एवं घुनाई/दौनी के कार्यों में उपयोग होने वाले यंत्रों का महत्वपूर्ण योगदान है। कृषि विभाग द्वारा राज्य योजना एवं केन्द्र प्रायोजित योजना के माध्यम से 75 विभिन्न प्रकार के यंत्रों पर अनुदान की व्यवस्था है। सरकार द्वारा कृषि यंत्र बैंकों में किसानों को ट्रैक्टर के साथ बुआई, जुताई, कटाई एवं घुनाई/दौनी कार्यों से संबंधित एक-एक यंत्र लेना अनिवार्य है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि यांत्रिकीकरण योजना अंतर्गत पंजीकृत कृषि यंत्र निर्माता, विक्रेता की सूचीबद्धता की एक बार पुनः समीक्षा कर सरलता, सुगमता तथा पारदर्शिता के साथ निबंधन किया जाये। साथ ही अगर किसानों के द्वारा किसी नये उपयोगी यंत्र की मांग के आधार पर यांत्रिकीकरण योजना में शामिल किया जाये तथा अनुपयोगी यंत्र को सूची से बाहर करने की कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसान अपनी शिकायत, सुझाव और समस्याओं से विभाग को अवगत करा सकते हैं। कृषि क्षेत्र में राजस्व और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए विभाग तत्परता के साथ उन शिकायत और समस्या का निराकरण तथा उपयोगी सुझावों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा। श्री सिन्हा ने कहा कि किसानों को सूचना तंत्र के हर माध्यम से कृषि यांत्रिकीकरण की योजना में सरकार द्वारा सुलभ कराये जा रहे अनुदान तथा यंत्रों की उपयोगिता के बारे में प्रचार-प्रसार किया जाये।

# अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की महावाणिज्यदूत श्रीमती कैथी जाइल्स डियाज की उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा से मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** संयुक्त राज्य अमेरिका के वाणिज्य दूतावास की महावाणिज्यदूत श्रीमती कैथी जाइल्स डियाज ने उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा से औपचारिक भेंट की। इस यात्रा के दौरान अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के प्रतिनिधि ने बिहार के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से मुलाकात की और औद्योगिक विकास व निवेश संभावनाओं पर चर्चा की। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा से भेंट की और बिहार में औद्योगिक क्षेत्रों तथा अमेरिकी कंपनियों के लिए व्यावसायिक अवसरों पर विचार-विमर्श किया। महत्वपूर्ण बैठक का प्रमुख उद्देश्य अमेरिकी कंपनियों के लिए बिहार में व्यापारिक अवसरों की संभावनाओं पर विचार-विमर्श करना था। बातचीत में बिहार के वर्तमान औद्योगिक विकास, शिक्षा, बुनियादी ढांचे और सरकार की विभिन्न योजनाओं और नीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। महावाणिज्यदूत को बिहार में चल रही प्रमुख परियोजनाओं और विदेशी निवेश की स्थिति से अवगत कराया गया जिसमें कोला और पेप्सी जैसी कंपनियों के निवेश और अन्य प्रमुख उद्योगों की संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया। बिहार सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रमुख योजनाओं और उद्योग नीतियों की विस्तृत जानकारी भी इस चर्चा का मुख्य हिस्सा रही। महावाणिज्यदूत श्रीमती डियाज ने बिहार की समृद्ध होती अर्थव्यवस्था की सराहना की और राज्य में शैक्षिक सहयोग की संभावनाओं में रुचि दिखाई। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि बिहार की संभावनाएं अपार हैं और अब बिहार को लेकर धारणा तेजी से बदल रही है।

# इएसआइसी औषधालय सह शाखा कार्यालय गया व मुजफ्फरपुर द्वारा किया गया जागरूकता सत्र का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के कार्यालयों द्वारा इन दिनों आमजन तक योजना की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में इएसआइसी औषधालय सह शाखा कार्यालय गया व मुजफ्फरपुर द्वारा क्रमशः सीमा होंडा तथा मेसर्स प्रशांत में बीमित लाभार्थियों एवं कर्मचारियों को जानकारी दिया गया। जागरूकता सत्र में वहां कार्यरत कर्मचारियों को इएसआइसी द्वारा प्रदान की जा रही सामाजिक सुरक्षा योजना से अवगत कराते हुए चिकित्सा एवं नकद हितलाभ को लेकर जागरुक किया गया। बीमारी की स्थिति में कैशलेस इलाज प्राप्त कर पाने की माध्यमों व किसी दुर्घटना के कारण, बीमारी या मातृत्व अवकाश पर रहने की स्थिति में वेतन नुकसान के कारण इएसआइसी द्वारा दी जाने वाली नकद हितलाभ के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबन्धक एवं अन्य कर्मी शामिल रहे। कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के प्रावधान वैसे संस्थान जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हों उन पर लागू हो जाती है और इसके अंतर्गत उन कर्मचारियों को परिवार के आश्रित सदस्यों के साथ पूर्ण चिकित्सा सुविधा तथा नकद हितलाभ प्रदान करते हुए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है।

# वक्फ संसोधन बिल को लेकर विधानसभा में विपक्ष ने किया जमकर हंगामा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वक्फ संशोधन बिल को लेकर विपक्षी सदस्यों ने बुधवार को विधानसभा में जम कर हंगामा किया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने 'वक्फ संशोधन बिल वापस लो' का बैनर लेकर हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष ने कार्य स्थगन प्रस्ताव मंजूर करने की मांग की। प्रश्नकाल शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने बिल के खिलाफ एक सुर में अपना विरोध शुरू कर दिया। इस दौरान वेल में आकर प्रदर्शन कर रहे राजद और माले के सदस्यों द्वारा विधानसभा के कर्मचारियों से धक्का-मुक्की करने पर विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने गहरी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि गड़बड़ नहीं करिये नहीं तो आप सब पर कार्रवाई होगी। विधान सभा अध्यक्ष के बार-बार कहने पर भी विपक्षी सदस्य नहीं माने और हंगामा करते रहे। कुछ विपक्षी सदस्यों ने कुर्सियां उठा ली। कुछ ने टेबल पलटने की कोशिश की। इस पर विधानसभा अध्यक्ष नाराज हुए और उन्होंने चेतावनी दी। विधानसभा अध्यक्ष ने शून्य काल में मामले को उठाने को कहा, लेकिन विपक्ष इस पर भी नहीं माना। हंगामे को देखते हुए अध्यक्ष समझाने में जुट गए, पर विपक्ष उग्र बने रहे। स्थिति इतनी विकट हो गई कि सदन में मार्शलों को विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि जो भी वेल में आकर कर्मचारियों को चोट पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं, उनका नाम नोट करें उन पर कार्रवाई होगी। हालांकि उनके बार-बार अपील करने के बाद भी सदस्यों का हंगामा जारी रहा। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने गहरी आपत्ति जताई। दरअसल, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी जब सदन में बोल रहे थे तब कुछ सदस्यों ने कुर्सी उठा ली। तस्वीरों में मार्शल चारो ओर से विजय चौधरी के आसपास दिखे। वहीं कुर्सी उठाए सदस्यों से जबरन कुर्सी नीचे रखवाई गई। विधानसभा अध्यक्ष के बार-बार समझाने के बाद भी हंगामा कर रहे विधायकों पर कोई असर नहीं हुआ। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अब मात्र 2 दिन की सदन के कार्यवाही शेष है, लेकिन इस तरह से सदन को बाधित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लिखित में देने की मांग की। इस बीच, सदन में हंगामा और नारेबाजी को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। विपक्ष ने इस मुद्दे पर न केवल सदन के भीतर बल्कि सदन के बाहर भी प्रदर्शन किया। हाथों में पोस्टर लहराकर नीतीश सरकार और केंद्र की एनडीए सरकार को मुसलमानों का विरोधी बताते हुए हंगामा किया गया। इस दौरान कई किस्म के नारे भी लगाए गए।

# पत्नी और ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने की आत्म हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पत्नी और ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर एक युवक ने आत्महत्या कर लिया। मृतक के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है। इस संबंध में गोला रोड निवासी सेवानिवृत कर्मी जगदीश प्रसाद ने कंकड़बाग थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई हैं जिसमें उन्होंने बताया कि उनका बेटा राजीव कुमार उर्फ मिंटू एवं उसकी पत्नी ज्योति कुमारी उर्फ प्रीती की शादी 27.04.2016 को हुई थी। शादी के बाद करीब सात वर्षों तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन इसके बाद दोनों के बीच संबंध बिगड़ते चले गए। ज्योति राजीव को प्रताड़ित करने लगी। इस दौरान ज्योति गैर मर्दों से बातचीत करने लगी और अकेले रहने लगी। इससे राजीव परेशान रहने लगा। लाख समझाने-बुझाने के बावजूद ज्योति नहीं मानी। एक दिन ससुराल वालों ने राजीव को मारपीट तथा गाली-गलौज कर भगा दिया। इसके बाद राजीव ने कंकड़बाग थाना क्षेत्र अंतर्गत कथित आवास अशोक नगर, राम लखन पथ पर एक्सिस बैंक के पीछे मानसिक तनाव में आकर अपने गले में फांसी लगाकर 22 मार्च को आत्म हत्या कर लिया है। आत्महत्या स्थल से एक सुसाइड नोट लिखा पाया गया। इस मामले में उन्होंने ससुराल वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमें पत्नी ज्योति कुमारी उर्फ प्रीती, साला पंकज, ससुर राम प्रवेश केसरी एवं सास-लीला देवी को नामजद अभियुक्त बनाया है।

# देशवासियों को चाहिए 'राम' और 'रोटी' : नित्यानंद राय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को पटना में मीडिया से बातचीत में कहा कि देशवासियों को 'राम' भी चाहिए और 'रोटी' भी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों काम कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने बिहार के सीतामढ़ी में भव्य सीता मंदिर के निर्माण की भी बात दोहराई। नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण भी कराया और रोजगार देकर रोटी भी दी जिसके कारण देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। उन्होंने कहा कि भगवान राम के बिना मां सीता कहां और मां सीता के बिना भगवान राम कहां। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीता मईया के जन्मस्थान पर भव्य मंदिर निर्माण की घोषणा की है। पुनौरा धाम में भव्य मंदिर बनेगा और राम की अयोध्या में भव्य मंदिर और सीता मां के जन्मस्थान पर भव्य मंदिर हमारे सनातन संस्कृति को मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्वगुरु बनेगा। उल्लेखनीय है कि बिहार के सीतामढ़ी जिले के पुनौरा गांव में मां जानकी जन्मभूमि मंदिर है जिसे पुनौरा धाम के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि माता सीता का जन्म इसी स्थान पर हुआ था। इससे जुड़ी कथा है कि मिथिला में एक बार भीषण अकाल पड़ा और वहां के पुरोहित ने राजा जनक को खेत में हल चलाने की सलाह दी जब राजा जनक हल चला रहे थे, तब जमीन से मिट्टी का एक पात्र निकला जिसमें माता सीता शिशु अवस्था में थीं। ऐसे में पुनौरा धाम आस्था का केंद्र है। वर्तमान में रामायण परिपथ के अंतर्गत अयोध्या आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक निश्चित रूप से जानकी की जन्मभूमि के दर्शन के लिए पुनौरा धाम पहुंचते हैं। मां जानकी की जन्मस्थली सीतामढ़ी जिला के पुनौरा धाम मंदिर के आसपास बेहतर पर्यटकीय सुविधाओं के विकास एवं आधारभूत संरचना के निर्माण के लिए हाल ही में सरकार ने बड़ी राशि उपलब्ध कराई है।

# नगर परिषद मसौढ़ी में हुई सैरात बंदोवस्ती, पूर्वी एवं पश्चिमी बस स्टैंड की भी नीलामी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** नगर परिषद मसौढ़ी में बुधवार को सैरात बंदोबस्ती की गई। कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में सैरात बंदोवस्ती हुई। मौके पर मुख्य पार्षद पिंकी देवी, उपमुख पार्षद चंद्रकांता कुमार समेत बोर्ड के सभी मेंबर रहे। सैरात बंदोबस्ती में मसौढ़ी बरनी रोड पूर्वी बस स्टैंड की सैरात बंदोबस्ती की गई। पिछले साल 12 लाख 24 हजार 500 में नीलामी की गई थी जिसमें उपेंद्र कुमार मलिकाना के नाम पर नीलामी हुई है। इस टेंडर में कुल पांच लोग शामिल हुए थे। 3 राउंड नीलामी की बोली लगाई गई है। इसके अलावा मसौढ़ी नौबतपुर पूर्वी बस स्टैंड की न्यूनतम बोली 10 लाख 60 हजार 500 रुपए में हुई है जहां इसका बंदोबस्ती राजेश कुमार गंगाचक मलिकाना के नाम पर हुई है। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि सब्जी मंडी की नीलामी नहीं हो सकी है क्योंकि उसे टेंडर में कोई भी संवेदक हिस्सा नहीं लिए हैं, अगली तारीख में उसका एक बार फिर से नीलामी की जाएगी। सैरात बंदोवस्ती में वार्ड पार्षद शंभू सिंह, राकेश कुमार, शिव प्रकाश कुमार, रामाधार प्रसाद एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# बिहार दिवस के सफल आयोजन में शामिल पूर्वी चम्पारण के दो शिक्षकों को मिला प्रशस्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पताही/मोतिहारी/पटना।** गांधी मैदान, पटना में बिहार दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय भव्य समारोह का आयोजन हुआ। समारोह के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए जिले के दो शिक्षकों को शिक्षा विभाग द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नवसृजित प्राथमिक विद्यालय खुटौना यादव टोला के शिक्षक मृत्युंजय कुमार एवं नवसृजित प्राथमिक विद्यालय बेलाहीराम पूर्वी के प्रधान शिक्षक विनोद कुमार को यह प्रशस्ति पत्र राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद की संयुक्त निदेशक रश्मि प्रभा एवं आयोजन के नोडल शिव कुमार (फाउंडर, टीचर्स ऑफ बिहार) द्वारा प्रदान किया गया।
विदित हो कि 22 मार्च से गांधी मैदान, पटना में आयोजित बिहार दिवस समारोह में दोनों शिक्षक मॉडल स्कूल के साधनसेवी के रूप में प्रतिनियुक्त थे। दोनों के कार्य को निदेशक राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा भी सराहा गया है। समारोह समापन के उपरांत शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ.एस सिद्धार्थ एवं राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेशक सज्जन आर द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# बिहार प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् की समीक्षा बैठक में मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पर्षद् द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए प्रदूषण नियंत्रण को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

**पर्षद् की 50वीं वर्षगांठ:** डॉ. डी.के. शुक्ला, अध्यक्ष, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् ने बताया कि पर्षद् का गठन नवंबर 1974 में हुआ था और यह अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूरे करने जा रहा है।

**नदियों की गुणवत्ता पर नजर:** पर्षद् द्वारा गंगा और उसकी सहायक नदियों के जल के नमूने लेकर उनकी गुणवत्ता की नियमित जांच की जाती है।

**वायु गुणवत्ता की निगरानी:** राज्य के 23 जिलों में 35 अनवरत परिवेशीय वायु गुणवत्ता प्रबोधन केंद्र संचालित हैं, जो वायु की गुणवत्ता पर नजर रखते हैं। डॉ. सुनील कुमार ने पर्षद् के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए और अधिक मजबूती से कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने पर्षद् के अधिकारियों से पर्यावरण संरक्षण के लिए नए और प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। पर्षद् के सदस्य सचिव नीरज नारायण ने मंत्री को आश्वासन दिया कि प्रदूषण नियंत्रण के सभी प्रावधानों को पूरी दृढ़ता के साथ लागू किया जाएगा।

# श्री अरविंद महिला कॉलेज में चलाया गया स्वच्छता अभियान

## सब ने लिया संकल्प, स्वच्छता के लिए करेंगे श्रमदान, स्वच्छता सर्वेक्षण में जरूर लेंगे भाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** श्री अरविंद महिला कॉलेज, काज़ीपुर, पटना में एनएसएस इकाई 1 एवं 2 द्वारा पटना नगर निगम के सहयोग से स्वच्छता जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में सामूहिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना था।
कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या साधना ठाकुर, लोक गायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत, प्रो. सपना बरुआ, लोकगायक राजेश केशरी , श्वेता भास्कर, प्रिया ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। तत्पश्चात कॉलेज की प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा शैक्षणिक संस्थान केवल ज्ञान का केंद्र नहीं होते, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के वाहक भी होते हैं। स्वच्छता की आदतें बचपन से ही विकसित की जानी चाहिए, ताकि यह हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन जाए। उन्होंने छात्राओं से स्वच्छ भारत अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी (इकाई 1) डॉ. गीता कुमारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वच्छता के महत्व और प्रत्येक नागरिक की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक सामाजिक कर्तव्य भी है। इसके बाद पटना नगर निगम की जनसंपर्क अधिकारी श्वेता भास्कर ने स्वच्छता के महत्व और सामुदायिक जिम्मेदारी पर अपना विचार प्रस्तुत किया। उन्होंने नगर निगम द्वारा संचालित स्वच्छता सर्वेक्षण के उद्देश्यों को साझा किया और छात्राओं को इस मुहिम में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की विशेष अतिथि एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, प्रसिद्ध गायिका डॉ. नीतू कुमारी ''नवगीत'' ने प्रेरणादायक संबोधन दिया। उन्होंने स्वच्छता और समाज के स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव को रेखांकित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल शारीरिक स्वच्छता नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्वच्छता का भी प्रतीक है। इसके बाद उन्होंने और उनकी टीम ने स्वच्छता पर आधारित प्रेरणादायक गीतों की प्रस्तुति दी जिसे सभी ने खूब सराहा। उनकी संगीतमयी प्रस्तुति ने पूरे माहौल को ऊर्जा और जागरूकता से भर दिया। घर-घर अलख जगायेंगे, स्वच्छ पटना बनेगा, सबसे बड़ा है गहना साफ रहना जैसे गीतों को बच्चियों ने सुर से सुर मिलाकर गाया। पूरा परिसर स्वच्छता के भावमय संगीत से झूम उठा। राजेश केशरी ने हारमोनियम पर, ढोलक पर अमरनाथ कुमार और खंजरी पर चंदन उगना ने संगत किया। कार्यक्रम के अगले चरण में स्वच्छता अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। छात्राओं ने भी अपने विचार साझा किए और अपने समुदाय में स्वच्छता बनाए रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसके पश्चात, जनसंपर्क अधिकारी, नगर निगम, पटना- प्रिया सौरभ ने स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत प्रयासों से संपूर्ण समाज में स्वच्छता की आदतें विकसित की जा सकती हैं। इस अवसर पर नगर निगम की टीम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण भी संपन्न कराया गया।

# पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति ने की उप मुख्यमंत्री से मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव ने बुधवार को उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने कुलपति से विश्वविद्यालय के प्रगति को लेकर जानकारी हासिल की। साथ ही नए कोर्स के संचालन, विश्वविद्यालय के विकास को लेकर भी विस्तार से चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने कुलपति को विश्वविद्यालय के विकास में भरपूर सहायता करने का आश्वासन दिया।

# एल्सटॉम ने भारतीय रेलवेज को 500वां इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव सौंपा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्मार्ट एवं सस्टेनेबल मोबिलिटी में ग्लोबल लीडर, एल्सटॉम ने भारतीय रेलवे को 500 इलेक्ट्रिक इंजन सफलतापूर्वक सौंप दिए हैं। यह उपलब्धि भारत में रेलवेज के बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने और देश के महत्वाकांक्षी माल परिवहन लक्ष्य में अपना योगदान देने की एल्सटॉम की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। बिहार में माधेपुरा में एल्सटॉम के विश्व स्तरीय विनिर्माण संयंत्र से 500वां पूर्णतया भारत निर्मित प्राइमा टी8 डब्ल्यूएजी12बी ई-लोकोमोटिव हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर भारतीय रेलवे के मुख्य गणमान्य लोग मनीष कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी और एल्सटॉम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। 3.5 बिलियन यूरो के इस अनुबंध के अंतर्गत एल्सटॉम द्वारा माल ढुलाई सेवा के लिए 12,000 एचपी (9 मेगावाट) के 800 उच्च शक्ति वाले डबल-सेक्शन प्राइमा टी8 इंजनों की आपूर्ति की जानी है। भारतीय रेलवे द्वारा डब्ल्यूएजी-12बी नाम के या इंजन 120 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति से 6,000 टन रेक खींचने में सक्षम हैं। इस उपलब्धि के बारे में एल्सटॉम इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, ओलिवियर लॉयसन ने कहा हमारे डब्ल्यूएजी12बी इलेक्ट्रिक इंजनों की टेक्नोलॉजी अत्याधुनिक है। ये पूरी तरह से भारत में बनाए गए हैं और देश में माल ढुलाई की ज्यादा गति, एफिशिएंसी और विश्वसनीयता प्रदान करते हैं। हमारे 500वें ई-लोको की डिलीवरी से भारत में माल ढुलाई के लिए रेलवेज का बुनियादी ढांचा आधुनिक बनाने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। इससे आर्थिक विकास में तेजी आएगी।

# महादेवी वर्मा साहित्यिक जगत की एक अमूल्य धरोहर : राजीव रंजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस द्वारा आयोजित छायावाद की एक स्तंभ स्व महादेवी वर्मा की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के ग्लोबल अध्यक्ष एवं जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने उन्हें साहित्यिक जगत की एक अमूल्य धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि 80 साल के जीवनकाल में उन्होंने महान कवियित्री, प्राचार्य, उप-कुलाधिपति तथा स्वतंत्रता सेनानी जैसे अनेक प्रकार के रुप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हिन्दी की सर्वाधिक प्रतिभावान कवयित्रियों में से हैं। उन्हें आधुनिक मीरा भी कहा गया है। श्री प्रसाद ने कहा कि वे छायावादी युग की प्रमुख कवियों में से एक थीं। उनकी प्रसिद्ध काव्य रचनाएं हैं: नीहार, रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत, दीपशिखा और यामा. यामा के लिए उन्हें 1982 में भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कविता के अलावा, उन्होंने रेखाचित्र और संस्मरण जैसे गद्य साहित्य में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी गद्य रचनाएं हैं- पथ के साथी, अतीत के चलचित्र तथा स्मृति की रेखाएं।

# मसौढ़ी एवं धनरूआ थाना में ईद, रामनवमी, चैती छठ को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मसौढ़ी एवं धनरूआ थाना में शांति समिति की बैठक आहूत की गई जहां मसौढ़ी थाना में थानाध्यक्ष अनिल कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई जबकि धनरूआ में शुभेंदु कुमार की अध्यक्षता में बैठक की गई। सभी थानेदारों ने शांति समिति की बैठक में सभी से अपील किया है कि ईद रामनवमी और चैती छठ पर्व आपसी प्रेम एकता के साथ मिलकर निभाएं। इसके साथ ही उन्होंने रामनवमी के निकलने वाले जुलूस पर हुड़दंग करने वाले पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इसके अलावा रामनवमी के जुलूस निकालने को लेकर आयोजकों ने रूट बदलने की मांग पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। थानाध्यक्ष ने वरीय पदाधिकारी से इस पर मार्गदर्शन लेने की बात कही है। वही धनरूआ थाना में हुए शांति समिति की बैठक में ईद का नमाज, रामनवमी के जुलूस और चैती छठ पर होने वाले घाटों पर अर्घ्य को लेकर विचार-विमर्श करते हुए कई बिंदु पर चर्चा की है। मसौढ़ी थाना में आयोजित कार्यक्रम में विश्वरंजन, वार्ड पार्षद सबुजा चौधरी, वार्ड पार्षद उज्ज्वल कुमार, डॉ राम जयपाल, नवल भारती, रमाकांत रंजन किशोर, आशा किरण, पालटन सिंह, आशीष देव, सुनील गावस्कर के साथ धनरूआ में राजकिशोर प्रसाद, प्रखंड प्रमुख बबीता देवी, उमेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जल संसाधन की भूमि के अतिक्रमणकारियों पर होगी प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जल संसाधन विभाग के रोहतास, भोजपुर, बक्सर व कैमूर जिले के भूमि पर अवैध कब्जा जमाए अतिक्रमणकारियों पर प्राथमिकी की जाएगी। प्रशासनिक लापरवाही और अदूरदर्शिता के कारण चारों जिलों के विभागीय भूमि पर मनमाने ढंग से लोगों ने कब्जा जमा रखा है। जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता ब्रजेश मोहन के अनुसार मुख्यालय के आदेशानुसार चारों जिलों में तैनात कार्यपालक अभियंता को विभागीय भूमि पर अतिक्रमणकारियों की सूची तैयार कर संबोधित थानों में प्राथमिकी करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि विभागीय



भूमि पर अतिक्रमण से कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जल निस्सरण व बाढ़ प्रबंधन में भी कठिनाइया हो रही है। उन्होंने कहा कि बिहार सिंचाई अधिनियम 1997 की धारा-14 व 15 व बिहार सिंचाई बाढ़ प्रबंधन एवं जल निस्सरण नियमावली 2003 के नियम 4.11 में किए गए प्रावधान के तहत जल संसाधन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमणकारियों पर प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा। विभाग ने सभी कार्यपालक को प्राथमिकी के लिए सक्षम प्राधिकार नामित किया है। उन्होंने कहा कि रोहतास व भोजपुर जिले से गुजरने वाले सोन, नहर, शाखा नहर व वितरणी के दोनों तटबंधों, विभागीय कॉलोनियों पर भी भारी संख्या में भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमणकारियों की सूची बनाने का कार्य तेज गति से चल रहा है। जल्द कार्रवाई प्रारंभ होगी।

# दो चोर बाइक के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन के केवड़ा ओपी अंतर्गत दुकान में चोरी करने के आरोप में दो व्यक्ति अमरजीत कुमार 24 वर्ष पिता सतेंद्र महतो, अमित कुमार 22 वर्ष पिता विजय महतो दोनों ग्राम रसूलपुर थाना पुनपुन जिला पटना को गिरफ्तार किया गया है। घटना में शामिल एक मोटरसाइकिल को जब्त किया गया है। दोनों अभियुक्तों से पूछताछ के क्रम में स्वीकार किया कि ये लोग का तीन चार लोगों का ग्रुप है जो क्षेत्र में जहां तहां चोरी करते थे और बंद पड़े दुकान में चोरी करते थे।

# डीडीयू मंडल में चला सघन टिकट चेकिंग अभियान, 1732 व्यक्ति धराए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मुख्यालय के निर्देशानुसार डीडीयू मंडल द्वारा पूर्व निर्धारित टिकट चेकिंग मेगा ड्राइव के आलोक में डीडीयू, गया, सासाराम, डिहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, भभुआ एवं जपला आदि स्टेशन पर फोर्ट्रेस चेक प्रातः 06.00 से 22.00 बजे तक करने का निर्णय लिया गया था जिसमें मंडल के समस्त स्क्वाड-स्टैटिक एवं स्लीपर के टिकट जांच कर्मी, वाणिज्य निरीक्षक/पर्यवेक्षक सहित सभी वाणिज्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यतः बक्सर - डीडीयू खंड, वाराणसी- डीडीयू, सासाराम - डीडीयू, आरा-



सासाराम खंड, गढ़वा रोड- डिहरी ऑन सोन एवं पटना- गया खंड से आने एवं जाने वाली सभी ट्रेनों को लक्ष्य कर गहन टिकट चेकिंग किया गया जिसमें प्रीमियम एवं मेल/एक्सप्रेस के साथ-साथ पैसेंजर ट्रेन को भी चेक किया गया तथा बिना टिकट/ अनुचित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़े गये व्यक्तियों से नियमानुसार जुर्माने की राशि वसूल की गयी। सभी स्टेशनों पर जांच कर बिना टिकट/अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों को नियमित टिकट लेकर चलने हेतु प्रेरित किया गया। शाम 6 बजे अंतिम सूचना तक डीडीयू मंडल द्वारा 1732 बिना टिकट व अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया है जिनसे जुर्माने के रूप में लगभग 9 लाख रुपये की राशि वसूली गयी है। मेगा टिकट चेकिंग अभियान जारी है। इस तरह के टिकट चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेंगे। सभी से अनुरोध है कि सदैव उचित टिकट लेकर संबंधित श्रेणी के कोच में ही यात्रा करें एवं अन्य यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखें।

# साइबर सुरक्षा पर चला जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू।** साइबर क्राइम एडवाइजर एवं धर्मार्थ समर्पण न्यास के बिहार प्रदेश अध्यक्ष रितेश कुमार ने बिहार को साइबर अपराध मुक्त बनाने के अपने संकल्प की घोषणा की है। इस मिशन की शुरुआत रोहतास जिले के तिलौथू से की जाएगी जहां वे आगामी शनिवार को व्यापारियों के साथ विशेष बैठक करेंगे।

**साइबर सुरक्षा पर जागरूकता अभियान**

बैठक में ऑनलाइन पेमेंट फ्रॉड, साइबर धोखाधड़ी, डिजिटल ठगी, रैंसमवेयर अटैक जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा होगी। रितेश कुमार समाजसेवियों, पत्रकारों और आम जनता के सहयोग से रोहतास को साइबर सुरक्षा की दृष्टि से सशक्त जिला बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

**साइबर अपराध से बचने के लिए अहम सुझाव**

रितेश कुमार ने साइबर सुरक्षा को लेकर जनता को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अपने बैंकिंग और व्यक्तिगत जानकारी किसी से साझा न करें और किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर शिकायत करें।

**जनता की जागरूकता सबसे बड़ा हथियार**

उन्होंने अपील की कि साइबर क्राइम के खिलाफ लड़ाई में जनता की जागरूकता सबसे प्रभावी हथियार है। इस पहल के माध्यम से बिहार को साइबर अपराध मुक्त बनाना ही उनका मुख्य लक्ष्य है।

# वक्फ बिल के खिलाफ मुस्लिम संगठनों के समर्थन में उतरे लालू और तेजस्वी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम संगठनों ने बुधवार को पटना के गर्दनीबाग में प्रदर्शन किया और धरना दिया। धरना स्थल पर राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव भी पहुंचे। लालू यादव ने मौके पर कहा कि यह गलत हो रहा है। हम इसके विरोध में हैं। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार उनके साथ हैं, जो इस बिल का समर्थन कर रहे हैं। जनता सब समझ रही है। तेजस्वी यादव ने कहा कि किसी भी कीमत पर नागपुरिया कानून लागू नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि आप लोगों की लड़ाई में मजबूती से हम साथ हम खड़े हैं। आप लोग एक कदम चलिएगा तो हम चार कदम चलेंगे। इस कानून को रोकने का काम करेंगे। कुछ लोग साजिश कर रहे हैं। देश को तोड़ने का काम किया जा रहा है। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारे नेता लालू प्रसाद यादव बीमार अवस्था में भी आपका समर्थन करने आए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार तानाशाही तौर पर चल रही है। देश को तोड़ने का काम और लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। संविधान को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। हम लोग संविधान को मानने वाले लोग हैं। गंगा- जमुनी तहजीब को मानने वाले लोग हैं। किसी भी कीमत पर हम लोगों का प्रयास है कि यह बिल पास नहीं हो। उन्होंने कहा कि चाहे सत्ता रहे या न रहे, हमने विधानसभा और विधान परिषद में इस गैर संवैधानिक, अलोकतांत्रिक बिल का विरोध किया है।

# इंद्रपुरी थाने में शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रामनवमी पर्व को लेकर बुधवार को इंद्रपुरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने की। क्षेत्र से आए हुए पूजा समिति के सदस्यों, मोहर्रम कमेटी के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों को बताते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि रामनवमी पूजा के दौरान शोभा यात्रा निकालने वाले लोगों को लाइसेंस लेना अनिवार्य है तथा सरकार के गाइडलाइन के अनुसार डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध है इसके अलावा कोई धारदार हथियार का प्रदर्शन जुलूस में नहीं करेगा। असमाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की पैनी



नजर रहेगी। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि सड़क सुरक्षा के तहत बाइक चलाने वाले के साथ-साथ बाइक पर सवार बैठने वाले लोगों को भी हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अलावा 18 वर्ष से कम उम्र के लड़के मोटरसाइकिल चलाते हुए पकड़े जाएंगे तो उनके गार्जियन के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मौके पर ग्राम कचहरी पंच व भाजपा जिला कोषाध्यक्ष आनंद कुमार पांडे, सरपंच संजय सिंह, उप मुखिया लोकनाथ यादव, अमित सिंह, सब इंस्पेक्टर करण कुमार, चौकीदार श्रीनिवास राम समेत अन्य लोग उपस्थित हुए।

# भीम सिंह भवेश के पद्म श्री सम्मान से बढ़ा है बिहार का गौरव : अशोक सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बिहार संग्रहालय पटना द्वारा पद्म श्री डॉ भीम सिंह भवेश को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संग्रहालय के ओरिएंटल हॉल में आयोजित राज्य के मूर्धन्य कलाकार मिलन दास की एकल प्रदर्शनी का उद्घाटन डॉ भवेश, अशोक कुमार सिन्हा, अपर निदेशक, बिहार संग्रहालय, डॉ प्रगति सिन्हा एवं मिलन दास ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर कला लेखक सुमन कुमार सिंह ने सामाजिक कार्यों में अपने विशेष योगदान के लिए पद्मश्री डॉ भीम सिंह भवेश के कार्यों की सराहना की। बिहार संग्रहालय की ओर से अशोक कुमार सिन्हा ने अंग-वस्त्र एवं एक लाख की नगद राशि प्रदान की गई। श्री सिन्हा ने कहा कि भीम सिंह भवेश विगत दो दशक से मुसहर समाज के लोगों के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। इन्होंने अब तक मुसहर जाति के लगभग आठ हजार बच्चों का दाखिला स्कूल में कराया है। महादलित टोलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ डॉ भवेश पुस्तकालय का निर्माण एवं गांव पढ़े-गांव बढ़े अभियान के तहत शिक्षा के प्रचार-प्रसार में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। इनके समाज सेवा से प्रभावित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात के 110वें एपिसोड में इनकी काफी चर्चा की। साथ ही भारत सरकार द्वारा 25 जनवरी 2025 को पद्म श्री सम्मान की घोषणा की गई। इनके कारण बिहार का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि बिहार संग्रहालय पटना, राज्य में कला सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देने वाले विभूतियों को सम्मानित करने का कार्य करती रही है। डॉ भवेश ने संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह एवं अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह संग्रहालय सभ्यता और संस्कृति को संरक्षित कराने का एक बड़ा प्रयास कर रहा है। धन्यवाद ज्ञापन उप निदेशक मौमिता घोष ने किया।

# पेरेंट्स टीचर मीटिंग के अवसर पर धेनुका पब्लिक स्कूल को मिला एक नया रूप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बुधवार को पूर्व निर्धारित तिथि को शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन धेनुका पब्लिक स्कूल में किया गया जिसमें सभी अभिभावक अपने बच्चों के साथ विद्यालय में एकत्रित होकर अपने-अपने बच्चों का परीक्षा परिणाम एवं रिपोर्ट कार्ड




प्राप्त किया। विद्यालय के प्रत्येक वर्ग के प्रथम 10 चयनित रैंक होल्डर्स का फोटो लगवाया गया जिसमें बच्चों का उत्साह बढ़ा और अन्य बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना जगी। अभिभावकों द्वारा इस आयोजन को सराहा गया। इस आयोजन को 'धेनुका एक विश्वास' के रूप में अंकित किया गया। आयोजन के भव्यता को देखकर अभिभावक काफी प्रभावित हुए। अभिभावक संजय गुप्ता ने कहा इस तरह के पेरेंट्स मीटिंग का आयोजन स्कूल में पहली बार देखा गया बहुत ही अच्छा लगा। छात्र-छात्राओं में भी एक अलग उत्साह देखा गया। विद्यालय में सभी छात्र-छात्राओं ने अच्छा रैंक प्राप्त किया इसके लिए विद्यालय प्रबंध समिति को बहुत-बहुत धन्यवाद आने वाले सभी अभिभावक भी अच्छा महसूस कर रहे हैं इससे अभिभावकों को विद्यालय के प्रति और भी विश्वास की भावना बढ़ी। कार्यक्रम में विद्यालय के धेनुका मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्षा निर्मला देवी, सचिव विनोद कुमार सिंह, संचालिका इशा राणा का सकारात्मक सहयोग रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शिवकुमार सिंह मीडिया से वार्ता कर विद्यालय की उपलब्धि के बारे में और बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हमारे विद्यालय के छात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता हासिल कर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। इस आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# भाजपा के पूर्व विधायक चितरंजन शर्मा का निधन, कई हस्तियों ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के नीमा गांव के रहने वाले भाजपा कोटे से अरवल विधानसभा से विधायक चितरंजन शर्मा की बुधवार की दोपहर तकरीबन 11:00 बजे उनका निधन हो गया है। दरअसल बताया जाता है कि पिछले कई दिनों से हैदराबाद एक निजी अस्पताल में ब्लड शुगर बीमारी से जूझ रहे थे, ऐसे में बुधवार को अंतिम सांस ली है। घटना के बाद एक तरफ जहां परिजनों में शोक की लहर है, वही शुभचिंतकों में मर्माहत है, एक विशेष विमान से उनका पार्थिव शरीर पटना लाया जा रहा है। बहरहाल चितरंजन शर्मा उस समय चर्चित हुए थे जब 90 के दशक में पांडव गिरोह का सरगना पांच लोगों का यह गिरोह न केवल बिहार बल्कि झारखंड में भी इसके नाम की चर्चाएं थी हत्या लूट जैसे कई घटनाओं को अंजाम दिया था जिसमें कई लोगों मौत हो गई है, उसी में से एक चितरंजन शर्मा ने बात के दिनों में वर्ष 2010 में राजनीतिक गलियारो में कदम रखते हुए भाजपा कोटे से अरवल विधानसभा से चुनाव लड़ा था जहां भारी मतों से चुनाव जीते थे, इसके बाद भाजपा ने इसे राष्ट्रीय परिषद का सदस्य बनाया था, हाल फिलहाल में चितरंजन शर्मा के पांच भाइयों में से तीन की हत्या हो गई थी अब दो बचे थे जिसमें उनकी भी निधन बीमारी से हो गई है।


## पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/(साधारण), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.1, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1201-2024-25, कार्य का विवरण:** मेट्रो ब्लॉक बी.आर.सिंह अस्पताल के दूसरे तल पर सिस्टर्स वर्क स्टेशन सहित केबिनों एवं कॉरिडोर का विकास, **निविदा मूल्य:** रु. 43,88,245.40, **बयाना राशि:** रु. 87,800/-, **समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं.2, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1203-2024-25, कार्य का विवरण:** सियालदह मंडल-ट्रैक मशीन साइडिंग-12 अदद का प्रावधान, **निविदा मूल्य:**रु. 1,40,90,955/-, **बयाना राशि:** रु. 2,20,500/-, **समापन अवधि:** 18 माह। **क्रम सं.3, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1205-2024-25, कार्य का विवरण:** बी. सी. रॉय इंस्टीट्यूट, सियालदह में तीन (03) वर्ष के लिए कुल क्षमता 126 एचपी (प्रस्तुतकारकः ब्लू स्टार) के वीआरएफ टाइप एयर-कंडीशनिंग प्लांट का व्यापक वार्षिक रखरखाव ठेका, **निविदा मूल्य:** रु. 19,64,556.72, **बयाना राशि:** रु. 39,300/-, **समापन अवधि:** 36 माह। **क्रम सं.4, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1206-2024-25, कार्य का विवरण:** बी. आर. सिंह अस्पताल ओपीडी ब्लॉक के 5वें तल में मेल मेडिकल यूनिट में तीन (03) वर्ष के लिए कुल क्षमता 20 एचपी X5 अदद (प्रस्तुतकारकः ब्लू स्टार) के वीआरएफ टाइप एयर-कंडीशनिंग प्लांट का व्यापक वार्षिक रखरखाव ठेका, **निविदा मूल्य:** रु. 15,59,172/-, **बयाना राशि:** रु. 31,200/-, **समापन अवधि:** 36 माह। **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00 (क्रम सं. 1 से 4 प्रत्येक हेतु)। **निविदा प्रकाशन की तिथि:** दिनांक 20.03.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 14.04.2025 को 14.00 बजे। **निविदा बोली के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 14.04.2025 को 14.00 बजे। **निविदा बोली की प्रारंभिक तिथि:** दिनांक 31.03.2025, निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

SDAH-390/2024-25

**निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है**

**हमें यहाँ देखें:** @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# 35 वर्ष बाद वृद्ध घर लौटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ी गोला।** रोहतास जिले के आदर्श ग्राम दरिहट निवासी स्वर्गीय रामदास सेठ के 65 वर्षीय पुत्र विजय सोनी मंगलवार की सुबह में श्रद्धा अस्पताल मुंबई महाराष्ट्र के निर्देश पर अस्पताल कर्मी के सहयोग से सकुशल इनके घर पहुंचाया गया। विजय सोनी लगभग 35 वर्ष पूर्व मानसिक तनाव के चलते अपनी पत्नी पार्वती देवी नौनिहाल पुत्र विनय सोनी, संजय सोनी व पुत्री खुशबू कुमारी को छोड़कर बिना किसी से कुछ कहे घर से निकल पड़े। चिंतित परिजनों ने काफी दिनों तक खोजबीन करने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन परिवार वालों को कोई सुराग एवं सफलता नहीं मिली। थक-हारकर परिवार वालों ने सब कुछ भगवान भरोसे छोड़कर अपने कार्य में लग गए। पार्वती देवी ने बताया कि बिना पति के पत्नी का जीवन कितना कष्ट दायक और संघर्षमय होता है। इसे मैं भली भांति जान गई हूं। अपने परिवार, रिश्तेदार द्वारा मिली आर्थिक मदद एवं काफी मेहनत और मजदूरी करके अपने बल पर बच्चों का लालन-पालन करते



हुए दोनों पुत्र एवं पुत्री का शादी विवाह पति की अनुपस्थिति में किए हैं। 35 वर्षों का सफर कैसा रहा यह बताने में विजय सोनी असमर्थ हैं। श्रध्दा अस्पताल के कर्मी ने बताया कि विजय सोनी 2019 में ब्रेन अस्पताल विशाखापट्टनम को मिले उस समय इनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। लंबे समय तक उनकी इलाज वहां चली 2024 में वहां से श्रद्धा अस्पताल मुंबई में भेजा गया। इलाज के क्रम में जैसे-जैसे इनका यादाश्त आता गया वे अपना नाम और पता बताते गए अभी एक माह पहले ही इनके दाहिने आंख का ऑपरेशन हुआ है। मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण इनकी दवा आजीवन चलती रहेगी। दवा खत्म होने से बीस दिन पूर्व अस्पताल में फोन कर सूचना देना होगा वहां से दवा पैक होकर कुरियर के माध्यम से निःशुल्क आपके घर तक पहुंच जाएगा। आने की सूचना मिलते ही उनसे मिलने के लिए परिवार वाले, रिश्तेदार एवं ग्रामीणों का तांता लग गया। घर तक पहुंचाने वाले श्रध्दा अस्पताल एवं उनके कर्मी को शिवकुमार सोनी, राजेश सोनी, बृजबिहारी सोनी, शंभू सोनी सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने सराहना करते हुए धन्यवाद दिया।

# झारखंड मैथिली मंच, रांची द्वारा विद्यापति स्मृति पर्व पर रजत जयंती समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मैथिली मंच, रांची द्वारा आगामी विद्यापति स्मृति पर्व रजत जयंती समारोह का आयोजन हरमू मैदान रांची में किया जाएगा। वह अगले तीन दिनों तक रांची शहरी क्षेत्र का दौरा करेंगे। इस अवसर पर संरक्षक अरुण कुमार झा, अध्यक्ष विनय कुमार झा, महासचिव जयंत कुमार झा, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्रा, नंद किशोर महतो, राज कुमार मिश्रा, इंद्र जीत यादव, बाबू लाल झा, प्रेम चंद्र झा, सुकुमार नाथ झा, नरेश झा, ब्रज किशोर झा, मोहन झा पड़ोसी, कौशल किशोर झा, संतोष कुमार झा,



रणधीर झा, ब्रज कुमार झा सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस जानकारी के साथ सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वे तीनों दिन अपने परिवार और मित्रों के साथ समय पर समारोह में उपस्थित होकर समारोह की शोभा बढ़ाएं और इसे सफल बनाएं।

# महाकुम्भ के दौरान उत्कृष्ट कार्यों के लिये बल सदस्यों को सम्मानित कर आरपीएफ ने मनाया सम्मान समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि वर्ष के शुरुआती करीब 45 दिनों तक चले महाकुम्भ के दौरान पूरे भारत में रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी एवं जवानों के सराहनीय कार्यों ने सभी का दिल जीता था। महाकुम्भ के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले डिहरी के अधिकारी एवं जवानों में से कुछ एक का स्थानांतरण-(सहायक उप निरीक्षक स्वर्णनेंद्र कुमार पांडे का भभुआ रोड स्टेशन, आरक्षी अनिकेत एवं आरक्षी धर्मेंद्र कुमार का गया, आरक्षी बरूण कुमार सिंह का नवीनगर एवं आरक्षी शिव प्यारे सिंह का बिक्रमगंज होने पर



उन्हें उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित करते हुए रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर सम्मान समारोह मनाया गया।


## पूर्व मध्य रेल

### ई-निविदा सूचना

ई-निविदा नोटिस सं.- डी.डी.यू / ईएल/जी./ ई. - निविदा / 24-25/ 24, दिनांक 24.03.2025

मंडल रेल प्रबन्धक / विद्युत / जी./ डी. डी. यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोकनिर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन ( ई-निविदा ) आमंत्रित की जाती हैं।

क्र.सं. 01 कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम : डी. डी. यू. /ईएल/जी/टी एल/2024-25/01आर विषय- डीडीयू डिवीजन में सएसई/ई/टीएल/गया के तहत 03 वर्षों के लिए सभी पावर कारों के 500 केवीए डीजी सेटों के एस्कॉर्टिंग, डीए सेट का संचालन, "ए" चेक और विद्युत उपकरण के रखरखाव का कार्य करने के संबध में । कार्य करने की कुल लागत : ₹3,59,60,484.86 निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय : 17.04.2025 15:00 बजे

ई-निविदा वेब साइट का विवरण : www.ireps.gov.in

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ग.श.)/
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/02337/डीडीयू/ईजीईएन/टी/24-25/32



## पूर्व मध्य रेल

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है। क्र.सं. 1.ई निविदा सं.: पूमरे- मुप्रअ-नि-द-ईटीईएन-डीओएस-02 कार्य का नाम : उप मु.अभि./नि. /डी.ओ.एस. के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत डीडीयू से इलाहाबाद के बीच तीसरी लाइन (किमी 673.500 से किमी 677.280) से सम्बन्धित शेष कार्य - पत्थर की गिट्टी की आपूर्ति, स्टैकिंग और फैलाव, स्थायी मार्ग को जोड़ना, पी. वे सामग्री जैसे रेल, स्लीपर, फिटिंग, तटबंध में मिट्टी का काम, संघनन, ब्लैंकेटिंग, टर्फिंग, आरयूबी का निर्माण, छोटे पुलों, प्रमुख पुलों का निर्माण और अन्य संबद्ध कार्यों के लिए अंकलित मूल्य (रू.) : ₹13,77,51,328.60, बोली प्रतिभूति (रू.) : ₹8,38,800/- कार्य पूर्ण करने की अवधि : 04 महीने निविदा बंद होने की तिथि एवं समय 14.04.2025, 15.30 बजे ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक /कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइटः http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। द्रष्टव्यः निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्दिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेवसाइट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

उप-मुख्य अभियंता (निर्माण)/
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/02339/सीडीडीयू/अभि./टी/24-25/48



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर

### आम सूचना-I

### नियंत्रण कक्ष की स्थापना संबंधी सूचना

पलामू जिला अन्तर्गत साधारण मरम्मति हेतु बन्द नलकूपों को चालू कर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रखण्डवार नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। आम नागरिकों से अनुरोध है कि अपने-अपने प्रखण्ड से संबंधित शिकायत प्रखण्ड के विरूद्ध नामित सहायक अभियंता/प्राक्कलन पदाधिकारी/कनीय अभियंता के मोबाईल नम्बर पर शिकायत दर्ज कराना चाहेंगे।

(क) प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष : E-mail ID – eedwsd.medininagar@gmail.com

| क्र0 सं0 | नियंत्रण कक्ष स्थल | नियंत्रण कक्ष का दूरभाष/मोबाईल नं0 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय, E.E - Mob. & Whatsapp No. 7543089612 | मो0 सलीम अंसारी, निम्न वर्गीय लिपिक – 9939186845<br>फैसल आलम, निम्न वर्गीय लिपिक – 7488425718<br>श्री मनोज कुमार सिंह, निम्न वर्गीय लिपिक – 9153725151 |
| 2 | राज्य स्तरीय Call Centre | 1800-3456-502 (Toll Free no.) & Mob No. 9470176901<br>E-mail ID – callcentredwsd.jharkhand@gmail.com |

(ख) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष

| क्र0सं0 | नोडल पदाधिकारी का नाम | प्रखंड का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री राजेश कुमार सिंह,** सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, जपला/पाँकी/मेदिनीनगर। | मेदिनीनगर, सतबरवा, चैनपुर, रामगढ़, पाटन, पड़वा, विश्रामपुर, नावा बाजार, पाण्डु, उंटारी रोड़, लेस्लीगंज, मनातू, तरहसी, पाँकी, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हरिहरगंज, पीपरा, छतरपुर, नौडीहा बाजार | 8987526732 |
| 2. | **श्री निरंकार प्रसाद,** कनीय अभियंता | हरिहरगंज, पीपरा | 7033635734 |
| 3. | **श्री महेन्द्र राम,** कनीय अभियंता | हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज | 9122448551 |
| 4. | **श्री सतीश कुमार,** कनीय अभियंता | चैनपुर, रामगढ, पाटन, पड़वा | 7909050800 |
| 5. | **श्री सुमन कुमार,** कनीय अभियंता | लेस्लीगंज, मेदिनीनगर, सतबरवा | 9304547779 |
| 6. | **श्री श्रीकान्त कुमार,** कनीय अभियंता | पाँकी, विश्रामपुर, नावा बाजार, उँटारी रोड, पाण्डू | 8700546515 |
| 7. | **श्री ऋतुराज सिंह,** कनीय अभियंता | मनातू, तरहसी | 9525309700 |
| 8. | **श्री कुन्दन कुमार,** कनीय अभियंता | छत्तरपुर, नौडीहा बाजार | 9123228839 |

उपर्युक्त के अलावे सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में शिकायत पंजी संधारित करने की व्यवस्था की गयी है, जिसमें चापाकल मरम्मति की शिकायतें दर्ज करायी जा सकती है, जो कि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यालय के संबंधित अधिकारियों को सूचना प्राप्त हो सकेंगी तथा चापाकल मरम्मति यथाशीघ्र सुनिश्चित की जायेगी।

**अपनी शिकायत 9939186845 No. पर Whats app के जरिये भी भेज सकते हैं।**

**!!जल बचाओं, जीवन बचाओं !!** **!!बूंद – बूंद अनमोल, पलामू !!**

(रामेश्वर गुप्ता)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 349309 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

# हिरण्य पर्वत पार्क में आधुनिक सुविधाओं का शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सोहसराय/नालंदा।** बिहार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित बड़ी पहाड़ी के हिरण्य पर्वत पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर, 6 अप्रैल 2025 को हिरण्य पर्वत स्थित पार्क में आधुनिक सुविधाओं के निर्माण का शिलान्यास किया जाएगा। इस परियोजना में फाउंटेन, कैफेटेरिया, बैठने के लिए शेड एवं ओपन जिम जैसी सुविधाओं का समावेश है, जिससे क्षेत्र के सौंदर्यीकरण और इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। मंत्री ने स्थानीय नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए हिरण्य पर्वत के विकास की विस्तृत योजनाओं का अवलोकन किया। उन्होंने वन विभाग के पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पार्क में जिम, पानी टैंक, सुलभ शौचालय एवं यात्री विश्राम गृह जैसी सुविधाओं को भी शामिल किया जाएगा। डॉ. सुनील कुमार ने यह स्पष्ट किया कि सरकार पर्यावरण संरक्षण एवं इको-टूरिज्म के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हिरण्य पर्वत को एक प्रमुख पर्यटन केंद्र में परिवर्तित करने का प्रयास कर रही है, जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। निरीक्षण के दौरान, स्थानीय निवासियों ने क्षेत्र में जल संकट की समस्या को भी उजागर की। भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया सह प्रभारी एवं निवर्तमान बिहारशरीफ नगर अध्यक्ष अमरेश कुमार ने बताया कि हिरण्य पर्वत स्थित जिम के सामने से लेकर मंसूर नगर और छोटी पहाड़ी तक के घरों में अब तक सरकार की नल जल योजना का पानी नहीं पहुँच पाया है। गर्मियों में जल संकट की समस्या और भी विकट हो जाती है, जिससे स्थानीय निवासियों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस पर मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने आश्वासन दिया कि जल संकट के समाधान हेतु तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर आयुक्त के साथ इस मुद्दे पर बातचीत हो चुकी है और शीघ्र ही उचित समाधान प्रदान किया जाएगा। डॉ. सुनील कुमार ने अपने विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का भी वादा किया। मंत्री द्वारा हिरण्य पर्वत के विकास एवं सौंदर्यीकरण की यह पहल क्षेत्र के पर्यटन में मील का पत्थर साबित होने की संभावना रखती है। 6 अप्रैल को शिलान्यास के साथ ही इस क्षेत्र को एक प्रमुख पर्यटक स्थल में परिवर्तित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जाएगा। साथ ही, स्थानीय नागरिकों की जल संकट की समस्या के समाधान के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, जिससे क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी और उनका जीवन स्तर सुधरेगा।

# मगध आयुक्त ने अंचल व प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली।** अनुमंडल क्षेत्र के अकबरपुर प्रखंड एवं अंचल का औचक निरीक्षण बुधवार को मगध प्रमंडल के आयुक्त प्रेम सिंह मीणा ने किया। इस दौरान एडीएम नवादा चंद्रशेखर आजाद, एसडीओ रजौली आदित्य कुमार पीयूष एवं डीसीएलआर रजौली प्रमोद कुमार भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मगध आयुक्त द्वारा प्रखण्ड कार्यालय के उपस्थिति पंजी जांच के साथ ही विभिन्न प्रकार की पंजी का अवलोकन किया गया। उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिया कि सभी पंजी को अप-टू-डेट करना सुनिश्चित करें। इसके बाद आरटीपीएस काउंटर का निरीक्षण किया, जहां प्रतिदिन प्राप्त होने वाले दर्जनों आवेदनों तथा निष्पादन की स्थिति के बारे में जानकारी लिया। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि निर्धारित समय अवधि में प्रमाण पत्र निर्गत करना सुनिश्चित करें, ताकि आवेदकों को किसी प्रकार की समस्या ना हो। वहीं अंचल कार्यालय में निरीक्षण के दौरान अंचल क्षेत्र से आए भूमि विवाद, दाखिल खारिज, परिमार्जन से संबंधित आवेदनों की स्थिति की जानकारी ली।इस दौरान पाया गया कि म्यूटेशन एवं परिमार्जन से संबंधित अधिक मामले लंबित हैं। वहीं सरकारी जमीन का दाखिल खारिज ना हो, इसके लिए आवश्यक जांच पड़ताल कर कार्रवाई करने की बात कही है। वहीं कर्मचारियों के स्तर पर लम्बे समय तक आवेदन लंबित नहीं रखने को निर्देशित किया गया है साथ ही उन्होंने सीओ को स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्धारित समय में सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे।

# पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में नवादा के तीन खिलाड़ी रहे विजेता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)।** गया जिला के टेकारी में आयोजित तीन दिवसीय बिहार स्टेट पावर लिफ्टिंग नेशनल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में नवादा जिला के दो खिलाड़ियों को तीन पदक प्राप्त हुआ।जिसमे एक गोल्ड और दो कांस्य पदक शामिल है। जिला को मिले तीनों पदक वारिसलीगंज नगर क्षेत्र के दो होनहार खिलाड़ियों ने प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है। वारिसलीगंज नगर क्षेत्र के कांस्य निवासी अभय कुमार उर्फ विनय सिंह के पुत्र कर्मवीर सिंह ने आयोजित ओपन बेंच प्रेस प्रतियोगिता में दो कांस्य पदक प्राप्त करने में सफल रहे। जिसमें 93 किलो ग्राम आयु वर्ग में 135 किलोग्राम भारोत्तोलन और 560 किलोग्राम भारोत्तोलन प्रतियोगिता में



कांस्य पदक प्राप्त किया जबकि वारिसलीगंज बाजार निवासी स्वर्गीय मोहन साव के पुत्र मंटू कुमार ने 66 किलोग्राम आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 122 किलो ग्राम भारोत्तोलन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने में सफल रहा। पदक प्राप्त करने वाले दोनों खिलाड़ियों को खेल संचालित करा रहे आईपीएफ के फाउंडर के द्वारा पदक व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।पदक प्राप्त कर वारिसलीगंज पहुंचे खिलाड़ियों ने बताया कि 21 से 23 मार्च तक गया के टेकरी में बिहार स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता आयोजित कराई गई थी। जिसमें सीनियर वर्ग, जूनियर वर्ग, सब जूनियर वर्ग, क्लासिकल आदि सभी आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया था वही पदक प्राप्त करने की जानकारी बाद प्रखंड के बुद्धिजीवियों सामाजिक कार्यकर्ताओं शिक्षाविद डॉ गोविंद तिवारी, मुखिया राजकुमार सिंह एवं स्थानीय पत्रकारों सहित पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी कर्मबीर सिंह के बड़े भाई और सामाजिक कार्यकर्ता रणबीर कुमार ने खुशी व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# बीपीएम की आत्महत्या मामले की जांच कराए सरकार : दिलीप



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड के शिक्षा विभाग में कार्यरत बीपीएम मनीष कुमार की आत्महत्या के बाद कांग्रेस नेता दिलीप कुमार, जिलाध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद सिंह, मीडिया प्रभारी मुन्ना पांडेय और सोशल मीडिया अध्यक्ष उदय शंकर कुशवाहा समेत कई नेता सदर अस्पताल पहुंचे।

नेताओं ने बताया कि मनीष कुमार पिछले चार महीने से वेतन नहीं मिलने और अचानक नौकरी से निष्कासन की सूचना से गहरे तनाव में थे, जिसके चलते उन्होंने आत्महत्या कर ली। कांग्रेस नेताओं ने इस घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए बिहार सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि बिना किसी लिखित आदेश के 31 मार्च से बीपीएम, डीपीएम, बीआरपी समेत कई पदों की सेवा समाप्त करने का फैसला तालिबानी फरमान जैसा है। कांग्रेस पार्टी जल्द ही इस मुद्दे पर सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ आंदोलन करेगी।

# टेम्पो और बाइक की सीधी टक्कर में दो लोग घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां थाना क्षेत्र के कचना मोड़ से थोड़ी दूर आगे भागलपुर मोड़ के पास टेम्पो और बाइक की सीधी टक्कर में बाइक पर बैठे पति- पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल भदोखरा गांव के कुसार टोला निवासी पंकज मांझी अपनी पत्नी के साथ कौआकोल की ओर जा रहे थे। इस दौरान विपरीत दिशा से आ रहे टेम्पो से बाइक की सीधी टक्कर हो गई। हादसे में बाइक पर बैठे पंकज मांझी एवं उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसे समाजसेवी कचना गांव निवासी धर्मेंद्र यादव ने अपने बोलेरो से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां में भर्ती कराया। गंभीर स्थिति में दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया है। पुलिस दोनों वाहन को थाना लायी है।

# बालू के गड्ढे में दबने से बालक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मंजौर पंचायत की सुल्तानपुर ग्रामीण धर्मेंद्र प्रसाद का 13 वर्षीय पुत्र गौरव कुमार मंगलवार की सुबह सकरी नदी में बालू निकासी से बने गड्ढे में खेलने के दौरान बालू की ढेर गिरने से दब गया। फलतः बालक की मौके पर ही मौत हो गई है। साथ रहे बच्चों के द्वारा गौरव के परिवार को घर जाकर घटना की सूचना दिया। तब बड़ी संख्या में ग्रामीण समेत बालक गौरव के पिता तथा अन्य परिजन नदी के उक्त गड्ढे से बालू हटाकर बेटे को बाहर निकाला। आनन फानन में गांव स्थित एक ग्रामीण चिकित्सक के पास इलाज के लिए ले गया। लेकिन चिकित्सक पूरी तरह से जांचोरांत बालक को मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत की सूचना बाद कृषक पिता धर्मेंद्र, माता मंजू देवी सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो रहा है। ग्रामीण सह मुखिया प्रतिनिधि आनंदी प्रसाद समेत गांव के अन्य बुद्धिजीवियों ने घटना बाद मृतक के घर पहुंचकर पीड़ित परिजनों को सांत्वना देते हुए ढांढस बंधवाया। सूचना बाद पहुंची पुलिस बालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है। बता दें कि पिछड़ा एवं अनुसूचित बाहुल्य सुल्तानपुर गांव सकरी नदी के किनारे बसा है। गांव के बच्चे नदी सुखी रहने पर उसी में खेलते हैं। जबकि बालू निकासी बाद नंदी में जहां तहां अनेकों बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं। उक्त गड्ढे में खेलने के दौरान ही बालू का धसान गिरने से बालक गौरव दब गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

# विद्यार्थियों को राजद नेता श्रवण कुशवाहा ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार बोर्ड द्वारा जारी किए गए 12वीं क्लास के नतीजों के साथ ही बेहतर अंक लाने वाले छात्र झूम उठे। उनके परिजन और शुभचिंतकों द्वारा मिठाई खिलाकर और पुरस्कृत कर प्रतिभावान छात्रों का हौसलाअफजाई किया जा रहा है। ऐसे में नवादा जिला के कई छात्र -छात्राओं में 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाकर अपने परिवार और जिला का नाम रौशन किया है। ऐसे में राजद नेता और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा ने जिले के कादिरगंज स्थित सूर्या जीएस ऑनलाईन क्लासेज कोचिंग संस्था छात्रों को पुरस्कृत कर शुभकामना दिए। उन्होंने अपने आवास पर छात्रों को सम्मानित करते हुए कहा आज जो भी छात्र मेहनत और लगन से शिक्षा



ग्रहण कर रहे हैं उनको सफलता कदम चूमती है।इंटरमीडिएट परीक्षा में तो सफल हो गए अब आगे की आप 05-छह वर्ष मेहनत कर पढ़ाई कर लेंगे तब आप अपनी लाईफ का 50-60 वर्ष सुखमय और खुशहाल गुजरेगा। जो बच्चे शिक्षा अर्जित के समय पढ़ाई से भागते हैं उन्हें जीवन भर भागदौड़ की जिंदगी से जूझना पड़ता है। इसीलिए उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षा जरूरी है। उन्होंने कोचिंग क्लास के निदेशक सूरज कुमार को छात्रों को बेहतर अंक दिलाने के लिए भी बधाई देते हुए एवं छात्र बिट्टू कुमार 437 अंक, राहुल कुमार 431 अंक, रौशन कुमार गुप्ता 403 अंक ,मुस्कान प्रजापति 403 अंक विक्रम कुमार 414 अंक, राजीव कुमार 401 अंक लाने वाले समेत अविनाश कुमार, दीपू चौधरी, राजीव कुमार एवं रोहित कुमार को अच्छे अंक आने पर उन्हें पाठ्य सामग्री देकर हौसला अफजाई किया।

# पुलिस कस्टडी में इलाज के दौरान युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना क्षेत्र के बड़ी पहाड़ी मोहल्ला निवासी विनोद राम की पुलिस कस्टडी में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस पर पिटाई का आरोप लगाते हुए मेडिकल कॉलेज में तोड़फोड़ और शहर के अस्पताल चैक पर जाम लगाकर जमकर हंगामा किया। इससे इमरजेंसी वार्ड में अफरा-तफरी मच गई, जिसके कारण अस्पताल स्टाफ को काउंटर छोड़कर भागना पड़ा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए डीएसपी समेत कई थानों की पुलिस को मौके पर तैनात किया गया। विनोद राम ठेले पर चाट-समोसे की दुकान चलाते थे। उनके साले कल्लू राम के अनुसार, सोमवार को लहेरी



थाना पुलिस ने उन्हें नशे की हालत में गिरफ्तार किया था। आरोप है कि पुलिस ने हिरासत में उनकी बेरहमी से पिटाई की, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ गई। मंगलवार को उन्हें पावापुरी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार की शाम उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने पुलिस पर लगे पिटाई के आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि सोमवार को विनोद राम को नशे की हालत में अस्पताल चैक से गिरफ्तार कर थाना लाया गया था। मंगलवार को मेडिकल जांच के बाद उन्हें न्यायालय भेजा जाना था, तभी अचानक उन्हें पेट में तेज दर्द होने लगा। इसके बाद उन्हें पहले सदर अस्पताल और फिर पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# संदिग्ध अवस्था में मिला शिक्षा विभाग के बीपीएम का शव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** हरनौत थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित चार मंजिला मकान के नीचे संदिग्ध परिस्थिति में एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान शिक्षा विभाग के प्रखंड परियोजना प्रबंधक (बीपीएम) मनीष कुमार के रूप में हुई है, जो सीतामढ़ी जिले के रहने वाले थे। इस घटना के बाद शिक्षा विभाग के कर्मियों में आक्रोश व्याप्त है। सूचना मिलते ही हरनौत थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि मनीष कुमार मानसिक तनाव में थे। उन्हें इस बात की चिंता सता रही थी कि उनकी नौकरी 31 मार्च को समाप्त हो जाएगी। बताया जा रहा है कि शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) द्वारा 18 फरवरी को एक पत्र जारी कर बीपीएम की मार्गदर्शिका में बदलाव की बात कही गई थी। इसके बाद 27 फरवरी को जिला शिक्षा विभाग ने पत्र जारी कर अनुबंध समाप्त करने की सूचना दी थी। मृतक के सहकर्मियों के अनुसार, मनीष कुमार बीते छह महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण आर्थिक तंगी का सामना कर रहे थे। उनके मानसिक तनाव को लेकर उनके सहयोगियों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

# संकल्प ऋण शिविर को लेकर एलडीएम ने मुखिया व जीविका दीदियों के साथ की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सभागार में बुधवार को संकल्प ऋण शिविर के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बीडीओ संजीव झा की अध्यक्षता में ग्राम पंचायतों के मुखिया, जीविका दीदियों एवं विभिन्न बैंकों के कर्मियों के साथ एक बैठक किया गया।इस दौरान एलडीएम नवादा संजीव दास, एसबीआई रजौली के मैनेजर रंजीत कुमार, पीएनबी रजौली के सहायक मैनेजर शशि सावंत, एचडीएफसी बैंक नवादा के सुजीत कुमार, ऋषभ राजा व उदय कुमार और जीविका के क्षेत्रीय समन्वयक विभूति नारायण तिवारी एवं जैनेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। एलडीएम ने बताया कि बिहार सरकार एवं स्टेट लेवल बैंकर्स कमिटी ने क्रेडिट ग्रोथ बढ़ाने के लिए संकल्प ऋण शिविर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को ऋण प्रदान किया जा रहा है। साथ ही कहा कि संकल्प योजना की स्थापना देश में कुशल



श्रमिकों को विकसित करने के लिए की गई है, जो देश की भविष्य की समृद्धि में सहायता करेगी। यह कार्यक्रम हाशिए पर पड़े लोगों को उनकी आर्थिक कठिनाइयों पर काबू पाने में सहायता करेगा।यह योजना कौशल विकास की अनुमति देकर प्रणाली को मजबूत करेगी। प्रशिक्षित कार्यबल विकसित करने के लिए,परियोजना ने सभी राज्यों को एक छत के नीचे एक साथ लाया है।व्यावसायिक प्रशिक्षण नए विचारों के विकास में सहायता करेगा जो देश को तेजी से बढ़ने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि संकल्प ऋण शिविर के माध्यम से लोन देने की प्रक्रिया को बेहद आसान बनाया गया है। इसके तहत आमलोग बिहार सरकार एवं भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए लोन दिया जा रहा है।ग्राम पंचायतों के मुखिया एवं जीविका दीदी समेत अन्य लोगों से अपील किया गया कि वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए योजनाओं के तहत मिलने वाले ऋण का लाभ उठावें एवं देश को आगे बढ़ावें।इस दौरान पांच किसानों को केसीसी ऋण दिया गया एवं एक व्यक्ति को तीन करोड़ रुपए का लोन नाबार्ड के तहत स्वीकृत किया गया। बैठक के मौके पर हरदिया पंचायत के मुखिया पिंटू साव, धमनी पंचायत के मुखिया विनोद यादव, बहादुरपुर से प्रमोद साव, रजौली पश्चिमी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि विनय सिंह समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# इंटर की कॉमर्स जिला टॉपर को मुख्य पार्षद ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** इंटर कॉमर्स परीक्षा में नवादा जिला इंटर कॉमर्स जिला टॉपर पार नवादा बुंदेलखंड निवासी उदय साव एवं रिंकी कुमारी की सुपुत्री निहालिका कुमारी को नवादा नगर परिषद की मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी ने घर जाकर सम्मानित किया। नवादा की मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी ने निहालिका कुमारी को पुष्पगुच्छ, फुल माला, अंगवस्त्र, पैड, कलम और डॉक्युमेंट्स फाइल देकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया, साथ ही उनके माता रिंकी कुमारी एवं पिता उदय साव को भी अंग वस्त्र एवं फूलमाला देकर सम्मानित किया गया। निहालिका के पिता ने बताया कि मैं टीना और जुट का बोरा खरीद बिक्री का काम करता हूं। बेटी को पढ़ने में कोई कसर नहीं छोड़ा, आज हमे बहुत गर्व है कि



मेरी बेटी जिला टॉप की है। मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी ने निहालिका का उज्ज्वल भविष्य का कामना की और आगे पढ़ाई करने का प्रेरणा दी, बेटी अब किसी से कम नहीं है हर क्षेत्र में बेटी टॉप कर रही है। इस मौके पर पूर्व मुख्य पार्षद संजय साव, भाजपा नेता अरविंद गुप्ता, बिनोद कुमार, जिला मंत्री प्रदीप कुमार, संजीव कुमार पप्पू, महेश कुमार फूही, प्रशांत मानव इत्यादि लोग भी मौजूद रहे।

# दैनिक जनता दरबार में 18 समस्याओं की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** दैनिक जनता दरबार में अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुमार के अध्यक्षता में 18 नागरिकों की समस्याओं पर चर्चा की गई। पवनजीत पासवान (पिताः गणेश पासवान), ग्राम जनकपुर, थाना करायपरसुराय ने बताया कि अंचल कार्यालय में उनकी जमीन का दाखिल-खरिज नहीं हो रहा, जिसके चलते उनके हक की अनदेखी हो रही है। इस संबंध में करायपरसुराय अंचल अधिकारी को जांच कर तत्काल अग्रेतर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया।दिनेश कुमार (पिताः उमेश प्रसाद), ग्राम जैतपुर, थाना चंडी ने यह शिकायत उठाई कि मापी के उपरांत विपक्षी द्वारा उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करने से रोकथाम नहीं की जा रही। इस मामले में धारा 126 के तहत आवश्यक



कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त, श्री शम्भु प्रसाद, ग्राम शेखपुराडीह, थाना थरथरी ने बताया कि विपक्षी द्वारा गांव के पानी के निकास को बंद कर दिया गया है, जिससे जल संकट और अधिक गंभीर हो गया है। अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी, थरथरी को समस्या का निदान करने के लिए निर्देश जारी किए। अन्य आवेदकों की समस्याएं भी सुनी गईं और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर उचित समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया।

# एमएलसी ने सदन के 209वें सत्र में सीतामढ़ी के विकास पर किए कई सवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नवादा विधान परिषद सदस्य अशोक यादव ने बिहार विधान परिषद के 209वें सत्र में नवादा जिले के सीतामढ़ी को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कई सवाल खड़े किए। उन्होंने सदन में कहा कि नवादा जिला के मेसकौर प्रखंड के सीतामढी में एक धार्मिक स्थल है, जहां सीता मां का मंदिर है एवं लव-कुश का जन्मस्थली भी माना जा रहा है। रामायण काल से जुड़े यह धार्मिक स्थल का मानना है कि यहां




माता सीता की निर्वासन स्थल है जिसे सीता शरणस्थली भी कहा जा रहा। प्रत्येक वर्ष अगहन पूर्णिमा के अवसर पर सदियों से यहां मेला का आयोजन किया जाता है, जहाँ हजारों लोग जिले एवं पूरे राज्य से आया करते हैं। उन्होंने कहा यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सीतामाढ़ी मेले को राजकीय दर्जा देते हुए पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराना चाहती है? यदि हां तो कब तक, अगर नहीं तो क्यो? इस सवाल पर जिला पदाधिकारी, नवादा से उत्तर प्रतिवेदन की मांग की गयी है। साथ हीं विभागीय पत्रांक 716 दिनांक 1 मार्च 2025 द्वारा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से राजकीय मेले का दर्जा दिये जाने के संबंध में प्रतिवेदन की मांग की गयी है।

# पीयूष ने 12वीं साइंस में 463 अंक लाकर बढ़ाया क्षेत्र का मान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला अंतर्गत हिसुआ प्रखंड के छतिहर ग्राम निवासी पीयूष राज 12वीं साइंस की परीक्षा में 463 अंक लाकर अपने परिवार और समाज का नाम रौशन किया है। इसके साथ ही पीयूष ने आगे की पढ़ाई जारी रखते हुए बड़े अधिकारी बनने व समाज सेवा करने की बात कही। हिसुआ प्रखंड के छतिहर ग्राम निवासी पीयूष राज जवाहरलाल नेहरू कॉलेज चंडीनामा के प्राचार्य प्रो. विनय कुमार तथा माँ स्व. गुड्डी देवी के पुत्र हैं। पीयूष कुमार त्रिवेणी सत्यभामा कॉलेज हिसुआ के छात्र है। दो भाई तथा एक बहन में सबसे छोटा पीयूष बचपन से पढ़ने में तेज रहा है। पीयूष सरकारी विद्यालय से पढ़ाई शुरू किया एवं मैट्रिक की परीक्षा खाखरी हाई स्कूल काशीचक से पास किया था, जिसमें भी उसने 441 अंक लाकर प्रथम श्रेणी से पास किया था। पीयूष के पिता वर्तमान में जवाहरलाल नेहरू कॉलेज चंडीनामा में प्राचार्य के रूप में अपना सेवा दे रहे हैं। पियूष के दादाजी श्रीकृष्ण मेमोरियल कॉलेज नवादा में हिंदी के प्रोफेसर के पद पर अपनी सेवा दे रहे हैं वहीं चाचा अजय कुमार इंटर हाई स्कूल हिसुआ में प्लस टू के हिन्दी के शिक्षक के रूप में कार्यरत है।

# इंटरमीडिएट की परीक्षा में वारिसलीगंज के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नवादा।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा मंगलवार को जारी किया गया इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में एक बार फिर वारिसलीगंज के छात्र-छात्राओं ने शानदार सफलता अर्जित की है। प्रखंड क्षेत्र के एस एन सिन्हा महाविद्यालय, महिला महाविद्यालय सहित बीके साहू इंटर विद्यालय, नेशनल इंटर विद्यालय और प्रखंड क्षेत्र में रहे आधा दर्जन इंटर विद्यालय के विद्यार्थियों ने जारी परीक्षा परिणाम में बेहतर सफलता अर्जित की है। घोषित की गई परीक्षा परिणाम में सफल विद्यार्थियों में काफी खुशी देखी जा रही है। प्रखंड एवं नगर क्षेत्र में स्थित महाविद्यालय, इंटर स्कूल में पढ़ रहे विज्ञान और कला और वाणिज्य के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। जिसमें मुख्य रूप से प्रज्ञा नंदिनी 455, कश्मीरी गुप्ता 444, आर्या गुप्ता 430, कुमारी लीजा 425, विशाल कुमार 439, विशाल कुमार 439, विकास कुमार 432, सुप्रिया रानी 419, अनुष्का सिंह 419, अनुष्का कुमारी 402, सुप्रिया रानी 419 वही चकवाय इंटर विद्यालय की छात्रा वाटिका सिन्हा ने 402, मंजौर प्लस टू विद्यालय से खुशी कुमारी 445 अंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त की है।

# पीएचईडी द्वारा मरम्मत कराए जा रहे चापाकल को बीडीओ अपने स्तर से क्रॉस जांच करवाते रहें : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गर्मी के मौसम में किसी भी टोले या कस्बे में पेयजल का संकट नही उत्पन्न हो, इस उद्देश्य से जिले के डीएम डा0 त्यागराजन एसएम ने संबंधित पदाधिकारियों से नियमित जानकारी भी ले रहे हैं। बुधवार को डीएम ने ज़िला वासियो विशेषकर दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रो के लोगो को कहा है कि पेयजल की समस्याओं को त्वरित गति से निष्पादन हेतु जिला स्तर पर जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष संख्या 0631-2222259, 0631-2222253, 9801931538 है।उन्होंने गया जिला वासियों से कहा कि यदि किसी टोले में पेयजल की समस्या होती है, बोरिंग फेल, चापाकल खराबी तथा अन्य समस्या जो भी हो, तो जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या पर संपर्क / शिकायत कर सकते हैं। निश्चित तौर पर आपकी समस्याओं को निपटारा करवाया जाएगा। इसके अलावा सात निश्चित अंतर्गत नल जल योजना कही बंद है, तो उसकी भी सूचना/ जानकारी उपरोक्त संपर्क नम्बरों पर उपलब्ध करवाए। डीएम ने कहा कि नल जल की वैसी योजना जो छोटी कारणों से बंद है यथा मोटर खराब/ स्टाटर खराब इत्यादि में तुरंत तुरंत ठीक करवाते हुए पानी सुचारू रखे। उन्होंनं कहा कि सरकारी विद्यालयों में लगे चापाकलों को भी चेक करवायें जहां भी खराब रहने पर, उसे ठीक करवाये। महादलित बस्तियों में भी सर्वे करवाये, यदि खराब चापाकल रहने पर उसे ठीक करवाये। नल जल योजना की बंद पड़ी योजना की प्रतिदिन रिपोर्ट प्राप्त करे। पीएचईडी द्वारा मरम्मत कराए जा रहे चापालक को बीडीओ अपने स्तर से क्रॉस जांच करवाते रहे।

## सिटी एसपी के नेतृत्व में चला विशेष छापेमारी अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के निर्देशानुसार बुधवार को सीटी एसपी रामानंद कुमार कौशल के नेतृत्व में केंद्रीय कारा, गया में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान में एएसपी (नगर), डीएसपी विधि-व्यवस्था, साइबर थाना, यातायात, नगर-2, थानाध्यक्ष कोतवाली, सिविल लाइन, मगध मेडिकल, चंदौती, विष्णुपद थाना तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी भी सक्रिय रूप से शामिल रहे। सीटी एसपी के द्वारा केंद्रीय कारा, गया में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को सख्त निर्देश दिए गए कि किसी भी परिस्थिति में कैदियों द्वारा मोबाइल का उपयोग न होने पाए।

## इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन डीडीयू मंडल की डिवीजनल कमेटी की बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन गया शाखा की टीम केंद्रीय कोषाध्यक्ष हाजीपुर सह केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन नई दिल्ली कामरेड मिथिलेश कुमार के साथ इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की मंडल स्तरीय बैठक में शामिल हुई। इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन हाजीपुर के महामंत्री कामरेड एस एन पी श्रीवास्तव, अपर महामंत्री कामरेड जियाउद्दीन एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष कामरेड वीरेंद्र यादव जी के डीडीयू आगमन पर भव्य स्वागत करते हुए स्टेशन परिसर से शाखा नंबर 3 के कार्यालय में लाया गया जहां डिवीजनल कमेटी की बैठक की गई। बैठक में मान्यता के चुनाव में हुई हार की समीक्षा की गई साथ ही संगठन की मजबूती तथा भविष्य की रणनीति पर चर्चा किया गया। महामंत्री द्वारा बैठक में उपस्थित सभी शाखा के अध्यक्ष एवं शाखा मंत्री के अलावा सभी यूनियन के संगठन मंत्री एवं पदाधिकारी को भविष्य में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए मूल मंत्र दिया। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन को संपूर्ण भारतीय रेल में नंबर वन स्थान दिलाने के लिए सभी का आभार महामंत्री द्वारा व्यक्त किया गया। बैठक की समाप्ति के बाद कॉमरेड मिथिलेश कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल डीडीयू मंडल में नव पदस्थापित वरीय मंडल परिचालन प्रबंधक केशव आनंद, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजीव रंजन, वरीय मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता विवेक सौरभ से पुष्पगुच्छ देकर शिष्टाचार भेंट किया तथा रेल कर्मियों के समस्याओं को रखा एवं उसके समाधान पर चर्चा किया।शिष्टाचार मुलाकात के दौरान मुख्य रूप से ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन हाजीपुर के केंद्रीय कोषाध्यक्ष सह केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य ऑल इंडिया रेलवे मेंस फ़ेडरेशन नई दिल्ली कॉ मिथिलेश कुमार, केंद्रीय उपाध्यक्ष केदार प्रसाद, केंद्रीय सहायक महामंत्री बी वी पासवान, केंद्रीय संगठन मंत्री राम सिंह, गया शाखा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद, गया शाखा मंत्री मुकेश सिंह, शाखमंत्री संजय शर्मा, अध्यक्ष अमरनाथ सिंह यादव, भईया लाल, मनदीप कुमार, वीरेंद्र पासवान उपस्थित थे। उक्त जानकारी उत्तम कुमार मीडिया प्रभारी, ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन, शाखा गया ने दी।

# भारी मात्रा में हथियार के साथ पांच वांछित सक्रिय नक्सली गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** एसएसबी 29 वीं बटालियन गया के कमांडेंट हरे कृष्ण गुप्ता को विश्वनीय सूत्रों की आसूचना के आधार पर एवं मार्गदर्शन एवं दिशानिर्देश पर की बी समवाय कालापहाड़, एसटीएफ एवं स्थानीय पुलिस थाना माली एवं थाना औरंगाबाद जिला औरंगाबाद (बिहार) के साथ संयुक्त अभियान के दौरान पांच वांछित नक्सल, 1) बाली राम, पिता संतन राम, गांव- बेला खैरा, थाना- नवीनगर जिला-औरंगाबाद (बिहार), 2) मिथलेश यादव, पिता राम चन्द्र यादव, गांव- वीरवल बीघा, थाना- माली, जिला-औरंगाबाद (बिहार), 3) नरेश राम, पिता बिगन राम, गांव- बेनी, थाना- टंडवा, जिला-औरंगाबाद (बिहार), 4) कृष्णा पाल, पिता बिजेंद्र पाल, गाँव- बेरिया, थाना- माली, जिला- औरंगाबाद (बिहार) एवं 5) छोटू सिंह, पिता राकेश कुमार सिंह, गांव- चपनगर, थाना- हुस्सैनाबाद, जिला- औरंगाबाद (बिहार) को ग्राम- बेरिया, थाना- माली, जिला- औरंगाबाद (बिहार) से गिरफ्तार किया गया। उक्त नक्सलीयों के विरूद्ध थाना- माली, थाना-मदनपुर एवं थाना- औरंगाबाद, जिला- औरंगाबाद (बिहार) में विभिन्न अपराध संख्या के अंतर्गत वांछित थे। गिरफ्तार नक्सलियों से पूछताछ के आधार पर त्वरित रेड कर हथियार तथा सामग्री जब्त किया है- लॉन्ग रेंज राइफल (देशी)-04 नग एवं जिन्दा कारतूस -12 नग, थ्री नोट थ्री राइफल -01 नग, 7.62 एमएम जिन्दा कारतूस 01 नग, कैमो वर्दी 07 नग, पुराना मॉडल 05 वाट वीएचएफ सेट -01 नग गिरफ्तार नक्सलीयों तथा जब्त हथियार व अन्य सामग्री को थाना- माली जिला- औरंगाबाद (बिहार) में अग्रिम कार्यवाही के हेतु सौप दिया गया।

# विधानसभा में उठी लालू यादव को भारत रत्न देने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा में बुधवार को भोजनावकाश के बाद एक गैर सरकारी संकल्प के माध्यम से राजद विधायक मुकेश रौशन ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव को भारत रत्न देने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने की मांग की। लेकिन लालू यादव को भारत रत्न देने की मांग से जुड़े प्रस्ताव को सदन ने ध्वनि मत से खारिज कर दिया। सदन में स्पष्ट रूप से कहा गया कि लालू यादव को भारत रत्न देने की सिफारिश से जुड़ा कोई प्रस्ताव राज्य सरकार के पास नहीं है। दरअसल, लालू प्रसाद यादव को भारत रत्न देने की मांग लंबे समय से उठती रही है। लालू के समर्थक और चाहने वाले अक्सर इस मांग को उठाते रहे हैं। इसी कड़ी में महुआ के राजद विधायक मुकेश रौशन में आज विधानसभा में इस मुद्दे को उठाया और सरकार से मांग की कि वह केंद्र सरकार को इसके लिए प्रस्ताव भेजे। मुकेश रौशन ने सदन में प्रस्ताव लाया था कि लालू यादव को भारत रत्न देने हेतु बिहार सरकार केंद्र सरकार से सिफारिश करे। उनकी इस सिफारिश पर संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि प्रति वर्ष पद्म पुरस्कारों के साथ भारत रत्न देने की अनुशंसा की जाती है।

# साइबर सुरक्षा को लेकर खतरे, नवाचार और कैरियर विषय पर जागरूकता सत्र का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल द्वारा साइबर सुरक्षाः खतरे, नवाचार और करियर विषय पर एक जागरूकता सत्र का सफल आयोजन किया गया।कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में कार्यक्रम आईआईसी के अध्यक्ष प्रो. वेंकटेश सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में नवीनतम रुझानों और करियर अवसरों से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित सत्र का संचालन डॉ. नेमी चंद्र राठौर, एसोसिएट प्रोफ़ेसर, कंप्यूटर साइंस विभाग, सीयूएसबी ने किया। इस सत्र में साइबर खतरों, साइबर सुरक्षा में नवीनतम तकनीकों और करियर के अवसरों पर चर्चा की गई।डॉ. राठौर ने बढ़ते साइबर खतरों, वास्तविक दुनिया के साइबर हमलों और डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई, जिनमें सामान्य साइबर खतरे जैसे फ़िशिंग, रैनसमवेयर और सोशल इंजीनियरिंग शामिल थे। इसके अलावा, साइबर सुरक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ब्लॉकचेन की भूमिका, साइबर सुरक्षा में करियर के अवसर और इस क्षेत्र में बढ़ती मांग, ऑनलाइन सुरक्षा के सर्वोत्तम उपाय और डेटा संरक्षण पर भी प्रकाश डाला गया।भारत सरकार द्वारा साइबर अपराधों पर रोक लगाने के लिए उठाए गए प्रमुख कदमों पर भी चर्चा की गई। इनमें डिजिटल लेन-देन और डेटा सुरक्षा के लिए सख्त नियमों का क्रियान्वयन, बैंकिंग और टेलीकॉम सेक्टर में एआई आधारित धोखाधड़ी पहचान प्रणाली, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा साइबर धोखाधड़ी में शामिल खातों को फ्रीज करने का निर्देश, और साइबर अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और जागरूकता अभियान शामिल थे।

# स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में रोबोटिक खेलों का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग, नर्गदा, दानापुर कैंट, पटना में 'कम्युनिटी डे' का भव्य आयोजन किया गया। वार्षिक कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा 12 तक के सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिससे विद्यालय परिसर जीवंत और उल्लासपूर्ण वातावरण से भर गया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विजय प्रकाश, अध्यक्ष, एपीसीएल (सेवानिवृत्त आईएएस) ने अपने प्रेरणादायक भाषण में छात्रों को स्मार्ट और नवोन्मेषी बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए वर्तमान युग में शिक्षा में रचनात्मकता और तकनीकी ज्ञान का समावेश अत्यंत आवश्यक है और इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों को इन कौशलों के विकास में सहायता करते हैं। स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में अटल टिंकरिंग लैब में रोबोटिक खेलों के माध्यम से बच्चों में रोबोटिक्स, सेंसर नेटवर्क, ड्रोन आदि का शिक्षण प्रशंसनीय है। यहां से प्रतिवर्ष नवाचारी कार्यों की प्रतियोगिता में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर पुरस्कार प्राप्त होना इसकी गुणवत्ता का प्रमाण है। विशिष्ट अतिथि कैप्टेन राजीव रंजन ने छात्रों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उन्हें अपने बचपन की याद दिलाता है। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित किया कि वे अपनी जिज्ञासा को बनाए रखें और निरंतर सीखने की प्रक्रिया में लगे रहें। देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक विकास कुमार ने कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश ने खेलों और सह-पाठयक्रम गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये गतिविधियां अनुशासन, धैर्य और टीम भावना को बढ़ावा देती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और छात्रों को रोबोटिक्स और तकनीकी कौशलों को अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं में शामिल करने पर बल दिया।

# राजद का सांगठनिक चुनाव को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** बुधवार को कमला-भवन रोड नंबर-5, हनुमान नगर, गया स्थित सभागार में राष्ट्रीय जनता दल के सांगठनिक चुनाव (वर्ष 2025-2028) हेतु संगठन जिला-टिकारी का महत्वपूर्ण (प्रथम) बैठक जिला निर्वाची पदाधिकारी सतीश कुमार (मा0 विधायक) की अध्यक्षता एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी शारदा कुमारी (प्रदेश महासचिव, महिला-प्रकोष्ठ) की उपस्थिति में संपन्न की गई। बैठक में सदस्यता अभियान की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए उपस्थित सभी प्रखंड अध्यक्षों को 31 मार्च 2025 तक शेष सदस्यता रसीदों को जिला कार्यालय में हर हाल में जमा करने का निर्देश दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला निर्वाची पदाधिकारी सतीश कुमार ने कहा कि पार्टी के संगठनात्मक चुनाव कार्यक्रम (2025-28) के तहत 11 जून 2025 के पूर्व जिला के प्राथमिक इकाई, पंचायत इकाई, प्रखंड इकाई तथा जिला इकाई का चुनाव संपन्न कर लिया जाना है। उक्त कार्यक्रम का अनुपालन हेतु अप्रैल के प्रथम सप्ताह में प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी तथा प्रखंड सहायक निर्वाची पदाधिकारी के नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी।उन्होंने बैठक में उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों को प्राथमिक इकाई से लेकर जिला इकाई तक की निर्वाचन प्रक्रिया से भी अवगत कराते हुए कहा कि जिस प्रकार से सभी वर्ग के युवा और महिला इस बार व्यापक रूप से पार्टी से जुड़ रहे हैं, इससे साबित होता है की इस बार बिहार में तेजस्वी जी के नेतृत्व में सरकार बनना तय है। बैठक में जिलाध्यक्ष सुभाष यादव, जिला प्रधान महासचिव अजय डांगी, पूर्व विधायक शिव वचन यादव, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अशोक आजाद, प्रदेश महासचिव वीरेंद्र गोप, प्रदेश सचिव विनय कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष सुनील दास, प्रेम कुमार शर्मा, सुरेश प्रसाद यादव, महिला जिलाध्यक्ष स्मिता कुमारी दांगी, युवा जिला अध्यक्ष पवन कुमार वर्मा, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विनोद मिस्त्री, पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र नारायण, जिला प्रवक्ता जनार्दन कुमार राय, जिला महासचिव प्रताप दास, गया प्रसाद यादव, नरेश नोनिया, डॉ रामचंद्र यादव, कृष्णा दास, नसीम खान, रामकुमार यादव, संतोष यादव, तनुश्री मांझी, कृष्ण मुरारी यादव, साजिद अहमद बागी, कमलेश डांगी, हरिहर यादव, चंचल कुमारी, शिवनंदन यादव, लालदेव यादव, सुरेश यादव, बंटी यादव, विनोद चौरसिया, सुजीत यादव, गुलाब यादव, अक्षय चौधरी, रमई राम, रणविजय दास, मनोज महान, अमित कुमार चौधरी समेत जिला कमेटी के सभी पदाधिकारीगण, सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड के प्रकोष्ठों के अध्यक्ष गण के साथ-साथ सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सीयूएसबी में मना बिहार दिवस, कैंपस में छात्रों ने प्रस्तुत किया बिहार की समृद्ध संस्कृति की झलक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** बिहार के प्रथम सेंट्रल यूनिवर्सिटी, दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में बिहार दिवस के उपलक्ष्य में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों ने बिहार की संस्कृति की खूबसूरत झलक पेश की। बिहार के साथ - साथ दूसरे राज्यों के विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग लिया।औपचारिक उद्घाटन के पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने छात्रों द्वारा बिहार राज्य के संस्कृति धरोहर पर आधारित प्रस्तुत विभिन्न प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन किया।छात्रों ने बिहार के 38 जिलों की प्रमुख व्यंजन, ऐतिहासिक स्थल एवं प्राचीन संस्थानों की झलक दिखाने वाली प्रदर्शनी आयोजित की।कुलपति प्रो. सिंह ने इस प्रदर्शनी का भ्रमण करते हुए छात्रों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि बिहार का गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और परंपरा हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखती हैं।नई पीढ़ी को बिहार की समृद्ध विरासत से अवगत कराना बेहद आवश्यक है। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार के प्रसिद्ध लोकगायक मनीष शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने अपनी मधुर लोकगीतों से कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। उन्होंने लोकगायिका शारदा सिन्हा को याद करते हुए कई लोकप्रिय लोकगीत प्रस्तुत किए, जिससे दर्शकों को बिहार की मिट्टी की खुशबू और इसकी संस्कृति का अद्भुत अनुभव प्राप्त हुआ।बिहार दिवस के मौके पर छात्रों ने राज्य के महान व्यक्तित्वों को श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद किया।सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत छात्रों ने झिझिया, कजरी, झूमर, जट-जटिन जैसे लोकनृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक संदेश भी दिया।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक, छात्र एवं अन्य कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के आयोजन में आशुतोष कुमार(शोधार्थी विधी विभाग), अंशुमाली कुमार (शोधार्थी समाजशास्त्र विभाग) अभिषेक कुमार (भूगोल विभाग), आयुष अंजनी, मनीष कुमार, वेदिका नंदन, रितेश कुमार,आयुष कुमार, वैभव कुमार, खुशी रानी और अन्य छात्रों ने अहम भूमिका निभाई।अंत में धन्यवाद ज्ञापन आशुतोष कुमार ने दिया।

## सभी कॉम्पलेक्स संसाधन केंद्रों पर वर्ग 1से 8 बच्चों के उत्तर पुस्तिका का जांच कार्य सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गया)।** प्रखंड के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत वर्ग 1से 8 तक के विद्यार्थियों का संपन्न वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा 2024- 25 के व्यवहृत उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सभी कॉम्पलेक्स संसाधन केंद्र पर विभिन्न शिक्षकों द्वारा गत 21 मार्च से शुरू वार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन कार्य बुधवार को सम्पन्न हुआ। इसी कड़ी में कॉम्पलेक्स संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय दखिनगांव में समन्वयक सह प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार के देखरेख में उत्तर पुस्तिका का परिक्षण सह मूल्यांकन कार्य सम्पन्न हुआ। समन्वयक ने बताया कि इस संसाधन केंद्र के अंतर्गत उर्दू मध्य विद्यालय, वज़ीरगंज कन्या मध्य विद्यालय, वजीरगंज विद्यालय, वज़ीरगंज मध्य विद्यालय दखिनगांव, प्राथमिक विद्यालय बरौनी एवं प्राथमिक विद्यालय बैजनाथपुर के बच्चों का वार्षिक मूल्यांकन किया जा रहा है जिसमें अलग अलग के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कराई गई है। सभी शिक्षकों द्वारा सफलता पूर्वक उत्तर पुस्तिकाओं का परिक्षण सह मूल्यांकन कार्य के बाद बुधवार को अपराह्न में सभी शिक्षकों को मूल विद्यालय के लिए विरमित किया गया है जहां वे बच्चों का रिजल्ट एवं प्रगति-पत्रक संधारण करेंगे जिसे 29 मार्च को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी में छात्रों एवं अभिभावकों के बीच प्रदर्शित किया जाएगा।

## विवाहिता हत्याकांड के आरोपित सहित चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** थाना की पुलिस ने विवाहिता हत्याकांड के एक आरोपी सहित चार को गिरफ्तार कर जेल भेजा। टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि टिकारी थाना कंड संख्या 24/24 के आरोपी छठवां ग्राम निवासी मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया।मुकेश पर भाई की पत्नी की हत्या का आरोप है। मामले को लेकर बेलागंज थानाक्षेत्र के छतीसा पर ग्राम निवासी सुनील यादव द्वारा बहन की हत्या करने का आरोप लगा 10 लोगो को नामजद अभियुक्त बनाया गया था।उक्त कंड में दो अभियुक्त को पुलिस को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।वहीं पुलिस ने टिकारी थाना कंड संख्या 143/25 के फरार आरोपी धोबी बिगहा ग्राम से फरार आरोपी कुंदन कुमार को गिरफ्तार किया गया। कुंदन पर घर में घुस चोरी करने का आरोप है।इसके अलावा दो एनबीडब्ल्यू वारंटी कमलेश यादव व मिथिलेश यादव को छठवां ग्राम से गिरफ्तार किया गया।

# नप बोर्ड की बैठक में जमकर हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** नगर परिषद की बोर्ड की बैठक में बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। चर्चा के दौरान अचानक से महिला वार्ड पार्षद पुरुष वार्ड पार्षद से उलझ पड़ी। नतीजतन महिला वार्ड पार्षद के पति भी बैठक में घुस गए जिसके बाद महिला पार्षद के पति व वार्ड पार्षद के बीच हल्की हाथापाई भी हुई। नप के वार्ड संख्या 07 के पार्षद नीतीश कुमार ने बताया कि बैठक के दौरान प्रस्ताव पर चर्चा की जा रही थी। इसी दौरान महिला वार्ड पार्षद अन्य वार्ड पार्षद के छींकने पर उलझ पड़ी व अन्य पार्षदों के साथ भी उलझ गई। इतने में पार्षद के पति बिना किसी आदेश के बैठक में आ गये व नीतीश के साथ उलझ गये जिसके बाद दोनों के बीच हाथापाई भी हुई। अन्य वार्ड पार्षदों के बीच बचाव करने के बाद मामला शांत हुआ। नीतीश कुमार ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि महिला पार्षद पति पूरी तरह से नप के क्रियाकलाप में दखल देते हैं जो उचित नहीं है। कार्यपालक पदाधिकारी से इस बाबत कार्रवाई करने की मांग की जाएगी। मामले को लेकर नप के कार्यपालक पदाधिकारी राजेश झा ने बताया कि मामले को लेकर कोई शिकायत नही की गई है।बोर्ड की बैठक में कई प्रस्ताव को पारित किया गया।

## बिहार में पहली बार लगा क्यू आर कोड वाला हाईटेक पोस्टर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले किए जा रहे पोस्टर वार से सियासी गलियारों में हलचल मची है। पोस्टर वार से सूबे की सियासत एक बार फिर पुराने मुद्दों के इर्द-गिर्द घूमने लगी है। पिछले कुछ दिनों से जारी पोस्टर वार में सियासी दल एक-दूसरे को घेरने का भी कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। इसी कड़ी में अब नया पोस्टर जारी किया गया है। पटना की सड़कों पर राजद और लालू परिवार के खिलाफ पोस्टर लगाए गए हैं जिस पर लिखा गया है जंगलराज का अत्याचार भूलेगा नहीं बिहार।


**पूर्व रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना सं.: 01–एमएलडीटी–25–26 दिनांक 18.03.2025 और 02, 03–एमएलडीटी–25–26 दिनांक 20.03.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर–झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं. :01–एमएलडीटी–25–26, कार्य का नाम** : मालदा मंडल के बांका में स्टील टैंक के सुदृढ़ीकरण और साहिबगंज एवं सुलतानगंज स्टेशनों में स्टील टैंक के डिस्मैंटलिंग कार्य के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 57,71,393.66, **क्रम सं. 2, निविदा सं. 02– एमएलडीटी–25–26, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता–III/पूर्व रेलवे/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के कार्यक्षेत्र में सीमित ऊँचाई के सबवे नं. 30, 32 के ड्रेनेज सुधार के लिए रिसाव की रोकथाम एवं अतिरिक्त सम्प के प्रावधान तथा सीमित ऊँचाई के सबवे नं. 20, 24 में शेड, पम्प हाउस ड्रेन, सम्प, पम्पिंग अरेंजमेंट के प्रावधान के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 2,23,95,771/–, **क्रम सं. 3, निविदा सं. 03–एमएलडीटी–25–26, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/साहिबगंज के कार्यक्षेत्र में साहिबगंज डीईएमयू शेड में वर्तमान आधारभूत संरचना और रखरखाव सुविधाओं के विस्तार और उन्नयन के कार्य के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,72,37,229.34, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 08.04.2025 को 15.30 बजे (क्रम सं. 1 हेतु) और दिनांक 11.04.2025 को 15.30 बजे (क्रम सं. 2 एवं 3 प्रत्येक हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in/** डीआरएम कार्यालय/मालदा टाउन ।

MLD-258/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**CIN: U40108JH2013SGC001704**
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com

**e-Tender Notice**

e-Tender in two parts i.e. technical (Part–I) and Financial (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound contractors for the under mentioned work:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Description of works | Completion Period | e-tender fee (Rs.) (non-refundable) including GST 18% | E. M. Deposit (Rs.) | Estimated Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 608/PR /JUSNL/ 2024-25 | Construction of Store Shed (Size 30'0"x84'0") with office room at 132/33 kV, GSS, Garhwa Road. | 06 Months | 5900/- | 88500/- | 44,12,436.00 |

| | |
|---|---|
| Availability of Tender Documents on e-Tender website | 28.03.2025 at 12:00 PM |
| Start Date & Time of upload of BID | 28.03.2025 at 12:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 18.04.2025 Up to 04:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part -I) | 19.04.2025 at 04:30 PM |
| BID Opening date for Price Part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone -IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9835768602 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager,
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 349301 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)#D


# पंचायत सरकार भवन केर में राशन कार्ड का वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखण्ड के पंचायत सरकार भवन केर में मुखिया शशि कुमार के द्वारा राशन कार्ड का वितरण बुधवार के दोपहर तीन बजे 25 लाभुकों के बीच किया गया। मालूम हो कि राशन कार्ड का वितरण एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। राशन कार्ड वितरण के बाद, आपको राशन की उपलब्धता में आसानी होगी। मौके पर पंचायत सचिव बालचंद मंडल, कार्यपालक सहायक रोहित कुमार उपस्थित थे।


**पूर्व रेलवे**

**एसएलआर की पार्सल जगह को लीज पर देने के लिए ई–नीलामी आमंत्रण सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ मंजिल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा दो चरणों में दो वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 08 यात्रीवाही ट्रेनों में 15 अदद एसएलआर की पार्सल जगह की दीर्घमियादी लीजिंग के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट के ई–ऑक्शन मॉड्यूल के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न अहस्तांतरणीय नीलामी सूची **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। वर्तमान ई–नीलामी के लिए बोली **www.ireps.gov.in** पर ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से जमा की जाएगी। ई–नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों को क्लास–III का डिजिटल हस्ताक्षर लेने की भी आवश्यकता पड़ेगी। **(1) ऑक्शन कैटलॉग नं.:** पीसीएल–एचडब्ल्यूएच–एल25–3सी, **ट्रेन** : 15235 अप हावड़ा–दरभंगा साप्ताहिक एक्सप्रेस का एफएसएलआर–I, **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** दिनांक 27.03.2025 को 13.00 बजे। **(2) ऑक्शन कैटलॉग नं.:** पीसीएल–एचडब्ल्यूएच–एल25–4ए, **ट्रेन:** 07 यात्रीवाही ट्रेनों में 14 अदद एसएलआर, **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय** : दिनांक 04.04.2025 को 13.00 बजे।

HWH-692/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संपादकीय

# जजों की ईमानदारी पर सवाल!

दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर अधजली अवस्था में मिले 15 करोड़ रू. नकद से पूरा देश हैरान है। इस घटना से मुल्क की समूची न्याय व्यवस्था और न्यायाधीशों की कर्तव्यनिष्ठा ही संदेह के घेरे में आ गई है। इस पूरे मामले में शुरू में सुप्रीम कोर्ट के ढुलमुल रूख फिर आरोपी जज यशवंत वर्मा का ताबड़तोड़ दिल्ली से इलाहाबाद हाई कोर्ट तबादला और इस हाई प्रोफाइल प्रकरण में सरकार की लीपापोती ने भी मामले को संदिग्ध बना दिया हैं। हालांकि बाद में सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना ने आरंभिक जांच के बाद मामले को पूरी गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ जजों की जांच कमेटी बना दी है साथ ही पूरे मामले का वीडियो भी सार्वजनिक कर दिया है, जिसमें जले हुए नोट और बोरियां साफ दिख रही हैं। आरंभ में दबाने की कोशिशों के बाद भी यह मामला राज्यसभा में उठ गया और उधर इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने जस्टिस वर्मा के तबादले का विरोध यह कहकर शुरू कर दिया कि उन्हें कूड़ेदान नहीं चाहिए, तब मीडिया का ध्यान भी इस ओर गया। दूसरी तरफ मामले के आरोपी जस्टिस यशंवत वर्मा ने कहा है कि यह उनका पैसा नहीं है। जो पैसा मिला है, वह भी स्टोर में मिला है। इसको लेकर जो बातें और पूर्वाग्रह पाले जा रहे हैं, उससे न्यायाधीश के रूप में मेरी निष्ठा पर ही प्रश्नचिन्ह लग गया है। घटना के दिन वो दिल्ली में नहीं थे। दूसरी तरफ पुलिस का कहना है कि जस्टिस वर्मा के घर से अधजले नोटों की चार पांच बोरियां मिली हैं। अब सवाल यह कि अगर पाया गया कैश जस्टिस वर्मा का नहीं है तो फिर किसका है? ऐसा कौन सा व्यक्ति है, जो अत्यधिक सुरक्षा में रहने वाले एक हाई कोर्ट जज के यहां घुसकर 15 करो़ड़ रू. न केवल रख दे बल्कि बाद में उसमें आग भी लगा दे और जस्टिस तथा उनके स्टाफ को हवा तक न लगे। अगर एक जज के यहां कोई अन्य व्यक्ति नकद रख गया है तो यह और भी गंभीर बात है। हालांकि संदेह इस बात का ज्यादा है कि यह मोटी रकम किसी लेन देन के संदर्भ में रखी या रखवाई गई थी। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस जांच पूरी होने तक जज वर्मा के न्यायिक काम काज पर रोक लगा दी है। साथ उनके मोबाइल से 6 माह तक डाटा डिलीट करने पर भी रोक लगा दी है। जज के मोबाइल डिटेल से इस रकम पर से रहस्य का पर्दा उठ सकता है। आगे जांच में जो भी सामने आए, लेकिन इस पूरे प्रकरण ने ऊंची अदालतों में जजों की नियुक्ति प्रक्रिया की पारदर्शिता व निष्पक्षता तथा न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के सवालों को फिर से रेखांकित कर दिया है। उच्च न्यायपालिका में जजों की नियुक्ति कैसे हो, इसको लेकर बहस पहले भी चलती रही है। लेकिन न्यायाधीशों की नियुक्ति करने वाले कॉलेजियम ने इस प्रक्रिया में किसी भी बदलाव के सरकार के प्रयत्नों को खारिज ही किया है। भारत में सभी जज भ्रष्ट हैं, यह कहना गलत होगा, लेकिन वहां भी काली भेड़ें हैं, यह मानने में हिचक नहीं होना चाहिए। यह कैसे मान लिया जाए कि जस्टिस वर्मा के यहां मिला कैश किसी गुप्त डील का हिस्सा नहीं है? अगर उन्हें फंसाया गया है तो ऐसा दुस्साहसी और ताकतवर कौन है, जो जजों को भी फंसाने की कूवत रखता है। इस पूरे मामले को सुप्रीम कोर्ट कैसे डील करती है, इस पर सभी की नजर रहेगी। अब सवाल न्यायपालिका की ईमानदारी और संविधान निष्ठा को पुनर्प्रतिष्ठित करने का है। वरना जनता का न्यायपालिका से विश्वास ही उठ जाएगा।

# सनातन का सत्य अगर कुछ है तो वह है 'परहित'

**कुरुक्षेत्र के महासंग्राम के बाद उन्होंने अर्जुन और भीम आदि भाइयों के समक्ष जिस वैराग्य-भाव का प्रदर्शन किया, वह इसका प्रमाण है। अर्जुन आदि भाइयों द्वारा कठिन आलोचना सुनने के बाद उनका कहना फिर भी जारी रहता है- 'मैं वेद शास्त्रों को जानता हूँ। तुम अस्त्रधारी उन्हें क्या जानो ? शास्त्र के सूक्ष्म अर्थ को जो जानता है, वह मुझसे इस प्रकार न कहेगा। फिर भी भाई के हित में तुमने जो कहा, मैं उससे प्रसन्न हूँ। हे अर्जुन, तुम मेरी बुद्धि पर शंका न करो। पर समूचा महाभारत, माँ कुंती से लेकर पत्नी द्रौपदी तक उनको लेकर सशंकित रहते हैं। दूसरे धर्मज्ञ हैं पितामह भीष्म जो शरों की शय्या पर लेटे हुए हैं। महामुनि व्यास युधिष्ठिर से कहते हैं-बेहतर होगा, भीष्म के पास जाकर वे राजशास्त्र की शिक्षा ग्रहण करें। भीष्म ने इन्द्रादि देवताओं का साक्षात दर्शन किया है। महाबुद्ध भीष्म ने वसिष्ठ से वेद ज्ञान प्राप्त किया है। यद्यपि वे मनुष्य-योनि में उत्पन्न हुए हैं किन्तु मृत्यु उनकी इच्छा की वशी है।**

**विजय बहादुर सिंह**



महाभारत में तीन धर्मज्ञ हैं-पितामह भीष्म, धर्मराज युधिष्ठिर और वासुदेव कृष्ण। युधिष्ठिर तो जैसे हैं धर्मज्ञ हैं उस बारे में कुछ कहने की जरूरत नहीं। महाभारत के अनुसार उनकी प्रकृति बड़ी विचित्र थी। वह अवसर चूक जाते थे और फिर पछताते रहते थे। कर्म कर चुकने पर उन्हें यह बोध होने लगता था कि यह क्यों किया, करना नहीं था। कुरुक्षेत्र के महासंग्राम के बाद उन्होंने अर्जुन और भीम आदि भाइयों के समक्ष जिस वैराग्य-भाव का प्रदर्शन किया, वह इसका प्रमाण है। अर्जुन आदि भाइयों द्वारा कठिन आलोचना सुनने के बाद उनका कहना फिर भी जारी रहता है- 'मैं वेद शास्त्रों को जानता हूँ। तुम अस्त्रधारी उन्हें क्या जानो ?' शास्त्र के सूक्ष्म अर्थ को जो जानता है, वह मुझसे इस प्रकार न कहेगा। फिर भी भाई के हित में तुमने जो कहा, मैं उससे प्रसन्न हूँ। हे अर्जुन, तुम मेरी बुद्धि पर शंका न करो।

पर समूचा महाभारत, माँ कुंती से लेकर पत्नी द्रौपदी तक उनको लेकर सशंकित रहते हैं। दूसरे धर्मज्ञ हैं पितामह भीष्म जो शरों की शय्या पर लेटे हुए हैं। महामुनि व्यास युधिष्ठिर से कहते हैं-बेहतर होगा, भीष्म के पास जाकर वे राजशास्त्र की शिक्षा ग्रहण करें। भीष्म ने इन्द्रादि देवताओं का साक्षात दर्शन किया है। महाबुद्ध भीष्म ने वसिष्ठ से वेद ज्ञान प्राप्त किया है। यद्यपि वे मनुष्य-योनि में उत्पन्न हुए हैं किन्तु मृत्यु उनकी इच्छा की वशी है। ब्रहर्षि नित्य उनके सभासद थे। ज्ञान और ज्ञेय में कुछ भी ऐसा नहीं है, जिसे वे न जानते हैं। वे भीष्म धर्म के सूक्ष्म तत्व के वेत्ता है। 'इस पर युधिष्ठिर उन्हें अपने मन का असमंजस बताते हैं - घोर मार-काट करते हुए हमने उन्हें भी छल से शरशय्या पर लिटा दिया। अब किस मुँह से उनके पास जाऊँ? उनके मन में इससे भी बड़ी शंका एक और है कि- 'राजा के द्वारा-राजशास्त्र और धर्मचर्या इन दोनों का मेल एक साथ कैसे बिठाया जा सकता?'

यह केवल युधिष्ठिर और महाभारत-युग का सवाल नहीं है। व्यास जी उन्हें समझाते हैं- 'यदि तुम अपने लिए न भी जाना चाहो तो भी चारों वर्णों के हित की दृष्टि से तुम्हें भीष्म के पास जाना चाहिए क्योंकि वे सबके लिए हितकारी धर्मों का उपदेश करेंगे।'

संकेत स्पष्ट है राजा के लिए सबसे जरूरी है राजधर्म का पालन और भीष्म कहते हैं - 'राजाओं को प्रजा रंजन की कामना से शासन में प्रवृत्त होना चाहिए। ऐसा करके राजा लोक से उऋण होता है और सम्मान पाता है।' इसी सिलसिले में भीष्म जो सबसे बड़ी बात कहते हैं, उसे महाभारत के शब्दों में पढ़ना उचित होगा- 'सत्य के अतिरिक्त अन्य किसी उपाय से राजा को सिद्धि नहीं मिलती। सत्य में लगा हुआ राजा इस लोक में और परलोक में सुखी होता है, सत्य तो ऋषियों का परम धर्म है।' इसी क्रम में वे यह भी कहते हैं - 'अच्छा राजा प्रजा के प्रति ऐसा बर्ताव करता है जैसे घर में पिता पुत्रों के साथ। जिसके राज्य में प्रजाजन निर्भय होकर विचरते हैं, वही राजा उत्तम है। जिस राजा के राज्य में कूट कपट, माया और द्वेष नहीं होता वहीं सनातन धर्म देखा जाता है।'

राजा का सनातन धर्म है कि लोक का रंजन करे और सत्य का पालन करे और व्यवहार में ऋजुता बरते। भीष्म पितामह कहने को तो यह सब कह रहे हैं पर कौन नहीं जानता कि युधिष्ठिर ने जो शंका प्रकट की है, वह कोई आसानी से हल होने वाली बात नहीं है। क्या राजशास्त्र और धर्मचर्या का मेल एक साथ बिठाया जा सकता है? जिस जमाने में हम हैं, प्रदर्शन तो ऐसा ही किया जा रहा है। कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि जो राजपुरुष है, वस्तुतः वह धर्मपुरूष कहीं अधिक है। पर जब हम फिर भागवत आदि पुराणों की ओर लौटते हैं और धर्म के निर्णायक तत्वों (मानदण्डों) को जानना-तौलना शुरू करते हैं तब परेशानी ही परेशानी उठ खड़ी होती है। श्रीमद्भागवत पुराण के सप्तम स्कन्ध के ग्यारहवें अध्याय की व्याख्या प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रोफेसर आजाद मिश्र लिखते हैं- 'ग्यारहवें अध्याय में पहले सभी मनुष्यों के सामान्य धर्म का वर्णन है जिसे सनातन धर्म कहते हैं, क्योंकि ये सभी लोगों के शाश्वत धर्म हैं।' तो क्या यह शाश्वत धर्म ही सनातन धर्म है? भागवतकार इसे भी रहस्यमय बनाकर नहीं रखते। बगैर किसी लाग-लपेट के गिना देते हैं-सत्यं दया तपः शौचं तितिक्षेक्षा शमो दमः। अहिंसा ब्रह्मचर्यं च त्यागः स्वाध्याय आर्जवम।

सत्य, दया, तप, पवित्रता, सहनशीलता (सहिष्णुता), विवेक, मन का संयम इन्द्रिय नियन्त्रण, ब्रह्मचर्य, त्याग, स्वाध्याय और सरलता (ऋजुता) - ये सभी लोगों के सनातन धर्म हैं। फिर तो सभी पुराणों में सदाचार का आग्रह प्रबल हो उठा। इस सदाचार में सत्य, अहिंसा, क्षमा और त्याग को प्रमुखता दी गई। यह भी कहा गया कि सब जीवों पर दया करना धर्म का परम लक्षण है क्योंकि सबमें एक ही परमात्मा का वास है। इसी को मूल आधार मानते हुए वेदों से लेकर पुराणों तक में यह जोर देकर कहा गया कि सत्य ही सबसे बड़ा निर्णायक मूल्य है। जो सत्य है, वही दिव्य है। वही सृष्टि और ब्रह्मांड के केन्द्र में है। लोक में अत्यन्त प्रचलित धर्म कथा भी इसीलिए सत्यनारायण व्रत कथा है। सत्य का व्रत-पालन ही ईश्वर का स्मरण है। गांधी ने इसे उक्ति में ढालते हुए कहा- धर्म का पथ वस्तुतः ईश्वर का पथ है। यही सनातन का सार है और फिर भी बार-बार पुराणों का यह मर्म वचन याद रखने की जरूरत है–

अष्टादश पुराणेषु व्यासस्य वचन द्वयं। परोपकाराः पुण्याय, पापाय परपीड़नम्। महाकवि तुलसी के शब्दों में-परहित सरिस धरम नहिं भाई/ परपीड़ा सम नहिं अधमाई। सनातन का सत्य अगर कुछ है तो यही है।

अध्यात्म

## राजा के लिए उसकी प्रजा का सुख ही सर्वोपरि होता है



एक संत हमेशा घूमते रहते और लोगों को धर्म-कर्म के लिए प्रेरित करते थे। घूमते-घूमते वे एक ऐसे राज्य में पहुंच गए, जहां के राजा बहुत दानी और धर्म-कर्म करने वाले थे। लेकिन, उन्हें अपनी शक्ति पर और धन पर बहुत घमंड था।

संत उस राजा के राज्य में ठहर गए। कुछ ही दिनों में राज्य के काफी लोग संत के पास पहुंचने लगे थे। संत अपने अनुभव से लोगों की समस्याओं का हल बता देते थे। उनके उपदेश सुनने के लिए लोगों की भीड़ लगने लगी थी। जब ये बात राजा को मालूम हुई तो उसने संत को अपने महल में भोजन के आमंत्रित किया। संत राजा के महल में पहुंच गए। राजा ने संत का बहुत अच्छी तरह सत्कार किया। खुद भोजन परोसा। खाने के बाद संत जाने लगे तो राजा ने कहा कि गुरुदेव मैं आपको कुछ देना चाहता हूं। आप अपनी इच्छा के अनुसार मुझसे कुछ भी मांग सकते हैं। मैं आपकी हर इच्छा पूरी कर सकता हूं। मैं राजा हूं और मेरे लिए कुछ भी असंभव नहीं है।

संत समझ गए कि राजा को अपने धन पर और शक्ति पर बहुत घमंड है। उन्होंने कहा कि राजन् आप अपनी सबसे प्रिय चीज मुझे दान में दे दीजिए।

राजा को समझ नहीं आया कि वह संत को क्या चीज दान में दे। उसने सोने के सिक्कों से संत का कमंडल भर दिया। संत ने कहा कि राजन् मुझे धन नहीं चाहिए। मुझे पैसों का लालच नहीं है। आप मुझे अपना अहंकार दे दीजिए। घमंड एक ऐसी बुराई है, जिससे हमारे सभी गुणों का महत्व खत्म हो जाता है। इस बुराई की वजह से आपके भी सारे गुण महत्वहीन हो जाते हैं। राजा को घमंड से बचना चाहिए। आपके पास जो भी धन-संपत्ति है, उस पर आपकी प्रजा का भी हक है। क्योंकि, राजा के लिए उसकी प्रजा का सुख ही सर्वोपरि होता है। अपनी प्रजा की सेवा निस्वार्थ भाव से करें, तभी राजा का धर्म पूरा होगा। राजा को संत की बात समझ और उसने घमंड छोड़ने का संकल्प लिया।

# मोटापा बना महामारी, निपटना उतना ही गंभीर

**हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में देश और दुनिया में तेजी से बढ़ रही मोटापे की समस्या का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि खाने में ऐसी चीजों का प्रयोग मत कीजिए, जिससे मोटापा बढ़े। इसकी जगह शुद्ध सात्विक चीजों का सेवन करें। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ राष्ट्र बनाने के लिए हमें मोटापे की समस्या से निपटना ही होगा। मोटापे से निजात पाना व्यक्तिगत समस्या नहीं है, बल्कि यह परिवार के प्रति भी हमारी जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने खाने में तेल का उपयोग कम करने की सलाह देते हुए कहा कि यह कई बीमारियों की वजह बनता है। इससे मोटापे के साथ ही डायबिटीज, बीपी और दिल की बीमारियों का खतरा लगातार बना रहता है, इसलिए हमें तेल के अधिक प्रयोग से बचना बहुत जरूरी है। पीएम मोदी ने पहले भी मोटापा कम करने के लिए कहा है। इससे एक बार फिर महामारी बनती मोटापे की बीमारी पर देशभर में चर्चा छिड़ गई है। एक्सपर्ट लगातार इस पर चर्चा करते हुए मोटापे से बचने की सलाह दे रहे हैं।**

**अमित बैजनाथ गर्ग**

दुनियाभर के लिए मोटापा कितना गंभीर रोग बनता जा रहा है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया में हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे का शिकार है। स्वास्थ्य को लेकर जारी कई रिपोर्ट इस बात की तस्दीक करती हैं कि भारत में भी मोटापा तेजी से पैर पसार रहा है। रिपोर्ट कहती हैं कि देश में महिलाओं में पुरुषों के मुकाबले मोटापा अधिक है। महिलाओं में मोटापे की दर 9.8 फीसदी है। वहीं पुरुषों में मोटापे की दर 5.4 फीसदी है, जबकि लड़कियों में मोटापे की दर 3.1 फीसदी और लड़कों में मोटापे की दर 3.9 फीसदी है। वहीं बच्चों में भी मोटापा चार गुना तक बढ़ गया है। भारत में 40 प्रतिशत महिलाएं और 12 प्रतिशत पुरुष पेट से जुड़े मोटापे से ग्रस्त हैं। शहरी क्षेत्रों में मोटापा ग्रामीण क्षेत्रों से ज्यादा है। दक्षिण भारत में मोटापा अधिक है। केरल, तमिलनाडु, पंजाब और दिल्ली में मोटापे की दर ज्यादा है। वहीं मध्य प्रदेश और झारखंड में मोटापे की दर कम है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, दुनियाभर में बहुत सारे लोग मोटापे से परेशान हैं। साल 2022 में तो एक अरब से ज्यादा लोग इस समस्या से जूझ रहे थे। अध्ययन कहता है कि 2022 में अधिक वजन वाले वयस्कों की संख्या करीब 43 प्रतिशत थी। वहीं यूरोप में अधिक वजन या मोटापा लोगों की मृत्यु और विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है। एक अनुमान के मुताबिक, मोटापे के चलते पूरी दुनिया में हर वर्ष 12 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि अधिक वजन वाले और मोटापे से ग्रस्त लोग कोविड महामारी के परिणामों से अलग-अलग रूप से प्रभावित हुए हैं, जिन्हें अक्सर अधिक गंभीर बीमारी और अन्य जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है। अधिक वजन या मोटापे को कम से कम 13 विभिन्न प्रकार के कैंसर का कारण माना जाता है, जो पूरे यूरोप में सालाना कैंसर के कम से कम दो लाख नए मामलों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हो सकता है।असल में मोटापे को एक जटिल दीर्घकालिक बीमारी समझा जाता है, जो एक संकट बन गया है। यह एक ऐसी महामारी के रूप में उभर रहा है, जिसमें पिछले कुछ दशकों में भारी वृद्धि हुई है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, वैसे तो मोटापे के लिए जिम्मेदार कारणों के साथ-साथ इस संकट को रोकने के लिए आवश्यक साक्ष्य-आधारित कार्यक्रमों की जरूरत को भी समझा जाता है, लेकिन समस्या यह है कि उन्हें लागू नहीं किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि लगभग सभी देशों की सरकारों और समुदायों को मोटापे पर काबू पाने के वैश्विक लक्ष्यों की पूर्ति की करने के लिए कार्रवाई और प्रगति के मार्ग पर वापस लौटना होगा। इन प्रयासों को डब्ल्यूएचओ और राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसियों की साक्ष्य-आधारित नीतियों का समर्थन देने की भी बात कही गई है। इसमें निजी क्षेत्र के सहयोग की भी आवश्यकता है, जिसे अपने उत्पादों के स्वास्थ्य प्रभावों के लिए जवाबदेह होना होगा।

साल 2022 में किए गए अध्ययन में सामने आया कि दुनिया भर में मोटापे से ग्रस्त बच्चों, किशोरों और वयस्कों की कुल संख्या एक अरब से अधिक हो गई है। 2022 में 15.90 करोड़ बच्चे और किशोर तथा 87.90 करोड़ वयस्क मोटापे से ग्रस्त थे। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि 2022 में 43 फीसदी वयस्क अधिक वजन वाले थे। डब्ल्यूएचओ के सहयोग से किए गए इस अध्ययन में 190 से अधिक देशों में 1,500 से अधिक शोधकर्ताओं ने पांच साल या उससे अधिक उम्र के 22 करोड़ से अधिक लोगों के वजन और ऊंचाई की माप का विश्लेषण किया। उन्होंने यह समझने के लिए बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) को देखा कि 1990 से 2022 तक दुनिया भर में मोटापा और कम वजन में किस तरह बदलाव आया। अध्ययन में कहा गया है कि 1990 के बाद से कम वजन वाले लोगों की संख्या में गिरावट के साथ-साथ मोटापा अधिकांश देशों में कुपोषण का सबसे आम रूप बन गया है। अध्ययन से यह भी पता चलता है कि कुपोषण सार्वजनिक स्वास्थ्य को लेकर एक बहुत बड़ी चुनौती बना हुआ है।

द लैंसेट में प्रकाशित अध्ययन के आंकड़ों के अनुसार, 1990 के बाद से मोटापे की चपेट में आने वाले वयस्कों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। वहीं 1990 के बाद से मोटापे की चपेट में आने वाले पांच से 19 वर्ष के बच्चों व किशोरों की संख्या चार गुनी हुई है यानी इस आयु की आबादी में मोटापा अपना दायरा बहुत तेजी से बढ़ा रहा है। रिपोर्ट कहती है कि मोटापा कई गैर-संचारी रोगों के खतरे को बढ़ाता है, जिनमें हृदय रोग, टाइप-2 मधुमेह (डायबिटीज) और सांस संबंधी पुरानी बीमारियां शामिल हैं। वहीं एक्सपर्ट का कहना है कि मोटापे की वजह से कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं, जैसे कि दिल की बीमारी, डायबिटीज और यहां तक कि कैंसर भी। सिर्फ इतना ही नहीं, मोटापा हमारे शरीर को भी कमजोर बनाता है। इससे हड्डियां कमजोर हो सकती हैं और चलने-फिरने की क्षमता भी कम हो सकती है। मोटापे की वजह से नींद भी अच्छी नहीं आती और हम रोजमर्रा के काम भी ठीक से नहीं कर पाते।कई देशों में मोटापा सेहतमंद बनाम गैर सेहतमंद भोजन का मामला भी बन गया है। कुछ मामलों में ये मार्केटिंग कंपनियों की आक्रामक रणनीति भी है, जो गैर सेहतमंद भोजन को बढ़ावा देती है। कई बार सेहतमंद भोजन की कीमत ज्यादा होने या उपलब्ध न होने पर भी लोग ऐसे भोजन को प्राथमिकता देते हैं, जो मोटापा बढ़ा सकते हैं। एक्सपर्ट कहते हैं कि वे मोटापे के आंकड़े को वर्षों से देखते रहे हैं। वे मोटापे की बढ़ती रफ्तार से हैरान हैं। अब कई और देश लोगों में बढ़ते मोटापे के संकट से जूझ रहे हैं। वे कहते हैं कि उन जगहों की संख्या भी घटी है, जहां लोगों में कम वजन एक समस्या बनती जा रही थी। कुछ एक्सपर्ट मोटापे को दो नई कैटेगरी में बांटने की वकालत भी करते हैं। पहली क्लीनिकल मोटापा, जिसका मतलब है मोटापे की वजह से हमारे शरीर का कोई अंग ठीक से काम नहीं कर रहा है, जैसे कि दिल, किडनी या लिवर। दूसरी, प्री-क्लीनिकल मोटापा। इसका मतलब है अभी तक कोई बीमारी नहीं हुई है, लेकिन मोटापे की वजह से बीमार होने का खतरा बढ़ गया है।

तेल मोटापे की सबसे बड़ी वजह है। सबसे पहले अपने भोजन में तेल की कटौती करनी होगी। अगर धीरे-धीरे कटौती करेंगे, तो वजन घटेगा। वहीं मोटापे से बचने के लिए अपने आहार और जीवनशैली में बदलाव करें। रोजाना जितनी कैलोरी बर्न करते हैं, उससे ज्यादा कैलोरी न खाएं। चीनी-मीठे पेय पदार्थों का सेवन सीमित करें। ज्यादा वसा वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करें। प्रोटीन के स्रोतों जैसे बीन्स, दाल और सोया का सेवन बढ़ाएं। फल, सब्जियां, साबुत अनाज खाएं। भरपूर पानी पिएं। खाने में फाइबर की मात्रा बढ़ाएं। हर सप्ताह तीन से चार दिन औसतन 60 से 90 मिनट या उससे ज्यादा मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि करें। टहलना, सीढ़ियां चढ़ना-उतरना, बगीचे में काम करना, टेनिस खेलना, बाइकिंग, स्केटिंग जैसी गतिविधियां करें। पर्याप्त नींद लें और तनाव प्रबंधन करें। अपने स्वास्थ्य देखभाल के लिए पेशेवरों से सलाह लें। व्यवहार संबंधी उपचार जैसे समूह परामर्श और सत्रों में शामिल हों। ध्यान रखें कि वजन धीरे-धीरे घटाने से वजन को बनाए रखने की संभावना ज्यादा होती है। इस तरह कुछ बातों का ध्यान रखकर मोटापे की समस्या से निजात पाई जा सकती है।

## आज का कार्टून

नागपुर हिंसा के मास्टरमाइंड फहीम खान के घर चला बुलडोजर, भड़काऊ भाषण केस में जेल में है बंद




## राशिफल

**मेष**
आज आप लम्बित परियोजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारी आपसे दुर्व्यवहार कर सकते हैं। आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में काम का अधिक दबाव हो सकता है। सभी कार्य मन लगाकर करेंगे तो सफलता मिलेगी। बड़े भाई-बहनों के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है।

**मिथुन**
किसी विदेशी संस्था से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। आज आप मन लगाकर अपना काम करेंगे। साझेदारी वाले व्यापार में भी बड़ा धन लाभ हो सकता है।

**कर्क**
आज काफी मेहनत करनी पड़ेगी। अपनी बातों को दूसरों के ऊपर न थोपें। ट्रेडिंग और निर्माण कार्यों से जुड़े कारोबार में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

**सिंह**
आज कोई पुराना विवाद दूर हो सकता है। परिजनों से अपने मन की बातें शेयर कर तरोताजा महसूस करेंगे। इससे आपके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी।

**कन्या**
करियर में कुछ अस्थिरता रहेगी। कटु भाषा बोलने के कारण कुछ लोग आपसे नाराज रहेंगे। लोग पीठ पीछे आपकी आलोचना करेंगे।

**तुला**
सरकारी काम अल्प प्रयासों से पूर्ण हो जायेंगे। अपनी क्षमताओं का कुशल प्रयोग कर पायेंगे। जॉब में बदलाव करने की योजना बना सकते हैं।

**वृश्चिक**
आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। आयात-निर्यात सम्बन्धी कारोबार में लाभ हो सकता है। आपके जनसम्पर्क का दायरा विस्तृत होगा।

**धनु**
आज आप अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेकर नया काम शुरू करें। कार्यक्षेत्र में आपकी पदोन्नति को लेकर चर्चा चल सकती है। घर में प्रियजनों का आगमन हो सकता है।

**मकर**
किसी नकारात्मक विचार के कारण आपका मन खराब हो सकता है। आज कुछ समय प्रकृति के सानिध्य में बितायें। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने में परेशानी होगी।

**कुंभ**
नया कारोबार शुरू करना चाह रहे हैं तो उसकी योजना आज बना सकते हैं। आपकी सफलता के पीछे एकाग्रता और समर्पण का बड़ा हाथ रहेगा।

**मीन**
परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। उत्तम कार्यशैली के कारण आपको सफलता मिलेगी। धन से जुड़े मामलों के लिये दिन अच्छा है।

# सड़क दुर्घटनाओं के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा

## सड़क सुरक्षा समिति व हिट एंड रन मामलों कीं समीक्षात्मक बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा।** डीएम तनय सुल्तानिया के निर्देश पर विशेष कार्य पदाधिकारी सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, भोजपुर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं हिट एंड रन मामलों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। जिसमें सड़क दुर्घटनाओं के विभिन्न कारणों, सड़क सुरक्षा मानकों के क्रियान्वयन, ब्लैक स्पॉट, हिट एंड रन मामलों के निष्पादन की अद्यतन स्थिति, नॉन-हिट एंड रन मामलों की प्रगति, । e-Dar पोर्टल, हेलमेट अभियान, डीएल कैंसिलेशन एवं सस्पेंशन रिपोर्ट, गुड समैरिटन रिपोर्ट जैसे मुख्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। समीक्षा में जिला परिवहन पदाधिकारी को जिले में चिन्हित सभी ब्लैक स्पॉट के पास साइनेज लगाने, मेडिकल हेल्प लाइन नंबर, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, बीडी व सीओ, थानाध्यक्ष का संपर्क नंबर प्रदर्शित करने एवं आम जनता तक इन स्पॉट की जानकारी विभिन्न माध्यमों से पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिए। कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग को इन ब्लैक स्पॉट्स की सतत निगरानी करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। द्व-टथद एवं द्व-क्ष्थ्न पोर्टल की समीक्षा के दौरान, एसडीपीओ एवं जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र अनुश्रवण एवं निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में नगर आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, यातायात उपाधीक्षक, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग भोजपुर, परियोजना निदेशक, एनएचईआई भोजपुर, सहायक निदेशक, खनन, मोटरयान निरीक्षक, प्रवर्तन अवर निरीक्षक, थानाध्यक्ष, वाहन ऑनर्स सहित अन्य मौजूद थे।

## जांच के दौरान डीएम ने की संचिकाओं की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय, चरपोखरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड कार्यालय में संचालित विभिन्न पंजियों–अनुक्रमणिका पंजी, आगत-निर्गत पंजी एवं लोक शिकायत परिवाद पंजी की गहन जांच की।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने बीडीओ को निर्देश दिया कि सभी पंजियों को समय पर अद्यतन किया जाए और लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए। इसके बाद अंचल कार्यालय का निरीक्षण करते हुए उन्होंने अनुक्रमणिका पंजी और आगत-निर्गत पंजी की स्थिति की समीक्षा की।

**लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश**

डीएम ने सीओ को सख्त निर्देश दिया कि लंबित परिमार्जन, जमाबंदी एवं अतिक्रमणवाद से संबंधित मामलों का अविलंब निपटारा किया जाए। साथ ही, अभियान बसेरा योजना के तहत पात्र भूमिहीनों की पहचान कर उन्हें वास पर्चा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान डीडीसी डॉ. अनुपमा सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी पीरो, भूमि सुधार उपसमाहर्ता पीरो (निदेशक, डीआरडीए), जिला कल्याण पदाधिकारी, बीडीओ और सीओ चरपोखरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### नदी में डूबने से बच्ची की मौत

**शिवाजीनगर (समस्तीपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रोसड़ा थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव में करेंह नदी में नहाने के दौरान डूबने से 12 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही रोसड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान गांव के कुशेश्वर मुखिया की 12 वर्षीय पुत्री पार्वती कुमारी के रूप में हुई है। गांव वालों के अनुसार, पार्वती नदी में नहाने गई थी, जहां गहरे पानी में जाने से उसकी डूबकर मौत हो गई। मौके पर पंचायत प्रतिनिधि सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### एंबुलेंस ने ट्रक में मारी टक्कर, चार घायल

**कोइलवर (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बुधवार सुबह करीब 5 बजे कोईलवर सिक्सलेन पुल पर एक खड़ी ट्रक में एंबुलेंस के टकराने से चार लोग घायल हो गए। घटना में एंबुलेंस चालक सहित सभी घायलों को डायल 112 की मदद से कोईलवर सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। घायलों की पहचान संतोष कुमार (मनेर), धर्मेंद्र कुमार (मजवारी), लक्ष्मण सिंह और सुमित्रा कुमारी (पकड़ी, आरा) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि लक्ष्मण सिंह का हर्निया ऑपरेशन कराने के बाद एक निजी एंबुलेंस से परिजन उन्हें आरा ले जा रहे थे, इसी दौरान सिक्सलेन पुल पर खड़ी एक ट्रक से एंबुलेंस टकरा गई। हादसे में एंबुलेंस पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि चारों घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर का आयोजन

**जगदीशपुर (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन में बुधवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दावां, दलीपपुर, पूर्वी आयर, हरदियां हरिगांव और हेतमपुर पंचायत के लोगों द्वारा कुल 13 आवेदन जमा किए गए। इनमें 6 आवेदन कबीर अंत्येष्टि योजना, 2 मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन, 2 लक्ष्मीबाई पेंशन, 1 दिव्यांग पेंशन और 2 बैंक खाता अपडेट से संबंधित थे। आज गुरुवार को यह शिविर परसियां, शिवपुर, सियरुआं, उतरवारी जंगल महाल, उतरदाहां, पश्चिमी आयर, ककीला और कौरा पंचायत के ग्रामीणों के लिए आयोजित किया जाएगा। बीडीओ कान्ति कुमार ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अपनी पेंशन योजना से जुड़ी शिकायतें शिविर में दर्ज कराएं, ताकि समस्याओं का जल्द समाधान हो सके।

### सांसद राजीव प्रताप रूडी के आगमन को लेकर बैठक

**कोइलवर (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सांसद राजीव प्रताप रूडी के आगमन से पहले बुधवार को गीधा में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हाजीपुर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद सम्राट ने की। बैठक में सांसद के स्वागत और कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान प्रमुख रूप से गीधा पैक्स अध्यक्ष रमेंद्र नारायण सिंह, अमरजीत बिहारी, डब्लू सिंह, कुंदन सिंह, मंटू सिंह, छोटू कुशवाहा, सतेन्द्र सिंह, बलिराम सिंह, राधे सिंह, रवि कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### ऋण चुकता को लेकर बैंककर्मी की बैठक

**कोइलवर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लंबे समय से कर्जदारों द्वारा बैंक ऋण चुकता नहीं किए जाने को लेकर प्रखंड मुख्यालय में आज बैंक अधिकारियों की बैठक हुई। प्रखंड राजस्व अधिकारी के साथ आयोजित बैठक में मुख्यतः ऋण वसूली पर चर्चा हुई।राजस्व पदाधिकारी राजभूषण सिंह ने बताया कि प्रखंड में छह सौ से अधिक बकाए ऋण खाते पर बैंक कर्मियों से चर्चा हुई है। राजस्व अधिकारी ने बताया कि ऋण चुकता नहीं किए जाने पर कानूनी प्रक्रिया के तहत कारवाई की जाएगी।

## ज्ञानपुर बालू चौक महादलित टोला में विशेष शिविर का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़हरा/भोजपुर।** नथमलपुर पंचायत के ज्ञानपुर बालू चौक स्थित महादलित टोला में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ऑन-द-स्पॉट जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड आदि का निष्पादन किया जा रहा है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत शौचालय निर्माण, हर घर नल-जल योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की जा रही है। शिविर में जन्म मृत्यु, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आवास, पशुपालन, आरटीपीएस, राजस्व, बसुधाकेंद्र, स्वास्थ्य विभाग, कृषि, राशन समेत अन्य विभाग के कर्मी शिविर में शामिल थे। मौके पर बीडीओ मोहित भारद्वाज, कृषि समन्वयक वेद प्रकाश, पंचायत सचिव मनीष कुमार वर्मा, कार्यपालक सहायक रवि शंकर शरण, जन्म-मृत्यु डाटा ऑपरेटर रवि, राजस्व कर्मचारी नौशाद आलम, वसुधा केंद्र ऑपरेटर, स्वास्थ्य विभाग, आधार सुधार, विकास मित्र नीलू देवी, पशु पालन विभाग से मोबाइल डा नलीन परमार, सरपंच बिनोद कुमार राम समेत अन्य पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

## बगवां में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, विरोध में सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गड़हनी (भोजपुर)।** आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर बगवां स्थित विशाल होटल के पास एक अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से 30 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पूर्वी डेम्हा गांव निवासी गांधी सिंह के पुत्र प्रमोद कुमार के रूप में हुई है। घटना बुधवार दोपहर करीब 2 बजे की है। हादसे के तुरंत बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया, जिससे यातायात बाधित हो गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए गड़हनी के एडिशनल एसएचओ कुमार गौरव, बीडीओ अर्चना कुमारी, प्रखंड प्रमुख बिनोद सिंह और जिला परिषद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव मौके पर पहुंचे और जाम हटाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण तत्काल मुआवजा दिए जाने की मांग पर अड़े रहे।

**प्रशासन पर अविश्वास, ग्रामीणों ने किया हंगामा**

ग्रामीणों का कहना था कि पूर्व में भी सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए लोगों के परिजनों को मुआवजा नहीं मिला है, इसलिए वे केवल आश्वासन पर भरोसा नहीं करेंगे। इस दौरान गड़हनी अंचलाधिकारी की गैरमौजूदगी को लेकर भी लोगों में आक्रोश था। अंततः प्रखंड प्रमुख, बीडीओ और जिला परिषद प्रतिनिधि के समझाने-बुझाने के बाद करीब 4:25 बजे जाम समाप्त हुआ। मृतक प्रमोद कुमार अपनी मोटरसाइकिल से गड़हनी बाजार जा रहे थे, तभी बगवां स्थित विशाल होटल के समीप तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उन्हें कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में उनकी मोटरसाइकिल भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही गांव और परिवार में मातम पसर गया। मृतक की पत्नी शारदा देवी रो-रोकर बेसुध हो गईं, जबकि उनके बच्चे गहरे सदमे में हैं। मृतक की शादी करीब 10 साल पहले बिसम्भरा गांव की शारदा देवी से हुई थी। उनके दो बेटे–10 वर्षीय प्रिंस कुमार और 8 वर्षीय अभिराज कुमार–तथा 6 वर्षीय बेटी खुशी कुमारी हैं।

**अब कौन चलाएगा घर**

मृतक प्रमोद कुमार ट्रक पर खलासी का काम करते थे और साथ ही खेतीबाड़ी से परिवार का भरण-पोषण करते थे। अब उनके असमय निधन से परिवार के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। पत्नी और बच्चों के भविष्य को लेकर परिवार चिंतित है।

## डी.के. इंस्टिट्यूट के छात्रों ने इंटर में लहराया परचम, छात्राओं का भी शानदार प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जगदीशपुर (भोजपुर)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मंगलवार को इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित किया। नगर पंचायत स्थित नया टोला के डी.के. इंस्टिट्यूट के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संस्थान की छात्रा निकहत प्रवीन ने 437 अंक प्राप्त कर संस्थान में टॉप किया। वहीं, माहेश्वरी कुमारी ने 436 अंक, निशि कुमारी ने 433 अंक, खुशी कुमारी ने 431 अंक, रौशनी कुमारी ने 429 अंक, खुशबू कुमारी ने 416 अंक, गुड्डू कुमार ने 415 अंक, आभा कुमारी ने 406 अंक, रवि कुमार ने 402 अंक, दरक्षन प्रवीन और सत्यम कुमार ने 401-401 अंक हासिल किए। इंग्लिश में भी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। निकहत प्रवीन - 93 अंक, सानिया नाज - 91 अंक, निशि कुमारी - 90 अंक, रौशनी कुमारी - 87 अंक, खुशबू कुमारी - 86 अंक, सत्यम कुमार - 85 अंक, रवि कुमार - 85 अंक, रजनीकांत कुमार - 87 अंक

**ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने भी दिखाया दम**

इस परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने भी शानदार प्रदर्शन किया, जो यह दर्शाता है कि मेहनत और लगन से किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल की जा सकती है।

**संस्थान के शिक्षकों और अभिभावकों की खुशी**

डी.के. इंस्टिट्यूट के संचालक धनोज कुमार ने छात्रों की सफलता पर हर्ष जताते हुए कहा कि हर साल संस्थान के विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम अपने संस्थान में विद्यार्थियों को सर्वोत्तम शिक्षा देने का प्रयास करते हैं। जब बच्चे अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो शिक्षकों और संस्थान का मान-सम्मान बढ़ता है।' संस्थान की टॉपर निकहत प्रवीन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। वहीं, माहेश्वरी कुमारी के पिता ने बेटी की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है।' माहेश्वरी कुमारी ने कहा, 'पढ़ाई के दौरान हमें सिर्फ मेहनत पर ध्यान देना चाहिए, न कि रिजल्ट की चिंता करनी चाहिए। अगर हम नियमित रूप से फोकस के साथ पढ़ाई करें, तो सफलता निश्चित रूप से मिलेगी।' इस मौके पर ऑप्टिक्स क्लासेज के डायरेक्टर अनिल सर भी मौजूद रहे। संस्थान ने सभी सफल विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन व सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत ऋण वितरण शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** उद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत बुधवार को ऋण वितरण शिविर का आयोजन जिला समाहरणालय के सभागार में किया गया। अध्यक्षता श्रीमती नीता वर्मा परियोजना प्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र भोजपुर ने और संचालन एलडीएम राजेश चौधरी ने किया। इस दौरान प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा एक लाभुक को 10.00 लाख का ऋण स्वीकृत किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, पंजाब नेशनल बैंक, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक एवं कैनरा बैंक द्वारा कुल 15 लाभुकों को 72.28 लाख का ऋण स्वीकृत तथा भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा 08 लाभुकों को 17.39 लाख का ऋण वितरित किया गया। तत्पश्चात एलडीएम राजेश चौधरी ने बैंकर्स से कहा कि स्वीकृत आवेदनों को 31 मार्च से पूर्व भुगतान कर दे। वही डीडीएम नाबार्ड रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि जिले के प्रगति और विकास में बैंकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने बैंकों से पीएमएफएमई और पीएमईजीपी योजना में अगले वित्तीय वर्ष में और बेहतर करने को कहा। धन्यवाद ज्ञापन नीता वर्मा परियोजना प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र ने किया। मौके पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक राजेश चौधरी, डीडीएम नाबार्ड रंजीत कुमार सिन्हा, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक से दीपक सिंह, एसबीआई से अनामिका कुमारी, पंजाब नेशनल बैंक से वरिष्ठ प्रबंधक कुमारी सोनी, केनरा बैंक से आकांक्षा कुमारी, इंडियन बैंक के डीसीओ दीपक सिन्हा, पंजाब एंड सिंध के अभिनव त्रिपाठी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के डीसीओ संजय आचार्य, यूको बैंक के डीसीओ सुधांशु शेखर समेत उद्योग विभाग से परियोजना प्रबंधक नीता वर्मा, उद्योग विस्तार पदाधिकारी सतीश कुमार, हरेश कुमार, स्वेता कुमारी, अखिलेश कुमार, डीआरपी सौरभ, अनुराग समेत अन्य मौजूद थे।

**पीएम विश्वकर्मा योजना में 29 आवेदनों को निरस्त करने का निर्णय**

उद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनान्तर्गत जिला क्रियान्वयन समिति की बैठक का भी आयोजन किया गया। परियोजना प्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र भोजपुर नीता वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समिति के समक्ष कुल 3136 आवेदनों को प्रस्तुत किया गया। इन आवेदनों में संबंधित बीडीओ द्वारा सत्यापित किये गये 3107 आवेदनों को स्टेज 2 से स्टेज 03 में अग्रसारित करने एवं 29 आवेदनों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर (स्टेज 1) पर लंबित 1215 आवेदनों को मुखिया से जल्द से जल्द स्टेज 02 पर अग्रसारण कराने का निर्देश समिति द्वारा दिया गया। इस बैठक में समिति के जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक राजेश चौधरी, श्रम अधीक्षक, कार्यपालक पदाधिकारी, दुर्गा राज डोमेन विशेषज्ञ, हरेराम चंद्रवशी डोमेन विशेषज्ञ, पूनम कुशवाहा डोमेन विशेषज्ञ समेत अन्य मौजूद थे।

## ऑप्टिक्स क्लासेस के छात्रों ने इंटर परीक्षा में लहराया परचम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा 25 मार्च को घोषित इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में ऑप्टिक्स क्लासेस, जगदीशपुर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर शिक्षण संस्थान और क्षेत्र का नाम रोशन किया। संस्थान के कई विद्यार्थियों ने 400 से अधिक अंक प्राप्त किए, जिनमें निशि कुमारी (433), रौशनी गुप्ता (429), खुशबू कुमारी (416), आभा कुमारी (406) प्रमुख रहीं। इसके अलावा विशाल कुमार, नीरज, राजकुमारी, बेबी कुमारी, जया कुमारी, हर्षित कुमार, कृष्णा कुमार, आंशिका कुमारी सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। छात्र-छात्राओं की इस सफलता से संस्थान में हर्ष का माहौल रहा। संस्थान के निदेशक अनिल सर ने सभी सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष संस्थान के छात्र-छात्राएं बेहतरीन परिणाम देकर जगदीशपुर अनुमंडल का नाम रोशन करते हैं। इनमें से कई विद्यार्थी आगे की पढ़ाई कर सरकारी नौकरियों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं। इस अवसर पर डीके इंस्टीट्यूट के निदेशक धनोज सर और प्रोग्रेसिव क्लासेस के निदेशक पिंटू सर ने भी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दीं।

## गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार) के निर्देशानुसार एवं जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के मार्गदर्शन में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा (16 से 31 मार्च 2025) के अंतर्गत जिला गंगा समिति, भोजपुर के तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके दूसरे दिन, 26 मार्च को सहजानंद ब्रह्मर्षि महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. पूनम कुमारी, अमित कुमार सिंह एवं आईटीसी समन्वयक भोजपुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर आसमा खातून ने कहा कि नमामि गंगे द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य लोगों को नदियों के प्रति जागरूक करना एवं उनके संरक्षण हेतु प्रयासरत रहना है। उन्होंने सभी से मिलकर नदियों को बचाने के लिए टीम के रूप में कार्य करने का आह्वान किया। प्राचार्या डॉ. पूनम कुमारी ने जिला गंगा समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मां गंगा को स्वच्छ, अविरल एवं निर्मल बनाए रखने के लिए समिति सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण हेतु सतत योगदान देने की अपील की। इस अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कारः अमरजीत कुमार सिंह (एचएनके क्षत्रीय स्कूल, आरा) द्वितीय पुरस्कारः मोहम्मद शाहनवाज शाह तथा तृतीय पुरस्कारः रोशन सिंह को मिला। सांत्वना पुरस्कारः अदिति कुमारी एवं अंकित कुमार सिंह (एसबी कॉलेज, आरा) को मिला।

रंगोली प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कारः आसनी एवं सरस्वती, द्वितीय पुरस्कारः दिव्य तृतीय पुरस्कारः नंदनी, आकांक्षा कुमारी एवं ऋतुराज साहनी को मिला। सीनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कारः आकांक्षा प्रजापति, द्वितीय पुरस्कारः तान्या, तृतीय पुरस्कारः अंकिता, पेंटिंग प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में प्रथम स्थानः लवकुश कुमार, द्वितीय स्थानः तान्या कुमारी तृतीय स्थानः नंदनी कुमारी तथा सांत्वना पुरस्कारः आयुष कुमार एवं अनुराग राज को मिला। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थानः राजनंदनी गुप्ता, द्वितीय स्थानः साक्षी कुमारी, तृतीय स्थानः कामनी कुमारी तथा सांत्वना पुरस्कारः रिया एवं जागृति को मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हर्षिता विक्रम ने गणेश वंदना से किया। खुशी एवं सरिया पाठक ने कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में पवन कुमार, अमन कुमार, चंदन सिंह, मनीष कुमार सिंह, कुंदन कुमार सिंह, मनु कुमार सिंह, पीयूष कुमार, राजा कुमार, गोल्डन कुमार एवं नीतीश कुमार सिंह सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पद्मश्री सम्मान से बढ़ा बिहार का गौरव : अशोक सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** बिहार संग्रहालय, पटना द्वारा पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संग्रहालय के ओरिएंटल हॉल में आयोजित राज्य के मूर्धन्य कलाकार मिलन दास की एकल प्रदर्शनी का उद्घाटन डॉ. भवेश, अशोक कुमार सिन्हा (अपर निदेशक, बिहार संग्रहालय), डॉ. प्रगति सिन्हा और मिलन दास ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर कला लेखक सुमन कुमार सिंह ने डॉ. भीम सिंह भवेश के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने समाज में उल्लेखनीय योगदान दिया है। बिहार संग्रहालय की ओर से अशोक कुमार सिन्हा ने डॉ. भवेश को अंगवस्त्र और एक लाख रुपये की नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि डॉ. भवेश पिछले दो दशकों से मुसहर समाज के लोगों के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अब तक लगभग 8,000 मुसहर बच्चों का स्कूल में दाखिला कराया है। इसके अलावा, महादलित टोलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने, डॉ. भवेश पुस्तकालय के निर्माण और 'गांव पढ़े-गांव बढ़े' अभियान के माध्यम से शिक्षा के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. भवेश के सामाजिक कार्यों से प्रभावित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम के 110वें एपिसोड में उनकी सराहना की थी। इसके बाद, भारत सरकार ने 25 जनवरी 2025 को उन्हें पद्मश्री सम्मान देने की घोषणा की, जिससे बिहार का सम्मान बढ़ा है। अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार संग्रहालय राज्य में कला सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित करता रहा है। डॉ. भवेश ने संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह और अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह संग्रहालय सभ्यता और संस्कृति को संरक्षित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है।

एक नजर

## जहानाबाद में मेगा ऋण शिविर का आयोजन

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के निर्देश पर उप विकास आयुक्त के द्वारा उद्योग विभाग की योजनाओं की समीक्षा एवं मेगा ऋण स्वीकृति एवं वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बैंक पदाधिकारियों के साथ-साथ वरीय उप समाहर्ता , बैंकिंग एवं परियोजना प्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, के द्वारा पीएमईजीपी/पीएमएफएमई योजना का वर्ष 2024-25 का लक्ष्य एवं बैंकों की उपलब्धि को पटल पर दर्शाते हुए बैंकवार समीक्षा किया गया। बुधवार के ऋण वितरण शिविर में विभिन्न बैंकों द्वारा पीएमएफएमई में 03 लाभुकों के बीच कुल 16.13 लाख एवं पीएमईजीपी योजनान्तर्गत 02 लाभुकों के बीच 10.10 लाख का ऋण स्वीकृति एवं वितरण किया गया। पीएमईजीपी- लक्ष्य 90 के विरूद्ध 91 स्वीकृति एवं 38 भुगतान आज तक पीएमएफएमई लक्ष्य 140 के विरूद्ध 112 स्वीकृति तथा 71 भुगतान आज तक सभी बैंकों द्वारा किया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा समीक्षोपरांत उपस्थित बैंक पदाधिकारियों से 31 मार्च 2025 तक पूर्व पीएमईजीपी/पीएमएफएमई का शत-प्रतिशत स्वीकृति एवं भुगतान का लक्ष्य पूरा करने का निदेश दिया गया।

## विधायक ने सिकरहना बांध पर स्लूइस गेट निर्माण की मांग उठाई

**मोतिहारी।** स्थानीय विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता ने बुधवार को बिहार विधानसभा में सिकरहना बांध पर स्लूइस गेट के निर्माण की मांग उठाई। उन्होंने जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी से सरौगढ़ पंचायत के अकौना गांव में स्लूइस गेट निर्माण की आवश्यकता पर जोर देते हुए सदन को वहां के लोगों की गंभीर समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने कहा कि अकौना गांव के समीप सिकरहना नदी के बांध पर चिन्हित स्थान पर स्लूइस गेट नहीं होने के कारण हर साल बाढ़ का पानी हजारों लोगों के घरों में घुस जाता है। इसके चलते चार पंचायतों के किसानों को सिंचाई का लाभ नहीं मिल पाता और हजारों एकड़ में लगी फसलें प्रतिवर्ष बर्बाद हो जाती हैं। जलजमाव की समस्या के कारण किसान साल भर खेती नहीं कर पाते, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि स्लूइस गेट का निर्माण हो जाए, तो जलजमाव की समस्या से मुक्ति मिलेगी और हजारों लोगों को इसका सीधा लाभ पहुंचेगा।

## यूरिया खाद के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बनकटवा, पूर्वी चंपारण।** बररवा एसएसबी के जवानों ने बुधवार तड़के गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर नाका पार्टी निकाली। इस दौरान पिलर संख्या 369/06 से 50 मीटर दूर रंगनिया गांव के पास से 30 बोरा यूरिया खाद और पांच साइकिल के साथ दो नेपाली तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जबकि तीन तस्कर फरार होने में सफल रहे। गिरफ्तार तस्करों की पहचान सिमरौंगढ़ थाना क्षेत्र के डाट गांव निवासी विनोद मुखिया और उनके बेटे कृष्णदेव मुखिया के रूप में हुई है। इस कार्रवाई की जानकारी एसएसबी के उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह राठौर ने दी। मौके पर उपनिरीक्षक रामकृष्ण ओझा, मुख्य आरक्षक भूपेश कुमार, सामान्य आरक्षक गजनीश सिंह और सिकंदर मौजूद थे।

## विधानसभा में विधायक डॉ. संदीप सौरभ ने रानीतालाब-संदेश के बीच पुल निर्माण की मांग उठाई

**पालीगंज (पटना)।** विधायक डॉ. संदीप सौरभ ने 7 मार्च को बिहार विधानसभा में तारांकित प्रश्न के माध्यम से रानीतालाब (पटना) और संदेश (आरा) के बीच सोन नदी पर पुल निर्माण की मांग उठाई। उन्होंने सदन को बताया कि कोइलवर और अरवल पुल के बीच 50.7 किलोमीटर की दूरी तक कोई पुल नहीं है, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुल के निर्माण से यातायात सुगम होने के साथ-साथ व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। पथ निर्माण विभाग ने रानीतालाब-संदेश पुल की संभावनाओं को स्वीकार करते हुए तकनीकी एवं संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर इस पर विचार करने का आश्वासन दिया है।

## 13 शराबी सहित दो महिला तस्कर गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)।** उत्पाद निषेध टीम रक्सौल ने उत्पाद सब इंस्पेक्टर भुवन रंजन के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करके पिछले चौबीस घंटे के दौरान दो शातिर महिला तस्कर को 38 बोतल शराब के साथ व तेरह पियक्कड़ों को गिरफ्तार किया। इसकी जानकारी उत्पाद सब इंस्पेक्टर श्री रंजन ने दी। उन्होंने बताया कि दोनों महिला तस्कर को उस वक्त गिरफ्तार किया। जब दोनों वीरगंज नेपाल से शराब का खेप अपने शरीर में छुपा कर कोईरिया टोला नहर रोड की ओर डिलेवरी देने ले जा रही थीद्य गुप्त सूचना पर उसे पकड़कर अवकारी थाना लाया गया। जब महिला पुलिस ने उसकी तलाशी ली। तो उनके शरीर के भीतर से उक्त शराब की बोतल नेपाली कस्तूरी बरामद हुआ। शराब बरामदगी के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी के दौरान उत्पाद पुलिस ने तेरह संधिग्ध लोगों को पकड़ ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया जिसमें सभी पॉजिटिव पाये गये।टेस्ट में पॉजिटिव आने वाले सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। इस सिलसिले में अलग अलग केस दर्ज करके गिरफ्तार लोगों को मोतिहारी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया हैद्य वही गिरफ्तार दोनों महिला तस्कर नेपाली स्टेशन मुहल्ले की निवासी बताये जाते है। महिला तस्कर की गिरफ्तारी के बाद सीमा पर संधिग्ध महिलाओं की चेकिंग तेज कर दिया गया है।

## पाटलिपुत्र जाने वाली दो इंटरसिटी ट्रेनों में एक घंटा 33 मिनट का है बड़ा अंतर

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** रेलवे स्टेशन से पाटलिपुत्र स्टेशन तक पहुंचने में दो इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के बीच 1 घंटा 33 मिनट का बड़ा अंतर रहता है। जिसके कारण न्यूनतम समय में पाटलिपुत्र पहुंचने वाली ट्रेन नंबर 15556 में बहुत भीड़ रहती है। हिलने डुलने की भी जगह नहीं रहती। इस ट्रेन में चकिया के यात्रियों को यदा कदा हीं सीट मिलती है। यह ट्रेन चकिया से पाटलिपुत्र स्टेशन के लिए सुबह 6:31 बजे प्रस्थान करती है। मुजफ्फरपुर 7:30 तथा पाटलिपुत्र स्टेशन पर कुल समय 3 घंटा एक मिनट चलकर 9:30 बजे पहुंचती है जबकि 23 वें मिनट पर ट्रेन नंबर 15202 बगहा से पाटलिपुत्र इंटरसिटी एक्सप्रेस चकिया स्टेशन से सुबह 6:53 में प्रस्थान करती है व मुजफ्फरपुर स्टेशन पर 8:40 तथा पाटलिपुत्र स्टेशन पर कुल समय 4 घंट 34 मिनट लेकर 11:25 बजे पहुंचती। चकिया से पाटलिपुत्र स्टेशन तक सामान्य दूरी तय करने में दोनों ट्रेन के बीच 1 घंटा 33 मिनट का लंबा अंतराल रहता है। दिलीप कुमार,सुरेंद्र कुमार, मो रिजवान, मनीष कुमार पटेल, दिलीप पटेल,अजय कुमार, अर्जुन पंडित,सोनू कुमार, अमरेंद्र कुमार आदि ने बताया कि ट्रेन नंबर 15202 पाटलिपुत्र स्टेशन पहुंचने में 1 घंटा 33 मिनट अधिक समय लेती है।

## पूर्व राज्य सभा सदस्य ने इफ्तार पार्टी का किया आयोजन

**रक्सौल(पूर्वी चम्पारण)।** शहर के लक्ष्मीपुर स्थित वाईएस रिसोर्ट के प्रांगण में पूर्व राज्य सभा सदस्य साबिर के द्वारा भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया है। जिसमे रक्सौल ,सुगौली व नरकटिया विधानसभा के सैकड़ो हिन्दू मुश्लिम दोनों समुदाय के लोगो ने भाग लिया और एक साथ बैठकर इफ्तार किया। पूर्व राज्यसभा सदस्य साबिर अली ने कहा की माहे रमजान में इस इफ्तार पार्टी के आयोजन से आपसी प्रेम ,सद्भाव व भाईचारा बढ़ती है। एक बेहतर समाज का निर्माण होता है।सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए।उन्होंने कहा की इफ्तार का आयोजन करने से नेकी मिलती है,और भूखे प्यासे को इफ्तार कराने से दुआ कबूल होता है।रोजेदारों ने अमन व शांति की दुआ मांगी। इस इफ्तार पार्टी के आयोजन में करीब पांच हजार लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर पूर्व प्रमुख नुरुल हसन,पूर्व उपप्रमुख नायाब आलम, बी के हीरो के प्रो कलीम अहमद, जिला पार्षद महमद नविहसन, वसीम अहमद, जाने आलम सहित सैकड़ों लोग मौजुद थे।

## पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध चलाया अभियान

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सरेन गांव में छापेमारी कर 11 लीटर देसी शराब बरामद किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया की पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण और सेवन करने वालों के विरुद्ध लगातार पुलिस कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सरेन गांव में छापेमारी कर सोनू कुमार उर्फ नंगडा के घर से 11 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है।

# उद्योग विभाग के योजनाओं की समीक्षा के साथ-साथ ऋण वितरण शिविर का किया आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में उद्योग विभाग की योजनाओं पीएमइजीपी, पीएमएफएमई एवं पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा बैठक तथा ऋण वितरण शिविर का आयोजन पूर्वी चंपारण समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में किया गया। समीक्षा बैठक में महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र मोतिहारी ने बताया कि घ्ड्ढक्क योजना में इस वित्तीय वर्ष में कुल 278 लक्ष्य के विरूद्ध 1244 आवेदन विभिन्न बैंको को अग्रसारित



किये गये जिसमें विभिन्न बैंको द्वारा 279 आवेदन स्वीकृत किए गया एवं 164 आवेदको ऋण वितरित किये गये। पीएमएफएमई योजना मे इस वित्तीय वर्ष में कुल 440 लक्ष्य के विरूद्ध 1137 आवेदन विभिन्न बैंको को अग्रसारित किये गये जिसमें विभिन्न बैंको द्वारा 357 आवेदन स्वीकृत एवं 198 आवेदको को ऋण प्रदान किये गये।

पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 11772 आवेदन जिलास्तरीय समिति द्वारा अग्रसारित किया गया है। जिलाधिकारी, पूर्वी चम्पारण द्वारा बैंक के सभी प्रतिनिधियों को निदेश दिया गया कि सभी योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त किया जाय तथा पीएमइजीपी एवं पीएमएफएमई योजना में स्वीकृत सभी आवेदनों को ऋण राशि वितरित किया जाय।

# आभा आईडी प्रशिक्षण का सेविकाओं ने किया विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जिले के मखदुमपुर स्थित समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय में आभा आईडी का प्रशिक्षण अयोजित किया गया। लेकिन सेविकाओ के पास मोबाईल की उपलब्धता नहीं रहने और संबंधित वेबसाइट का सर्वर काम नहीं करने के कारण सभी सेविकाओ नें इसका पुरजोर विरोध किया। सेविकाओं का कहना है कि जब तक सरकार काम करने की तकनीकी ज्ञान और संसाधन मुहैया नहीं कराती है, तब तक काम संभव नहीं है। विरोध में उतरी सेविकाओं का कहना था कि सेविका काम के लिए तैयार है लेकिन हमारी जरूरत के संसाधन और आवश्यक सुविधा भी सरकार मुहैया कराए। सेविकाओं ने विरोध के स्वर में बताया कि अगर सरकार की नीति है कि पोषण में सुधार हो तो ऐसी स्थिति में गरीब परिवार के लोग का लाभ से वंचित रह जाएंगे। लोगों ने बताया कि अगर सरकार इस दिशा में सुधार नहीं करेगी तो आगे और भी बड़े से बड़े संघर्ष के लिए हमलोग तैयार हैं । इस मौके पर मिंटू देवी, अनिता कुमारी,आशा कुमारी, अनु कुमारी, बबिता कुमारी, सरिता कुमारी, शोभा कुमारी, बेबी कुमारी समेत काफी संख्या सेविका मौजूद थी।

# 31 मार्च तक उठा सकते सर्व क्षमा योजना का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** जिला परिवहन पदाधिकारी पूर्वी चंपारण ने कहा है कि टैक्स डिफॉल्टर वाहन मालिक सर्व क्षमा योजना का लाभ उठा कर आर्थिक बोझ से राहत पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत बकाया पथकर, हरित कर, अस्थायी निबंधन की फीस और ट्रेड सर्टिफिकेट पर प्रति वाहन लगने वाला व्यापार कर के एकमुश्त भुगतान पर अर्थदण्ड और ब्याज से विमुक्ति दी जाएगी।

गौरतलब है कि वाहन पथकर, हरित कर, अस्थायी निबंधन फीस और व्यापकर कर पर सर्व क्षमा योजना का लाभ उठाने के लिए अब केवल पांच दिन शेष बचें हैं। 31 मार्च 2025 तक सभी टैक्स डिफॉल्टर वाहन मालिक और व्यापारियों के लिए एक सुनहरा मौका है।

परिवहन विभाग के सचिव के निर्देश के आलोक में बताया कि यह आखिरी मौका है। इस योजना के तहत वाहन मालिकों को एकमुश्त बकाया टैक्स जमा करने पर अर्थदंड और ब्याज में छूट दी जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि वाहन का टैक्स जमा नहीं किया है या किसी कारणवश देरी हुई है तो इस योजना का लाभ उठाकर आर्थिक दंड से बचा जा सकता है।

31 मार्च 2025 के बाद सर्व क्षमा योजना का लाभ नहीं मिलेगा। यह योजना 18 सितंबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक प्रभावी है। इस दौरान टैक्स डिफॉल्टर निबंधित ट्रेक्टर-ट्रेलर के वाहन स्वामी,टैक्स डिफॉल्टर बैट्री चालित (इलेक्ट्रिक) वाहन स्वामी,टैक्स डिफॉल्टर निबंधित/अनिबंधित परिवहन/ गैर परिवहन वाहन स्वामी और ट्रेड टैक्स डिफॉल्टर वाहन डीलर उठा सकते हैं।

उन्होंने बताया की विभिन्न कारणों से परिवहन/गैर परिवहन वाहन/टैक्टर- टेलर/बैट्री चालित (इलेक्ट्रिक) वाहन स्वामी द्वारा ससमय कर जमा नहीं करने के कारण टैक्स डिफॉल्टर हो गए थे। समीक्षा के क्रम में कुछ ऐसे वाहन विक्रेता भी संज्ञान में आये,जिनके पास व्यापार कर से संबंधित पुराने बकाये हैं। वे इसे जमा करने के लिए तैयार हैं,लेकिन बकाये से अधिक अर्थदंड लगने के कारण मूल कर की राशि नहीं दे पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में जनहित को देखते हुए एकमुश्त टैक्स जमा करने पर विशेष छूट का प्रावधान किया गयाद्यजिन टैक्स डिफॉल्टर (कर प्रमादी) टैक्टर-ट्रेलर का पथकर बकाया है उन्हें एकमुश्त 30,000 रूपये जमा करने पर शेष कर/अर्थदंड से सर्वक्षमा दी जायेगी। वहीं टैक्स डिफॉल्टर सभी प्रकार के निबंधित वाहन (अस्थायी निबंधन सहित) तथा सभी प्रकार के अनिबंधित वाहन (टैक्टर-ट्रेलर एवं उत्सर्जन मानक बीएस-4 के अनिबंधित वाहनों को छोड़कर),बैट्री चालित (इलेक्ट्रिक) वाहन का पथ कर बकाया उन्हें मूल पथकर एवं 30 प्रतिशत अर्थदंड जमा करने पर शेष अर्थदंड से मुक्ति दी जायेगीद्य बिना अस्थायी निबंधन के बेचे गये वाहन जिनका अस्थायी निबंधन की फीस बकाया है उन्हें देय फीस जमा करने पर देय अर्थदंड से विमुक्ति मिलेगी। वैसे डीलर जो ससमय ट्रेड टैक्स जमा नहीं करने के कारण अर्थदंड अधिरोपित है,उन्हें मूल व्यापार कर एवं 30 प्रतिशत अर्थदंड जमा करने पर शेष अर्थदंड से विमुक्ति मिलेगी।

# रमजान में अच्छे कर्म करने का संदेश : सलामुद्दीन अंसारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज (पटना)।** रमजान का महीना, जिसे खुदा की इबादत का सबसे पवित्र अवसर माना जाता है, में अपने पैगंबर की शान में इबादत करने के साथ-साथ अच्छे कर्म करने का भी संदेश दिया जा रहा है। मुसलमान रोजा रखते हुए अल्लाह की पूजा करते हैं, जिसके कारण शारीरिक और मानसिक आत्मबल में वृद्धि होती है। सिंगोड़ी से पूर्व पंचायत समिति के सदस्य मोहम्मद सलामुद्दीन अंसारी ने नवबिहार टाइम्स को बताया कि रमजान का यह पावन माह स्वस्थ्य परिवार और समाज के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा, इस माह में अल्लाह की इबादत करें, अच्छे कर्म करें, तथा धर्म और जाति का भेद किए बिना जरूरतमंदों की मदद करें। अंसारी ने आगे बताया कि किसी के प्रति नकारात्मक सोच न रखें और यदि अनजाने में कोई गलती हो जाए तो माफी माँगें तथा दूसरों की गलतियों को भी माफ कर दें। उन्होंने कहा कि जब इंसान माफ करेगा, तभी अल्लाह भी माफ करेगा। रमजान में अल्लाह हर अच्छे कर्म के लिए सम्मान दिनों की अपेक्षा कई गुना अधिक पुण्य प्रदान करता है। अंसारी ने मुसलमानों को प्रोत्साहित किया कि वे धन, भोजन, कपड़े आदि के रूप में जरूरतमंदों का दान करें। कुरान में जकात अल-फितर को अनिवार्य बताया गया है, जिसे गरीबों को दिया जाता है।

# एलओसी के द्वारा स्थानीय युवकों को निःशुल्क प्रदान किया जा रहा शारीरिक प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर रेलवे स्टेशन के पास संचालित हो रहे एलओसी सेना भर्ती केंद्र में अब स्थानीय लोगों को निःशुल्क शारीरिक स्वास्थ और फिटनेस के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस आशय की जानकारी साझा करते हुए एलओसी के निदेशक शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि वर्तमान समय के भागदौड़ भरे जनजीवन में लोगों को अपने आप को चुस्त और फिट रखना एक बड़ी चुनौती है। इसी को ध्यान में रखते हुए स्थानीय युवकों को निःशुल्क शारीरिक फिटनेस और योगा का प्रशिक्षण सुबह शाम दो सत्रों में दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हमारी संस्थान पहले भी सामाजिक सेवा के क्षेत्र में कई पहल कर चुकी है। इसी कड़ी में आम जनों के स्वास्थ्य और फिटनेस को बनाए रखने के लिए स्थानीय लोगों को गैर आवासीय शारीरिक प्रशिक्षण देने का संकल्प उन्होंने लिया है। बताया जाता है कि उनके इस पहल से स्थानीय लोग, खासकर किशोर और युवाओं को काफी लाभ हुआ है। वर्तमान में लगभग 80 के आसपास लोग निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण के लिए संस्थान से जुड़े हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बिहार पुलिस और होमगार्ड के भर्ती के लिए मखदुमपुर के लोगों को निःशुल्क प्रशिक्षण उनके संस्थान की ओर से दिया जाएगा। संस्थान की ओर से समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे इस तरह के प्रयास को चौतरफा सराहना भी मिल रही है। लोगों ने संस्थान के निदेशक शैलेन्द्र कुमार को इस तरह के पहल के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं के बीच आत्म अनुशासन कायम करने में मदद मिलेगी। साथ ही इससे देश के लिए कुशल एवं योग्य नागरिक निर्माण में भी मदद मिलेगी।

## नवनियुक्त प्राध्यापक के असामयिक निधन से महाविद्यालय में शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दनियावां।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्तिथ स्थानीय एस यू कॉलेज, हिलसा में इसी साल योग्दान देने वाले भौतिकी विज्ञान के प्राध्यापक डॉ अशोक कुमार का मंगलवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्हें हृदयाघात के बात पटना के मेदान्ता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनको नहीं बचाया जा सका। उनके आकस्मिक निधन की खबर सुनते ही श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा में शोक की लहर छा गई।

■**दनियावां(पटना)।** फतुहा-दनियावां-इस्लामपुर रेलखंड पर पूर्व मध्य रेलवे के अधिकारियों द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए शुद्ध ठंडा पेयजल मशीन बुधवार को लगाया गया।

# वैश्विक शोध प्रणाली भारतीय शोध परंपरा से है प्रेरित : प्रो ओपी सिंह

**मोतिहारी/नबिटा संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दस दिवसीय शोध प्रविधि कार्यशाला में आज फील्ड विजिट और सर्वे से संबंधित सत्र का आयोजन हुआ। इसके लिए सभी प्रतिभागी सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर, अरेराजपुर गए। पांचवें दिन के पहले और दूसरे तकनीकी सत्र में महामना मदन मोहन मालवीय पत्रकारिता केंद्र, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के पूर्व निदेशक श्री ओम प्रकाश सिंह ने वैदिक शोध परंपरा और भारतीय शोध प्रणाली पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि, वैश्विक शोध प्रणाली कहीं न कहीं भारतीय वैदिक शोध परंपरा से प्रेरित है तथा वर्तमान समय में भी प्रचलित विभिन्न शोध प्रणालियों में भारतीय ज्ञान परंपरा की ही झलक दिखाई देती है। उन्होंने आगमनात्मक एवं निगमनात्मक शोध में अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि, आगमनात्मक शोध विशिष्ट अवलोकनों से सामान्यीकरण की ओर बढ़ता है जबकि निगमनात्मक शोध पहले से मौजूद सिद्धांतों या परिकल्पनाओं की जांच करता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने क्षेत्र में कार्य करने और डेटा संग्रह करने के दौरान आने वाली परेशानियों पर भी चर्चा की। कई बार फील्ड विजिट के दौरान प्रश्नावली भरते समय उत्तरदाता गलत जानकारी भर देते हैं अथवा प्रश्नों को सही से समझे बिना ही उत्तर दे देते हैं। इस स्थिति में शोध के लिए एकत्र किया गया डेटा त्रुटिपूर्ण हो जाता है।

## दो दिवसीय द्वितीय राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिहार द्वारा दो दिवसीय द्वितीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रोफ़ेसर संजय श्रीवास्तव ने की। अतिथियों का स्वागत बुद्ध परिसर के निदेशक प्रो. रणजीत कुमार चौधरी, अध्यक्ष, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान ने की।


**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

मुख्य सामग्री प्रबंधक/एडमिन द्वारा पूर्व प्रकाशित माह अप्रैल, 2025 के लिए हावड़ा, सियालदह और आसनसोल मंडल के ई-नीलामी कार्यक्रम में आंशिक संशोधन निम्नानुसार किया गया है: **हावड़ा मंडलः मौजूदा तिथिः** 08.04.2025, **संशोधित तिथिः** 09.04.2025, **सियालदह मंडलः मौजूदा तिथिः** 09.04.2025, **संशोधित तिथिः** 30.04.2025, **आसनसोल मंडलः मौजूदा तिथिः** 04.04.2025, **संशोधित तिथिः** 16.04.2025, डिपो एवं मंडलों की अन्य तिथियाँ अपरिवर्तित रहेंगी।

STORES-88/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# शीघ्र ही खुलेगा राज्य का पहला डीएनबी पीडियाट्रिक्स डिग्री कॉलेज

अरुण कुमार सिंह/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले में डीएनबी बाल चिकित्सा विज्ञान(पीडियाट्रिक्स) डिग्री कॉलेज खुलने का रास्ता अब साफ दिखने लगा है, यह राज्य का पहला ऐसा जिला होगा जहाँ इस तरह का डिग्री कॉलेज खुलेगाद्य इसके लिए एनबीईएस एमएस नई दिल्ली की टीम द्वारा आज डीएनबी एकेडमिक सेंटर का जांच किया गया, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय टीम से आए एसोसिएट प्रोफेसर डॉध अनिल तिवारी कर रहे थेद्य उन्होंने कहा कि वे विभिन्न पहलुओं की जांच की और यहां के व्यवस्था से



काफी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जांचोपरांत रिपोर्ट केंद्रीय कार्यालय दिल्ली को सौपी जाएगी, उसके बाद उसका परिणाम जल्द ही दिखने को मिलेगा। वही मौके पर मौजूद सिविल सर्जन डॉ रवि भूषण श्रीवास्तव ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार में इस तरह का पहला डीएनबी पीडियाट्रिक्स डिग्री कॉलेज खुलने से जिले वासियों सहित राज्य के लिए गौरव का क्षण होगाद्य उन्होंने कहा कि इसके लिए सारी तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही है। केंद्र से स्वीकृति मिलते ही दो- तीन माह के बाद से पाठ्यक्रम शुरू हो जाएगीद्य उन्होंने कहा कि इस सफलता का श्रेय डीएनबी कोर्स के डायरेक्टर डॉ कुमार अमृतांशु सहित उनके पूरी टीम के अथक प्रयास से ही यह सम्भव हो रहा है। वही मौके पर मौजुद डीएनबी कोर्स के निदेशक डॉक्टर कुमार अमृतांशु ने बताया कि केंद्र द्वारा मान्यता मिलने के बाद जिला स्तर पर ये डिग्री कॉलेज राज्य का पहला अस्पताल होगा, जहां इस तरह का डिग्री कॉलेज होगाद्य बिहार में अभी तक कोई डिग्री कॉलेज नहीं है इसके खुलने से राज्य और जिले के छात्रों को काफ़ी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने बताया कि उक्त टीम द्वारा एमसीएच बिल्डिंग स्थित प्रसव कक्ष, एसएनसीयू, एमएनसीयू, ओटी, पीकू वार्ड, ब्लड बैंक, लैब, इमरजेंसी, अल्ट्रासाउंड एवं सिटी स्कैन सहित विभिन्न प्रकोष्ठ का वृहत रूप से जांच किया। उन्होंने बताया कि पुनः एक बार जिला स्वास्थ्य समिति को इसकी जिम्मेवारी सौपी गई है। वही जो डिग्री कॉलेज खुल रहा है उसका प्रमुख सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव जिला स्वास्थ्य समिति को बनाया गया है। मौके पर जिला स्वास्थ्य समिति के जिला प्रबंधक ठाकुर विश्वमोहन, डीएनबी कोर्स के निदेशक डॉध कुमार अमृतांशु, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर विजय कुमार वर्मा, डॉ पंकज कुमार, रविरंजन मिश्रा सहित अनेक कर्मी मौजूद थे।

# ग्राहक मिलन सह पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अरेराज (पूर्वी चम्पारण)।** भारत पेट्रोलियम के फ्यूलिग का महा उत्सव के लक्की ड्रॉ विजेताओं के बीचविनोद सोमवंशी, टीएम, अभिषेक सिन्हा, टीसी तथा जुमन भुआ सेल्स ऑफिसर द्वारा पुरस्कार का वितरण किया गया, हीरो मोटर साइकिल के विजेता बबन पासवान को गाड़ी दी गई, अन्य विजेताओं में प्रमोद कुमार मिश्र, हितेश उपाध्याय, शिवम सिंह, सत्य प्रकाश सिंह तथा फरहान सोहेल शामिल थे। उपभोक्ताओं की मांग पर टी एम द्वारा इलेक्ट्रिक चार्जिंग, सीएनजी आदि सुविधाओं को भविष्य में उपलब्ध




कराने पर कंपनी द्वारा विचार करने का भरोसा दिलाया गया। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं के अधिकार तथा गुणवता एवं माप को परखने की पद्धति पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए भारत पेट्रोलियम की सेवा हेतु सहयोग देते रहने का आग्रह किया गया। श्री बाला जी पेट्रोलियम भेलानारी के संचालक राजेंद्र कुमार मिश्र द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत किया गया।

# फिल्म 'चंपारण सत्याग्रह' ने बेस्ट फिल्म और बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड जीता

नवबिहार टाइम संवाददाता

**मोतिहारी।** बिहार की चर्चित फिल्म 'चंपारण सत्याग्रह' ने कन्याकुमारी इंटरनेशनल फिल्म अवार्ड के छठे संस्करण में बेस्ट फिल्म, बेस्ट स्टोरी, बेस्ट स्क्रीनप्ले और बेस्ट डायरेक्टर का पुरस्कार जीतकर देशभर में अपनी अलग पहचान बना ली है। इस उपलब्धि के बाद फिल्म के अभिनेता एवं निर्देशक डॉ. राजेश अस्थाना ने कहा कि यह सम्मान चंपारण सत्याग्रह से जुड़े सभी स्वतंत्रता सेनानियों, उनके परिवारों और फिल्म की पूरी टीम को समर्पित है। उन्होंने बताया कि 'चंपारण सत्याग्रह' बिहार की पहली फिल्म बन गई है जिसे हर श्रेणी में इतने पुरस्कार मिले हैं। यह फिल्म युवराज मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाई गई है। इससे जुड़े कलाकारों, तकनीशियनों और बिहार के कलाकारों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इससे पहले फिल्म ने बिहार महोत्सव दिल्ली, गोवा इंटरनेशनल फिल्म कंपटीशन में बेस्ट फिल्म और बेस्ट डायरेक्टर का पुरस्कार जीता था। इसके अलावा, नेपाल विंग्स इंटरनेशनल क्रिटिक्स फिल्म फ़ेस्टिवल के छठे संस्करण में भी इसे बेस्ट फिल्म, बेस्ट स्टोरी और बेस्ट डायरेक्टर का सम्मान मिला। इसके अलावा, फिल्म स्वर्ण भारत इंटरनेशनल फिल्म फ़ेस्टिवल (मुंबई), बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर इंटरनेशनल फिल्म फ़ेस्टिवल (मुंबई) और छठे क्राउन इंटरनेशनल फिल्म फ़ेस्टिवल (बांग्लादेश) में आधिकारिक रूप से चयनित हो चुकी है। डॉ. अस्थाना ने बताया कि यह फिल्म युवा पीढ़ी को इतिहास से अवगत कराने के उद्देश्य से बनाई गई है। यह चंपारण सत्याग्रह के अनछुए पहलुओं को उजागर करती है। फिल्म की कहानी ब्रजकिशोर सिंह की पुस्तक चंपारण में बापू और डॉ. अस्थाना की पुस्तक चंपारण सत्याग्रह गाथा से प्रेरित है। फिल्म की निर्माण टीम में ई. युवराज (निर्माता), डॉ. सीमा रानी, अस्मिता राज, सुरभि श्रीवास्तव और अशोक सहनी (सह निर्माता) शामिल हैं।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/656, दिनांक 25.03.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं : **निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3429, कार्य का नाम** : (1)''हावड़ा में टीटीई रेस्ट रूम में गार्ड/लोको पायलट के रनिंग रूम के समान सुविधाएं प्रदान करने'' के संबंध में विद्युत (साधारण) कार्य। (2) ''दक्षिण पूर्व रेलवे की ट्रेनें चलाने वाले कर्मचारियों के लिए हावड़ा स्टेशन (नए और पुराने दोनों कॉम्प्लेक्स) में तीन टीटीई रेस्ट रूम में ड्राइवर/गार्ड के रनिंग रूम के समान सुविधाएं प्रदान करने का प्रस्ताव'' के संबंध में विद्युत (साधारण) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 70,30,193/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 1,40,600/- **समापन अवधिः** 180 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 16.04.2025 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें।

HWH-697/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# गिरोह की गिरफ्तारी से नक्सलियों के गतिविधियों पर लगेगा अंकुश, थ्रनेट व जिंदा कारतूस बरामद




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नक्सलियों के विरुद्ध चलाएं जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप एक सप्ताह में अब तक आठ नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया हैं। वहीं गिरफ्तार नक्सलियों के निशानदेही पर पांच हथियार, 13 कारतूस के अतिरिक्त एक थ्रनेट एवं पांच जिंदा कारतूस बरामद किया गया हैं। पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने बताया कि 23 से 25 मार्च तक नक्सल विरोधी अभियान चलाया गया जिसमें अब तक आठ नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया तथा पांच हथियार और 13 जिंदा कारतूस बरामद किया गया था। उक्त गिरफ्तार नक्सलियों से अग्रतर पूछताछ के क्रम में इनके निशानदेही पर 25 मार्च को पुनः छापामारी के फलस्वरूप एक थ्रनेट एवं पांच जिंदा कारतूस बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के गिरोह की गिरफ्तारी से जहां नक्सली गतिविधि में कमी आएगी। वहीं उनके मंसूबों पर अंकुश लगेगा।

## रामनवमी जुलूस की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज, औरंगाबाद।** रफीगंज के बड़ी दुर्गा देवी स्थान परिसर में रामनवमी पर्व के अवसर पर निकलने वाले जुलूस और झांकियों की तैयारियों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शंकर शौंडिक ने की, जबकि संचालन राजू गुप्ता ने किया।

बैठक में 30 अप्रैल को नवरात्र प्रारंभ होने के दिन पचार पहाड़ स्थित हनुमान मंदिर के पास महावीरी झंडा लगाने और रामनवमी के दिन भव्य जुलूस एवं आकर्षक झांकियां निकालने को लेकर चर्चा की गई। आयोजन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दिलीप उर्फ कारू प्रसाद, सुरेश गोसाई, प्रदीप उर्फ बाबू प्रसाद, भाजपा नेता संतोष साहू, चंदन सोनार, रंजीत मिश्र, रवींद्र कुमार, शिवनंदन प्रसाद, बिनय कुमार, सूरज, प्रकाश कुमार, आदित्य कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नशा उन्मूलन पर सेमिनार सह जागरुकता कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** नशा मुक्त भारत अभियान समस्तीपुर के तत्वावधान में कामेश्वर नारायण सिंह गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, टभका, समस्तीपुर में नशा उन्मूलन पर सेमिनार सह जागरूकता कार्यशाला का आयोजन मुस्कान जिला नशा मुक्ति केंद्र, समस्तीपुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डॉ. अफताब अंजुम ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में मिथिला विकास सेवा आश्रम के सचिव सह संचालक मुस्कान जिला नशा मुक्ति केंद्र, समस्तीपुर के तनवीर आलम ने भाग लिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री आलम ने कहा कि समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण के साथ साथ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और समाज को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा नशामुक्ति के उपायों की जानकारी प्रदान करना है। कामेश्वर नारायण सिंह गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक के प्राचार्य डॉ. अफताब अंजुम ने कहा, हमारे संस्थान का मुख्य उद्देश्य न केवल शिक्षा प्रदान करना है, बल्कि समाज के कल्याण के लिए भी कार्य करना है। मुस्कान जिला नशा मुक्ति केंद्र, समस्तीपुर के परामर्शदाता अमित कुमार वर्मा ने कहा कि यह कार्यशाला युवाओं को नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर भाषण और गीत संगीत में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मेमेंटो और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सृष्टि संगम के सचिव नीरज कुमार सिंह ने भाग लिया एवं युवाओं को नशा को न करने के लिए कहा। कमुस्कान जिला नशा मुक्ति केंद्र, समस्तीपुर के कार्यक्रम प्रबंधक शामीर रजा खान, परियोजना समन्वयक राजकुमार राय, सोशल वर्कर संजय पासवान ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक प्रो. न्यूटन कुमार सिंह ने कहा कि समाज कल्याण और शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयासरत है और विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर कार्यक्रम के नोडल डॉ. केसर हाशमी ने कहा कि यह सेमिनार न केवल छात्रों बल्कि पूरे समाज के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। आगत अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन कामेश्वर नारायण गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक की शिक्षक डॉ कृष्ण कुमार, प्रो विश्वजीत कुमार भारतीयम, प्रो. इमरान अंसारी, प्रो. नेहा कुमारी, श्री राजेश रंजन ने किया।

# बिहार में तीसरे विकल्प की कोई संभावना नहीं, दावा तो कोई कर सकता है : आनंद मोहन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**समस्तीपुर।** बिहार में पहले भी कई लोग तीसरा मोर्चा कह कर मुहिम चला चुके हैं, परिणाम क्या हुआ सभी जानते हैं। थर्ड फ्रंट का दम भरने वाले या तो महगठबंधन में चले गये या एनडीए गठबंधन में। पूर्व सांसद आनंद मोहन ने मंगलवार की शाम मीडिया कर्मियों के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए उक्त बातें कही। प्रशान्त किशोर की पार्टी जनसुराज के कारण चुनाव में पडने वाले फर्क को लेकर पूछे गये एक सवाल के जवाब में श्री किशोर को नवसिखिया करार देते हुए उन्होंने कहा कि मतदाता का माइंड सेट है। वे महागठबंधन और एनडीए में बंटे हुए हैं। बताते चलें कि पुर्व सांसद श्री मोहन मंगलवार को सूरज बाबू की याद में आगामी 21 अप्रैल 2025 को आयोजित होने वाले बलिदान दिवस की सफलता सुनिश्चित करने को लेकर दरभंगा से समस्तीपुर पधारे थे। यहां के लोगों को कार्यक्रम में भाग लेने का आहवान करते हुए कहा कि सूरज बाबू बिहार के भगत सिंह थे। उन्होंने मिथिलांचल और बिहार को काफी कुछ दिया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से जो सूरज बाबू से भावनात्मक संबंध रखते हैं वैसे सभी लोगे एक मंच पर आकर इस कार्यक्रम को सफल बनायें। श्री मोहन ने कहा कि इस कार्यक्रम में वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी आमंत्रित करेंगे और सूरज बाबू के जो कुछ अधूरे सपने थे। उसे कैसे पूरा किया जाय इस पर मंथन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जमींदार परिवार से आने वाले सूरज बाबू ने नेपाल में जेल ब्रेक कर जयप्रकाश नारायण समेत कई स्वतंत्रता सेनानियों को बाहर निकाला था। इस मौके पर पत्रकारों ने हालिया दिनों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अजीबो गरीब हड़कत को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है यह सिर्फ राजनीतिक स्टंट है अगर कुछ होता तो नीतीश कुमार को सभी अपने पाले में लाने के लिए क्यों बेताब हैं। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष सह लक्ष्य साईंस एण्ड कॉमर्स कोचिंग के चेयरमैन ठाकुर उदय शंकर, जदयू जिला परिषद सदस्य अरुण कुमार, सुमित कुमार, पूर्व मुखिया मनीष कुमार, सुबोध कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, संटू सिंह समेत काफी तायदाद में फ्रैण्ड्स ऑफ आनंद के साथी मौजूद थे।

## शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा, औरंगाबाद।** रिसियप थाना की पुलिस ने घेउरा बिगहा गांव में छापेमारी कर देसी शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। धंधेबाज की पहचान उक्त गांव निवासी धीरेंद्र पासवान के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष निशा कुमारी ने बताया कि उक्त गांव में शराब बेचे जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आलोक में छापेमारी कर धंधेबाज को सात लीटर महुआ निर्मित शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। संशोधित मध निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है

# कर्तव्य निर्वहन में दिखाई तत्परता तो लग गया मासूम के साथ दुष्कर्म का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** पिछले दिनों शहर के बहादुर पुर स्थित राजकीय उत्क्रतिमत मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक पवन कुमार पर एक 4थीं कक्षा की छात्रा के साथ अनुचित व्यवहार किये जाने का का आरोप लगाए जाने के हैरतअंगेज व सनसनीखेज मामले ने शैक्षणिक महकमे में खलबली मचा दी है। हलांकि शिक्षक संघ ने तत्काल इस आरोप को गलत बता दिया है। इस घटना कौ लेकर विवाद जिले में चरम पर है। कुछ लोग इस मामले की उचित जांच और दोषी पर समुचित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। घटना के बारे में बेहद खास करीबी सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार राजकीय उत्क्रमिक मध्य विद्यालय बहादुरपुर के आसपास की भूमि पर कतिपय अवांछित तत्वों और भू माफियाओं ने कब्जा जमा रखा है। प्रधानाध्यापक विद्यालय के अतिक्रमित जमीन को खाली कराने के लिए प्रयास कर रहे थे। जो दबंग और स्वार्थी तत्वों को रास नहीं आ रहा था। इस लिए हेड मास्टर साहब पर न मनगढ़ंत और बेबुनियाद इल्जाम लगाने की साजिश रची गई है। मामले को दबंगो और भू माफिया की करतूत बताने वाले एक ग्रामीण ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि आरोप किसी उंचे कक्षा की छात्रा से जुड़ा होता तो एक पल केलिए आरोप सही होने का शक हो सकता था। मगर पीडिता महज आठ साल की बताई गई है जो चौथी कक्षा की छात्रा है। यह सब उन लोगों की साजिश है जिन्होंने इस स्कूल को अनैतिक व अवैध करतूतो का अड्डा बना लिया था। इस विद्यालय में बच्चे आते नहीं, शिक्षक हाजिरी बना कर अपने अपने काम में निकल जाते थे। पवन कुमार के प्रधानाध्यापक बनने के साथ उन सभी लोगों की मुश्किले बढ गई थी। वे अतिक्रमित भूमि को भी खाली कराने लगे थे। इसलिए वे दबंगों के निशाने पर थे। हालांकि फिलहाल यह मामला स्थानीय स्तर पर ही चर्चा का विषय है। अभी तक शिक्षा विभाग या पुलिस प्रशासन की ओर से न कोई बयान आया है न ही कोई आधिकारिक जांच शुरू ही की गई है।

# एचएमएसआई द्वारा 1500 से अधिक स्कूली छात्र सड़क सुरक्षा शिक्षा से हुए सशक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**समस्तीपुर।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने सड़क सुरक्षा पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए समस्तीपुर, बिहार में जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस पहल के तहत महिला कॉलेज के 1500 से अधिक छात्रों और स्टाफ सदस्यों को जिम्मेदार सड़क व्यवहार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। सड़क सुरक्षा शिक्षा को प्रारंभिक स्तर पर बढ़ावा देने के उद्देश्य से, एचएमएसआई ने इस पहल को केवल जागरुकता तक सीमित न रखते हुए, एक स्थायी व्यवहारगत परिवर्तन लाने के लिए डिजाइन किया। प्रारंभिक अवस्था में छात्रों को शिक्षित करने से उन्हें जिम्मेदार सड़क उपयोगकर्ता बनने में मदद मिलती है, जो अपने परिवेश को भी प्रभावित कर सकते हैं। सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों, कॉलेजों एवं संस्थानों के साथ जुड़कर, एचएमएसआई सड़क सुरक्षा को रोजमर्रा की जिंदगी का एक अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रयासरत है। समस्तीपुर में आयोजित इस जागरूकता अभियान के तहत सुरक्षा राइडिंग पाठ, खतरे की पहचान प्रशिक्षण, खेल, प्रश्नोत्तरी, हेलमेट जागरूकता और राइडिंग ट्रेनर मॉड्यूल शामिल थे। इन इंटरैक्टिव गतिविधियों ने सड़क सुरक्षा शिक्षा को न केवल रोचक और व्यावहारिक बनाया, बल्कि प्रतिभागियों को सड़क पर अधिक जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करने के लिए प्रेरित भी किया। एचएमएसआई ने महिला कॉलेज का आभार व्यक्त किया, जिसकी सहायता से यह पहल सफल रही। छात्रों और स्टाफ सदस्यों की उत्साही भागीदारी ने जिम्मेदार सड़क व्यवहार को बढ़ावा देने और सड़कों को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## 467 अंक हासिल कर गौरव बना जिला टॉपर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर/उजियारपुर।** मंगलवार को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी परीक्षा फल के मुताबिक उजियारपुर प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसौली कोठी का छात्र गौरव कुमार राज साइंस में 467 अंक हासिल कर जिला टॉपर रहा। अपने छात्र की इस सफलता से हर्षित प्रधानाध्यापक राजीव कुमार, वरीय शिक्षक सिद्धार्थ शंकर, राम स्वार्थ सिंह, राकेश रंजन, अजीत कुमार, धनेश्वर राय, प्रियदर्शी अशोक, अशोक रजक, अरुण राम, अनिल कुमार, अविनाश रंजन, डॉ नीरज कुमार, अनुपमा कुमारी, पवन कुमार, त्रिनेत्र कुमार, सफदर रजा सहित शिक्षकों ने गौरव को पुरस्कृत कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य के मंगल कामना करते हुए बधाई दी।

# खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन उंची कूद और 300 मीटर दौड़ में टीसीए के छात्रों ने मारी बाजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**समस्तीपुर।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के टीसीए ढोली परिसर में चल रहे तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न खेलों में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें उंची कूद और 300 मीटर दौड़ में टीसीए ढोली का जलवा सिर चढ कर बोला। विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ राजेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन, 200 मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग में पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के एडला वेणु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि महिला वर्ग में कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस एंड ह्यूमैनिटीज की हरप्रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार, 300 मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग में तिरहुत कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के संदीप बेनीवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि महिला वर्ग में कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस एंड ह्यूमैनिटीज की मुस्कान राज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं आठ सौ मीटर दौड़ में पुरुष वर्ग में पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, पिपरकोठी के रोहिताश्व मीणा ने जबकि महिला वर्ग में उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय के प्रियांशी ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा, उच्च कूद में पुरुष वर्ग में तिरहुत कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के बिमल कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि महिला वर्ग में तिरहुत कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर की अंजलि यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जेवलिन थ्रो में पुरुष वर्ग में तिरहुत कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के आदर्श द्विवेदी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि महिला वर्ग में कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस की नीति कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि डिस्कस थ्रो में पुरुष वर्ग में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग के रंजीत कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं महिला वर्ग में पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर की शीतल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर निदेशक छात्र कल्याण डॉ रमन त्रिवेदी ने कहा कि यह प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए एक अच्छा अवसर है। जहां वे अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं और अपने कॉलेज का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना और उनकी खेल प्रतिभा को विकसित करना है। प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान गुरुवार को सभी खेलों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। बताते चलें कि इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के आठ कॉलेजों के 700 से अधिक छात्र-छात्रा शामिल हो रहे हैं।

# शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का 94वां शहादत दिवस समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज, औरंगाबाद।** प्रखंड के चरवाहा विद्यालय के समीप करमी मेला प्रांगण में बुधवार को प्रभात क्लब करमा-करमी तिवारी बिगहा के बैनर तले शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की 94वीं संयुक्त शहादत दिवस का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता रामचंद्र सिंह ने की, जबकि संचालन संजय श्याम ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. संजय यादव (पूर्व जिला पार्षद अध्यक्ष प्रतिनिधि), डॉ. गुलाम शाहिद (नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि) और शंकर यादवेंदु (जिला पार्षद) ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद वेदी पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण से हुई। वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर नायक हैं। उनकी शहादत ने देश को नई क्रांतिकारी ऊर्जा दी। 23 मार्च 1931 को इन तीनों क्रांतिकारियों को फांसी दी गई थी, लेकिन उनका बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में स्वर्णिम अध्याय बन गया।

सभा के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम में शशिकांत (महासचिव, क्रांतिकारी यूनियन), पूर्व विधायक रवींद्र सिंह, पूर्व राज्य मंत्री रामेश्वर सिंह, सिद्धांत कुमार, सियाराम महतो, बालेश्वर प्रसाद यादव, योगेंद्र यादव, हरेंद्र कुमार, विजय वर्मा, जयनंदन शर्मा, सोनम कुशवाहा, शत्रुघ्न यादव, कारू प्रसाद, डॉ. एस.पी. बालेंदु, नंदलाल सिंह, रामबली यादव ब्यास, पूर्व मुखिया रंजीत यादव, भोला चौधरी, डी.के. यादव, डॉ. बबलू यादव, बिनोद प्रसाद, मोहन यादव समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# समस्तीपुर मंडल में मेगा टिकट जांच अभियान जारी, जुर्माने के रूप में वसूले 38.63 लाख

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर मंडल द्वारा बिना टिकट उचित प्राधिकार की यात्रा पर रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। ताकि बिना टिकट उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्रियों को निरूत्साहित किया जा सके। इसी क्रम में 25 मार्च 2025 मंगलवार को समस्तीपुर मंडल के विभिन्न खण्डों पर सुबह 6:00 बजे से रात्रि 22:00 बजे तक 16 घंटे तक किला बंदी विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान एफओबी, प्रवेश-निकास द्वार, स्टेशन पर लगभग 205 टिकट जाँचकर्मी एवं आरपीएफ जवानों की अलग-अलग टीमों को तैनात किया गया था। इस 16 घंटे के अभियान में बिना टिकट/बिना उचित प्राधिकार के ट्रेनों में यात्रा करने के कुल 4995 मामलों से जुर्माने के रूप में 38.63 लाख की राशि जुर्माने के रूप में वसूले गये। इस अभियान के दौरान मंडल के समस्तीपुर, दरभंगा, सहरसा, रक्सौल, नरकटियागंज, बापूधाम मोतिहारी, जयनगर, सीतामढ़ी आदि स्टेशनों पर मुख्य रूप से टिकट जांच की गई। इस अभियान में जंक्शन स्टेशन के सभी एफओबी, प्रवेश-निकास द्वार, प्रतीक्षालय एवं प्लेटफार्मों आदि पर विशेष टिकट चेकिंग दस्ते तैनात किए गये। मंडल मुख्यालय से बताया गया है कि इस तरह के टिकट चेकिंग अभियान मंडल में आगे भी जारी रहेंगे। मंडल मुख्यालय ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि कभी भी बिना टिकट रेल यात्रा न करें। यह दण्डनीय अपराध तो है ही इससे रेल राजस्व की भारी क्षति होती है। सदैव उचित रेल टिकट लेकर उचित श्रेणी में ही रेल यात्रा करें।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई–नीलामी (E-AUCTION) किया जाना है।

| ऑक्शन कैटलॉग नं. BSB 6 PARKING 25 | |
|---|---|
| कार्य का विवरण | ई–नीलामी का समय |
| बेल्थरा रोड स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 10:00 बजे से 10:30 बजे तक |
| बनारस पी. फ. I (PRS कैंपस) स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 10:00 बजे से 10:40 बजे तक |
| छपरा कचहरी स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 10:00 बजे से 10:50 बजे तक |
| गौरी बाजार स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 10:00 बजे से 11:00 बजे तक |
| औड़ीहार जं. स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 10:00 बजे से 11:10 बजे तक |
| मसरख स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 10:00 बजे से 11:20 बजे तक |
| सिधवलिया स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 10:00 बजे से 11:30 बजे तक |
| चौरीचौरा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 10:00 बजे से 11:40 बजे तक |
| सहतवार स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 10:00 बजे से 11:50 बजे तक |
| माधोसिंह स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 10:00 बजे से 12:00 बजे तक |
| अवधिः 03 वर्ष | ई–नीलामी की तिथिः 11.04.2025 |

• ई–नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर ऑनलाइन होगी। • ई–नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर ₹10,000/– (Non Refundable) ऑनलाईन जमा कर एक बार (One time Registration) करना आवश्यक है। साथ ही उसे SBI (स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया) में करेंट खाता हो, जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। • ई–नीलामी (E-Auction) से संबंधित नियम एवं शर्तों की संपूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल **www.ireps.gov.in** के E-Auction Leasing Section में उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य–252 — सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


# 25/27 अप्रैल तक नहीं चलेगी मौर्यध्वज एक्सप्रेस

**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उत्तर रेलवे के जम्मूतवी स्टेशान के पुनर्विकास कार्य के मद्दे नजर मौर्यध्वज एक्सप्रेस का परिचालन तत्कालिक रूप से रद्द कर दिया गया है। पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल मुख्यालय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उक्त आशय की जानकारी दी है। इस संबंध में बताया गया है कि जम्मूतवी स्टेशन के स्टेब्लिंग लाइन के परिर्वतन हेतु निर्माण कार्य किए जाने के कारण बरौनी और जम्मूतवी के मध्य चलने वाली गाड़ी संव 14691 - 92 मौर्यध्वज एक्सप्रेस का परिचालन निम्नानुसार रद्द किया गया है। इस निर्णय के अनुसार गाड़ी संव 14692 जम्मूतवी - बरौनी मौर्यध्वज एक्सप्रेस 28 मार्च तथा 04, 11, 18 एवं 25 अप्रैल 2025 को। गाड़ी संव 14691 बरौनी - जम्मूतवी मौर्यध्वज एक्सप्रेस 30 मार्च तथा 06, 13, 20 एवं 27 अप्रैल, 2025 को नहीं चलेगी। असुविधा केलिए खेद सहित यात्रियों से अनुरोध किया जाता है कि उक्त सूचना के आलोक में अपनी यात्रा की तिथि या मार्ग में संशोधन कर लें।

## बाइक की टक्कर से युवक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर के महाराजगंज रोड स्थित कुंडा हाउस के समीप मंगलवार को एक बाइक सवार ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दिया, जिससे युवक घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका इलाज किया गया। घायल युवक की पहचान न्यू एरिया निवासी सोहन सिंह के रूप में हुई है। घायल सोहन ने बताया कि वह रमेश चौक से अपने घर की तरफ जा रहा था, तभी एक बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी और भाग निकला।

# महापरिवर्तन आंदोलन के जिला शिष्टमंडल की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** महापरिवर्तन आंदोलन के जिला शिष्टमंडल की बैठक शहर के कर्मा रोड स्थित चित्रगुप्त सभागार सह लोकनायक जयप्रकाश नारायण सांस्कृतिक भवन में आयोजित की गई। इसमें विगत बैठक की कार्यवाही को संपुष्ट किया गया तथा जिला के कुछ प्रखंडों में शिष्टमंडल का गठन नहीं हुआ था उन प्रखंडों में संपर्क साधने का प्रयास आरंभ करने की प्रक्रिया शुरू की गई।

बैठक में जिला शिष्टमंडल के अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष लवलेश यादव, रमेश प्रसाद सिन्हा, ई दूधेश्वर प्रसाद, रामपरीखा सिंह, अरुण कुमार, विनय सिंह, अबरार हसन, कुंती देवी, शिव प्रसाद उर्फ कर्मचारी यादव, रामजी सिंह कांता, रामजन्म सिंह आदि मौजूद रहे।


**A reputed Polytechnic college is inviting applications for the following positions**

Principal-Professor-Associate Professor-Assistant Professor

**Eligibility:** As per AICTE norms, Candidates must have relevant qualificitions(Ph.D/M.Tech)and strong acedemic background

**Disciplines:** Computer Science, Civil, Mechanical, electrical and Electronics Engineering and related fields.

**KINESIS INSTITUTE OF TECHNOLOGY**

**SH-1 SHANKAR NAGAR, BARNI, DHANRUA PATNA**

How to apply:-Interested Candidateds may send CV along with supporting documents to kitsbte@gmail.com

# जयमंगला दिवस के दूसरे दिन प्रभात फेरी निकली

## विभिन्न विभागों के लगाये गये थे स्टॉल, कई कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिला के गांधी स्टेडियम एवं मंझौल अनुमंडल अंतर्गत शताब्दी मैदान में दो दिवसीय जयमंगलागढ़ महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव के द्वितीय दिवस की शुरुआत प्रभात फ़ेरी से हुई, जिसमें सरकारी एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ प्रशासनिक पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। यह प्रभात फ़ेरी मंझौल शताब्दी मैदान से सत्यारा चौक तक गई और पुनः शताब्दी मैदान में लौटकर संपन्न हुई।





इसके उपरांत अनुमंडल पदाधिकारी (मंझौल), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी (चेरिया बरियारपुर) एवं अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने वृक्षारोपण किया।

शताब्दी मैदान में आयोजित महोत्सव के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए 15 स्टॉलों का उद्घाटन जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, विधायक राजवंशी महतो एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के बाद डीएम ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया।

### स्वास्थ्य जांच एवं सरकारी योजनाओं का लाभ वितरण

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा करीब 100 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभुकों को लाभ वितरित किए गए–

आयुष्मान भारत योजनाः 5 लाभुकों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजनाः 7 लाभुकों को आवास स्वीकृति पत्र एवं 7 लाभुकों को प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई।

अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजनाः 1 लाभुक को ?1 लाख का चेक प्रदान किया गया।

निशक्त विवाह प्रोत्साहन योजनाः 2 लाभुकों को ?2 लाख का चेक दिया गया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग (संबल योजना)ः 2 लाभुकों को बैटरी चालित ट्राईसाइकिल प्रदान की गई।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी (मंझौल), भूमि सुधार उप समाहर्ता, नजारत उप समाहर्ता, जिला सामान्य शाखा प्रभारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, कला संस्कृति पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी (चेरिया बरियारपुर) सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस भव्य महोत्सव की लोगों ने खूब सराहना की।

### जयमंगला महोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

**बेगूसराय।** जयमंगलागढ़ महोत्सव के तहत आयोजित सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ भव्य तरीके से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, विधायक राजवंशी महतो, पूर्व समाज कल्याण मंत्री मंजू वर्मा, जदयू अध्यक्ष रुदल राय, भाजपा अध्यक्ष राजीव वर्मा एवं उप विकास आयुक्त ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों से हुई। दामिनी मिश्रा ने अपनी मधुर आवाज में शास्त्रीय संगीत एवं मैथिली गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद लोक गायिका अपूर्व प्रियदर्शी ने अपने सुरीले गीतों से दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रकाश मल्लिक के हिप-हॉप डांस ग्रुप की जबरदस्त प्रस्तुति पर लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

इस ऐतिहासिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल आयोजन में अनुमंडल पदाधिकारी (मंझौल), भूमि सुधार उप समाहर्ता, नजारत उप समाहर्ता, जिला सामान्य शाखा प्रभारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी (चेरिया बरियारपुर) सहित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इन सभी अधिकारियों को शाल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने जिला प्रशासन एवं जिला पदाधिकारी को इस भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।

## एक नजर

### बिहार में खुलकर शुरू हुए एनकाउंटर : विजय सिन्हा

**नई दिल्ली (नवबिहार टाइम्सव संवाददाता)।** न्यूज18 इंडिया के डायमंड स्टेट्स समिट ग्रैंड फिनाले में बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि प्रदेश में पुलिस एक्शन मोड में आ गई है और एनकाउंटर शुरू हो चुके हैं। उन्होंने तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि चार्टर्ड प्लेन में बर्थडे मनाने वाले जनता की सेवा नहीं कर सकते। विजय सिन्हा ने बताया कि बिहार में 14 गुना बजट बढ़ा, इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ और डिजिटल लेन-देन बढ़ा। पुल गिरने की घटनाओं पर उन्होंने सर्वे कराकर हेल्थ कार्ड बनाने की बात कही और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई का दावा किया।

### छेड़खानी के विरोध पर महिला को मारी गोली, आरोपित गिरफ्तार

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्सव संवाददाता)।** भगवानपुर थाना क्षेत्र के मोख्तियारपुर गांव में एक महिला के साथ छेड़खानी और विरोध करने पर उसे गोली मारने का मामला सामने आया है। घटना के आरोपी सौरभ कुमार उर्फ गणेश सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार दोपहर करीब 1:30 बजे मोख्तियारपुर गांव निवासी एक व्यक्ति महिला के घर में जबरन घुस आया और उसके साथ छेड़खानी करने का प्रयास किया। जब महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से महिला को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। बताया गया कि गोली महिला के पेट में लगी है। घटना की सूचना मिलते ही भगवानपुर थाना पुलिस एवं सशस्त्र बल मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई। स्थानीय लोगों और परिजनों से पूछताछ के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हॉस्पिटल के पास से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पिस्टल को उसके घर के पास बांसविटी से बरामद कर लिया गया। पुलिस ने कहा कि मामले की गहराई से जांच जारी है और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### तीन महीने से वेतन नहीं मिलने से शिक्षक निराश

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्सव संवाददाता)।** राज्य के एक लाख सतासी हजार शिक्षक जहां नववर्ष की शुरुआत में खुश थे, वहीं ईद के करीब आते-आते हताशा और निराशा में डूब गए हैं। तीन महीने बीतने को आए, लेकिन अब तक विभिन्न तकनीकी अड़चनों के कारण वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। गौरतलब है कि स्थानीय निकाय के शिक्षक लंबे संघर्ष के बाद विशिष्ट शिक्षक के रूप में राज्यकर्मी का दर्ज़ा प्राप्त कर चुके हैं, लेकिन राज्यकर्मी का वेतन उन्हें कब मिलेगा, इसकी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। हालांकि शिक्षा विभाग की ओर से वेतन भुगतान का आदेश जारी किया जा चुका है, लेकिन स्थानीय पदाधिकारी इस आदेश को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) से शिक्षक संघ इस मुद्दे को लेकर कई बार गुहार लगा चुका है। जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार मिश्र एवं महासचिव ज्ञान प्रकाश ने बताया कि संघ लगातार प्रयासरत है और विभाग से अपील करता है कि ईद से पहले सभी शिक्षकों को वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

# स्कूलों में ऑटो और ई-रिक्शा के परिचालन पर रोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बिहार सरकार ने स्कूली बच्चों के परिवहन के लिए ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा के परिचालन पर 1 अप्रैल से प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में परिवहन विभाग, बिहार सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या 6/विविध (ई-रिक्शा)-7/2015 जारी की गई है, जिसमें क्रम संख्या 10 के तहत स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि स्कूली बच्चों के परिवहन में ई-रिक्शा और ई-कार्ट का उपयोग नहीं किया जाएगा।

हालांकि, पूर्व में भी इस संबंध में अखबारों में सूचनाएं प्रकाशित की गई थीं, लेकिन इसके बावजूद कई स्थानों पर स्कूली बच्चों को ऑटो और ई-रिक्शा से लाने-ले जाने का सिलसिला जारी है। इसे रोकने के लिए विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकों एवं ट्रांसपोर्ट संचालकों को सूचित करने का निर्देश जारी किया गया है।

सुरक्षा कारणों से लिया गया फैसला

इस फैसले के पीछे मुख्य रूप से सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया है। विदित हो कि 22 नवंबर 2024 को पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में ऑटो-ट्रक टक्कर में तीन स्कूली छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

विशेषज्ञों के अनुसार, अधिकांश थ्री-व्हीलर वाहनों में सुरक्षा मानकों की कमी होती है, जैसे– सीट बेल्ट की सुविधा नहीं होती। हेडलाइट, वॉर्निंग लाइट, रियर-व्यू मिरर एवं सिग्नलिंग डिवाइस अन्य वाहनों की तुलना में कमजोर होते हैं। क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जाता है, जिससे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि स्कूलों में इस प्रतिबंध का सख्ती से अनुपालन कराया जाएगा।

# ईश्वर को जानने का मार्ग है अंतरज्ञान : स्वामी भागीरथी

## संतमत सत्संग का 36वां वार्षिक अधिवेशन संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी (ग्रामीण)।** जिला संतमत सत्संग का 36वां वार्षिक अधिवेशन बुधवार को समाप्त हुआ। इस अवसर पर बिहार के विभिन्न जिलों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे और संतों के प्रवचनों से अभिभूत हुए।

अधिवेशन में स्वामी भागीरथी महाराज, स्वामी सत्य प्रकाश महाराज, स्वामी प्रमोद महाराज और स्वामी नरेशानंद महाराज ने प्रवचन दिया।

स्वामी भागीरथी महाराज ने कहा, ''ईश्वर भौतिक इन्द्रियों की सीमा से परे हैं। हमारी आँखें उन्हें देख नहीं सकतीं, कान उनकी आवाज नहीं सुन सकते और स्पर्श उन्हें महसूस नहीं कर सकता। ईश्वर को जानने का मार्ग इन्द्रियों के माध्यम से नहीं, बल्कि अंतर्ज्ञान से संभव है।''

स्वामी सत्य प्रकाश महाराज ने कहा, ''परमात्मा का अनुभव केवल गहन ध्यान, साधना और आत्मा की शुद्धता के माध्यम से संभव है। जब मन शांत होता है और आत्मा अपनी मूल अवस्था में पहुंचती है, तभी ईश्वर का साक्षात्कार होता है।''

इस अवसर पर जिला मंत्री गजेंद्र पोद्दार, सुभाष चौधरी, दिलीप कुंवर, राम उचित शर्मा, सत्यानंद चौधरी, दीपक साह, विष्णु कुमार, महंथ अशोक दास और सुरेंद्र कुमार ने संतों का स्वागत किया।

श्रद्धालुओं ने प्रवचनों को गहराई से सुना और आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया।

# बंधन बैंक और भारतीय वायुसेना में शौर्य वेतन खाता उपलब्ध कराने के लिए समझौता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बंधन बैंक ने भारतीय वायुसेना (IAF) के कर्मियों को शौर्य वेतन खाता प्रदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह खाता विशेष रूप से रक्षा कर्मियों के लिए डिज़ाइन किया गया एक कॉर्पोरेट वेतन खाता है, जिसमें शून्य-शेष खाता, सुरक्षा लाभ, आकर्षक ब्याज दरें और अन्य विशेष सुविधाएं शामिल हैं।




इस समझौते पर हस्ताक्षर भारतीय वायुसेना के सहायक वायुसेनाध्यक्ष (लेखा एवं वायु सैनिक) एयर वाइस मार्शल उपदेश शर्मा वीएसएम और बंधन बैंक के सरकारी व्यापार समूह के प्रमुख देबराज साहा द्वारा किए गए। इस अवसर पर बंधन बैंक के शाखा बैंकिंग प्रमुख सुजॉय रॉय, केंद्र सरकार व्यापार प्रमुख स्वाति दत्त, भारतीय वायुसेना और बैंक के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

बंधन बैंक की 1700 से अधिक शाखाओं के माध्यम से भारतीय वायुसेना कर्मी इस विशेष खाते के लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा, बैंक ने 557 नामित शाखाओं के माध्यम से रक्षा पेंशनभोगियों और उनके परिवारों को सेवाएं प्रदान करने के लिए रक्षा लेखा महानियंत्रक (एक्ष्ळ) के साथ भी साझेदारी की है। बंधन बैंक के कार्यकारी निदेशक और मुख्य व्यवसाय अधिकारी राजिंदर बब्बर ने कहा, 'एक अखिल भारतीय सार्वभौमिक बैंक के रूप में, हम राष्ट्र की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रमुख सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी के जरिए हम विश्वस्तरीय बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इस नई साझेदारी से भारतीय वायुसेना के कर्मियों को बेहतर बैंकिंग अनुभव मिलेगा।' बंधन बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा एजेंसी बैंक के रूप में नियुक्त किया गया है और यह कर संग्रह, केंद्रीय सिविल पेंशन और रेलवे पेंशन वितरण के लिए अधिकृत है। बैंक की यह नई पहल रक्षा कर्मियों के लिए निर्बाध और सुविधाजनक बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# एस एस कॉलेज में स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के एस.एस. कॉलेज के एन.एस.एस इकाई एवं गंगा सुरक्षा समिति, जहानाबाद के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को महाविद्यालय परिसर में हुआ। इस अवसर पर अपने प्रेरक संबोधन में उप विकास आयुक्त धनंजय कुमार ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में स्वास्थ्य कारणों से स्वच्छता का महत्व और अधिक बढ़ गया है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे सुंदर परिवेश के निर्माण में स्वच्छता का विशेष महत्व है। उन्होंने इस दौरान लगातार स्वच्छता अभियान चलाये जाने पर जोर दिया। इसके लिए उन्होंने लोगों में आत्मचेतना के विकास पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 डॉ0 दीपक कुमार ने कहा कि स्वच्छता, स्वस्थ व समृद्ध समाज के निर्माण के लिए आवश्यक आधारभूत तत्व है। उन्होंने संबोधन के क्रम में अनेक ऐसी बीमारियों का उल्लेख किया, जिसका मुख्य कारण स्वच्छता का अभाव है। उन्होंने स्वच्छता को लेकर निरंतर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने पर जोर दिया।उन्होंने आगे कहा कि हमारी जीवनदायिनी नदियों का दुषित होना दुर्भाग्यपूर्ण व निराशाजनक है। इस स्थिति में सुधार के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे उपायों के साथ ही जन-भागीदारी की अहम भूमिका होगी।



जिला परियोजना पदाधिकारी ''नमामि गंगे'' अमित कुमार ने कहा कि हमारी महान नदियों ने सदियों से मानव जीवन व सभ्यता का पालन पोषण किया है। हमें भी मां समान इन नदियों को निर्मल व अविरल बनाए रखने के लिए हरसंभव कोशिश करनी चाहिए। स्वच्छता संवाद में अपने विचार व्यक्त करने वालों में डी.आर.डी.ए के निदेशक रोहित कुमार मिश्र, उपसमाहर्ता सह लोक सूचना अधिकारी शिल्पी आनंद, पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रो0 डॉ0 कृष्णानंद एवं वित्तेक्षक डॉ0 विनोद कुमार रॉय रहे। स्वच्छता संवाद कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक सदस्यों ने भी बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर अन्य स्वयंसेवकों को प्रेरित व प्रोत्साहित किया।

# बीहट में पांच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय, बीहट परिसर में पांच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का आयोजन बुधवार से किया जाएगा। महोत्सव की शुरुआत देशभर से आए लोक कलाकारों की रंगयात्रा के साथ होगी, जिसमें कलाकार पारंपरिक लोक वाद्य यंत्रों के साथ अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस महोत्सव का उद्घाटन पद्मश्री सुधा वर्गीज के द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा– आर.टी. राजन रंग सम्मानः वरिष्ठ रंगकर्मी संजय उपाध्याय शंभू साह रंग कीर्ति सम्मानः सचिदानंद पाठक कीर्तन सम्राट बिंदेश्वरी सिंह लोक सम्मानः लक्ष्मी यादव। महोत्सव के दौरान 28 से 30 मार्च तक संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें रंगमंच, मीडिया, लोककला सहित अन्य विषयों पर चर्चा होगी। आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन के सचिव एवं फ़ेस्टिवल डायरेक्टर गणेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव में चार राज्यों के 8 नाटकों की प्रस्तुति की जाएगी।

महोत्सव का आगाज 27 मार्च को आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन, बरौनी द्वारा प्रस्तुत नाटक ''गंगा स्नान'' से होगा। इसका निर्देशन गणेश गौरव ने किया है। इस भव्य आयोजन को लेकर स्थानीय कलाकारों और रंगमंच प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।

# रजौली के घने जंगल में पहुंचा हाथियों का झुंड, ग्रामीणों में मचा हड़कंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** जिले के रजौली प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को हरदिया पंचायत के फुलवरिया डैम के अंदर भानेखाप, कुंभियातरी, सुअरलेटी गांव के घने जंगल में हाथियों का झुंड पहुंचा है। हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है।हाथियों द्वारा मचाए जा रहे उत्पात से ग्रामीण काफी परेशान हैं। जहां एक ओर हाथियों ने किसानों का फसल नष्ट कर दिया। वहीं दूसरी ओर हाथी अब गरीबों के घर उजाड़ने लगे हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दो दिन पूर्व रतनपुर जंगल के पत्थर खदान के ऊपर से होते हुए हाथियों का झुंड भानेखाप, परतौनियां, सुअरलेटी गांव में पहुंच गया है। हाथियों का झुंड जंगल में बसे आदिवासियों झोपड़ियों को अपना निशाना बनाते हुए झोपड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। हाथियों के इस आतंक से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है और वे अपने घर जाने से डर रहे हैं। दरअसल कुछ दिनों पूर्व कोडरमा घाटी के मेघातरी होते हुए हाथियों का झुंड रजौली में प्रवेश कर गया है। सोमवार की रात्रि सूअरलेटी के पास से हाथियों के एक बड़े झुंड को गांव में घुसने से आग जलाकर रोका और नदी के रास्ते ही उसे झारखंड की सीमा में घुसा दिया है। मंगलवार की देर शाम तक हाथी का झुंड बिहार झारखंड के सीमा अंबा कोल के जंगल में एक नाले में बैठा रहा।



**क्या कहते हैं अधिकारी :** डीएफओ श्रेष्ठ कुमार कृष्णा ने कहा कि कोडरमा वन विभाग के द्वारा हमें सूचना मिला था। कि हाथियों का झुंड रजौली के इलाका में घुस गया है। सूचना के आलोक में वन विभाग की टीम हाथियों की हर एक गतिविधि पर नजर बनाई हुई है।

# मिल-जुलकर मनाएं त्योहार, अफवाहों पर न दें ध्यान : थानाध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** ईद, चैत्र नवरात्र एवं रामनवमी को लेकर पकरीबरावां थाना और धमौल थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने त्योहारों के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। पुलिस प्रशासन ने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह या भ्रामक जानकारी पर ध्यान न दें और अगर कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। अधिकारियों ने कहा कि सभी लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाएं और किसी भी प्रकार के विवाद से बचें। उन्होंने जुलूस एवं कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर प्रशासनिक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी और कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग में तय मानकों का पालन किया जाए। बैठक में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि रामनवमी शोभायात्रा और ईद की नमाज के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। साथ ही, संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। पकरीबरावां में बैठक में बीडीओ मृत्युंजय कुमार, थानाध्यक्ष रणजीत कुमार, जिप प्रतिनिधि पंकज सिंह, अंबेडकर जागृति मंच के अध्यक्ष आसो पासवान, कोषाध्यक्ष लवली टेलर, समाजसेवी विश्वनाथ यादव, मुखिया मनोज चौरसिया, विनय सिंह, सरपंच रुपेश कुमार, सरपंच संघ के अध्यक्ष दामोदर पासवान, मो. हाफिज नौशाद, बाल्मीकि मेहता, प्रकाश यादव आदि थे। वहीं, धमौल थाना में सीओ खुशबू गौतम, थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू सहित दुर्गा पूजा समिति सचिव अजीत भारती, मुखिया रामरूप यादव, सरपंच इंद्रजीत सिन्हा, पंसस उपेंद्र सिंह, मुखिया प्रतिनिधि चंद्रमा यादव, पूर्व सरपंच परमेश्वर यादव, बिनोद साव आदि थे।

## शांति समिति की बैठक आयोजित

वीरपुर। आगामी ईद, चौती छठ, चौती दुर्गा और रामनवमी को लेकर वीरपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना अध्यक्ष संजीव कुमार, बीडीओ पंकज कुमार शक्ति धर, सीओ भाई वीरेंद्र के नेतृत्व में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के नेताओं और बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। बैठक में सभी पर्वों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने पर सहमति बनी। साथ ही डीजे और अश्लील गीत बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि असमाजिक तत्वों, नशेड़ियों, मनचले युवकों और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। बैठक में प्रखंड प्रमुख स्मिता कुमारी, मुखिया मोहम्मद मोक्तार, मोहम्मद कुद्दुश, पूर्व मुखिया राम प्रवेश सिंह, दीपक कुमार, राजीव कुमार, अजय झा, नवीन सिंह, रौशन कुमार, अनिल कुमार, मनोज सिंह, वशिष्ठ नारायण सिंह, मोहम्मद अफरोज आलम, सुरेश पासवान आदि थे।

# गजराज परिवार की जुड़वा बहनों ने इंटरमीडिएट में दिखाया दमखम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** इंटरमीडिएट की परीक्षा का रिजल्ट ने कई कई परिवार में खुशियाँ भर दिया है। नवादा जिले के छात्रों का पूरा दबदबा रहा है। छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन से क्षेत्र में अपना परचम लहराते हुए परिवार के लोगों एवं शुभचिंतकों को खुशियाँ मनाने का मौका दिया है। ऐसे हीं नवादा के गजराज परिवार की एक जुड़वा बहनों ने इंटरमीडिएट कला की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। दोनों बहनों में सृष्टि श्री ने इस परीक्षा में 439 अंक लाया वहीं स्वाति श्री ने 422 अंक लाकर अपने शिक्षा का परचम लहराया है। दादा कैलाश चौधरी एवं नाना महेंद्र चौधरी इनकी सफलता से काफी खुश हैं और मिठाईयां बांट रहे हैं। मेसकौर प्रखंड के नदसेना ग्राम निवासी इनके पिता संजय चौधरी एवं नवसृजित प्राथमिक विद्यालय गांधी नगर मेसकौर की प्रधानाध्यापिका ने कहा मेरी दोनों पुत्रियों ने हमारा नाम रोशन किया है। इन दोनों की सफलता पर हम गौरवांवित महसूस कर रहे है। बचपन से हीं दोनों मेधावी छात्र रही है। दोनों बहनों ने कहा मेरे पिता एवं मां का हमारा शिक्षा में अहम योगदान है। इनके प्रेरणा और दिशानिर्देश का प्रतिफल है कि हम दोनों बहने बेफिक्र होकर पढ़ाई में लगे हैं। सृष्टि श्री ने कहा मेरी मां अर्चना भारती भी नवोदय विद्यालय की छात्रा रही है और अभी वर्तमान में वे शिक्षिका है। इनके शिक्षा और निर्देशन का लाभ हमें काफी मिलता है। सफलता से खुश दोनों बहनों ने कहा आगे की पढ़ाई जारी रखते हुए उच्च सिविल सर्विस की तैयारी में लगेंगे।



CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### एसपी ने की एएलटीएफ पदाधिकारियों के साथ बैठक

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में मंगलवार को एसपी अमितेश कुमार ने जिला के एंटी लिकर टास्क फोर्स के पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में अवैध शराब की बरामदगी व शराब तस्करों की गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी ली गई. साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए.



एसपी ने जिला अंतर्गत मद्य निषेध अभियान को प्रभावी बनाने व शराब तस्करों पर लगाम लगाने तथा अवैध शराब की बिक्री को रोकने हेतु सघन छापेमारी एवं सतत निगरानी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए. उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जिला अंतर्गत जितने भी शराब से जुड़े तस्कर हैं, उनपर निगरानी रखने के साथ उनकी गिरफ्तार करें.जिले में सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस गश्त और जांच अभियान तेज करने की बात कही गई.

### गणित की राज्यस्तरीय ओलंपियाड परीक्षा में अंकित ने लहराया परचम



**महाराजगंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के रिसौरा उच्च विद्यालय की ग्यारहवीं की छात्रा अंकिता कुमारी ने बिहार प्रदेश स्तर पर गणित की ओलंपियाड परीक्षा में परचम लहरा कर स्कूल व परिवार के लोगों का नाम रौशन किया है . छात्र महाराजगंज प्रखंड के हाहावा गांव के राजबल्लभ शर्मा की पुत्री बताई जाती है . रिशोरा उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक कामेश्वर राम के अलावा शिक्षक रामेंद्र कुमार वी अन्य शिक्षक व गण्यमन्य लोगों ने छात्रा को बधाई दी है .

### इंटर साइंस की परीक्षा में छात्रा ने लाया 89.6 फीसदी मार्क्स



**महाराजगंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार इंटरमीडिएट साइंस की परीक्षा में महाराजगंज प्रखंड के रतनपुरा गांव निवासी राजकिशोर यादव शिक्षक की पुत्री ने 89.6 फीसदी अंक लाकर स्कूल व परिवार का नाम रौशन की है. छात्रा ने आयोजित परीक्षा के सभी विषयों में डिंग्टिक्शन नया मिशाल पेश किया की है. छात्रा सीवान डीएवी उच्च विद्यालय की छात्रा थी. छात्र अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों माता-पिता को दी है. आगे चलकर छात्र इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने की इच्छा जताई.

### शिविर में 2567 लाभार्थियों के बीच 57 करोड़ 41 लाख रुपए का ऋण वितरण



**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को जिला पदाधिकारी,सिवान के निदेशानुसार अपर समाहर्ता,सिवान के अध्यक्षता में ऋण शिविर 'संकल्प' का आयोजन अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा अम्बेडकर भवन, सिवान के सभागार में किया गया। जिसमें ऋण शिविर में प्रभारी पदाधिकारी, जिला बैंकिंग शाखा, सिवान, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, सिवान, डी.डी एम नावार्ड, सिवान, द्वारा भाग लिया गया। ऋण शिविर में 2567 लाभार्थीयों के बीच 57 करोड़ 41 लाख लगभग राशि की ऋण का वितरण किया गया।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच छात्रों को दिया गया 50 और 25 हजार का चेक

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के कोइरीटोला स्थित लक्ष्य कोचिंग में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में इंटर विज्ञान संकाय में दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इस संस्था के छात्रों को 50 हजार और 25 हजार का चेक दिया गया। संस्था के निदेशक ई अविनाश तिवारी ने बताया कि शंभवी कुमारी और अंकित तिवारी ने 444 अंक लाकर संस्था का टॉपर बने हैं। इन दोनों छात्रों को 50-50 हजार का चेक दिया गया। वही सेकंड और थर्ड टॉपर बने रौशन पांडेय 442, शिल्पी 433 और झुन्नु 431 अंक को 25-25 हजार का चेक दिया गया। वही इस संस्था के सर्वश्रेष्ठ अंक लाने वाले छात्राओं में विवेक कुमार, राजन कुमार, दीपक कुमार, प्रांजल प्रभाकर, सौरभ कुमार दास, राजा बाबू, सुधीर कुमार, दिव्यांशु, रितेश, अस्मित, चंदन कुमार, संजना, आकाश कुमार, काजल कुमारी सहित दर्जनों छात्रों ने 400 से अधिक अंक लाकर जिले में इस संस्था का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यहां के छात्र छात्राओं ने इंटर साइंस में शत-प्रतिशत प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर जिले में दबदबा कायम रखा है।



### हसनपुरा में इंटरमीडिएट की परीक्षा रिजल्ट देख प्रसन्न हुए में परीक्षार्थी

**हसनपुरा /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों के छात्र-छात्राओं ने इंटरमीडिएट के तीनों संकायों यथा विज्ञान, वाणिज्य व कला में रिजल्ट देख काफी प्रसन्न हुए। उन्होंने सर्वाधिक अंक लाकर शहर से लेकर गांव तक परचम लहराया है। हालांकि परिणाम जानने के लिए छात्र-छात्राओं ने मंगलवार की सुबह से ही 2:30 बजने का इंतजार कर रहे थे। वहीं रिजल्ट देख सभी प्रसन्न दिखे। वही अभिभावकों ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन कर खुशी जाहिर की। जहां संकाय विज्ञान में सुजाता कुमारी 437, एहतेशाम अहमद 408 के अलावे अरीबा हामिद 369,आजाद 390, निक्की कुमारी 389, मुशर्रफ खातून 384, शशिकांत कुमार 380, रोहित कुमार साह 375,गुलनाज खातून 375,रवी कुमार 373,प्रमोद कुमार 372, पूजा कुमारी 367 व मधू कुमारी 365 सहित अन्य ने बेहतर अंक लाकर परिजनों का नाम रोशन किया है। इन छात्र-छात्राओं ने मीडिया को किसी ने डॉक्टर, किसी ने इंजीनियर तो किसी ने प्रशासनिक सेवा में जाने की बात कही। वही छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों व परिजनों को दिया।



# पंचायत सचिवों ने समाहरणालय के समक्ष दिया दिवसीय धरना, जमकर किया प्रदर्शन




**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के विभिन्न पंचायतों के पंचायत सचिवों ने समाहरणालय के समीप अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया. जिसके बाद उन्होंने समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन भी किया. वही पंचायत सचिवों की नौ सूत्री मांगों में पंचायत सचिवों का स्थानान्तरण एवं पदस्थापन नियमावली बनायी जाए, पंचायत सचिवों का ग्रेड-पे-2000 से बढ़ाकर 2800 किया जाय, पंचायत सचिवों का सेवा के लिए सम्पुष्टि अभियान चला कर किया जाय, ग्रेड पे 2000 से बढ़ाकर 2800 करना और 2000 रुपये यात्रा भत्ता शामिल दी जाय, बकाया वेतनं एवं सेवानिवृतों का सेवांत लाभ का भुगतान 31.03. 2025 तक किया जाय, कार्यस्त सेवानिवृत एवं मृत पंचायत सचिवों को एसीपी एवं एमएसीपी का लाभ दी जाय, प्रखण्ड, पंचायत राज पदाधिकारी के पद पर प्रोन्नति के उम्र सीमा 55 वर्ष समाप्त करते हुए पदोन्नति दी जाए, आवासन में सुरक्षा की गारन्टी दी जाए और पंचायत सचिवों को अभिकर्ता कार्य से मुक्त किया जाए मांगे शामिल हैं .वही पंचायत सचिव ने कहा कि यदि हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे. वही धरना में इंद्रदेव यादव ,पप्पू कुमार, मुकेश कुमार, शुभाष कुमार,बब्लू गोंड, ओम प्रकाश गोंड, रेहान अहमद,सत्यम कुमार सिंह,संतोष कुमार, उपेन्द्र सिंह, रंजना सिंह, ज्योति कुमारी, खुशबू, संध्या कुमारी, दिलशाद अहमद, प्रोषोतम कुमार और सुशील कुमार सहित जिले के सभी पंचायत सचिव मौजूद रहे.

## नाबालिक के साथ दुष्कर्म का प्रयास, प्राथमिकी

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला में एक नाबालिक के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है इस मामले में नाबालिग की मां ने नगर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई है. प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. पीड़िता की मां ने अपने आवेदन में बताया है कि 21 मार्च की रात्रि 12 बजे वे अपने बच्चों के साथ घर में सोयी थी. वहीं उनकी 15 वर्षीय पुत्री भी घर के पिछले हिस्से में कर्कटनुमा हाल में सोयी थी. तभी अचानक मोहल्ला का ही रोहित कुमार घर के पिछले रास्ते से मेरे घर में प्रवेश कर गया और मेरी पुत्री के साथ नाजायज संबंध बनाने का प्रयास करने लगा. इस दौरान मेरी पुत्री जोर-जोर से हल्ला करने लगी. हो-हल्ला सुनकर जब हमलोग वहां पहुंचे तो रोहित भागने लगा. तब तक हमलोगों से उसे पकड़ लिया. हमलोगों के चिल्लाने से अगल-बगल के काफी लोग एकत्रि हो गए. तबतक रोहित अपना हाथ छुड़ाकर फरार हो गया. इसके बाद रोहित के पिता, माता एवं भाई द्वारा हमलोगों को जान से मारने की धमकी दी जा रही है. इस मामले में नगर थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि प्राथमिकी के बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी हो रही है. जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

## प्रमोद हत्याकांड में चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज, दो गिरफ्तार

### सुबह प्रमोद का किया गया था शव बरामद



**मैरवा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के सेवतापुर निवासी प्रमोद हत्याकांड में पुलिस ने मृतक के भाई शारदा यादव के आवेदन पर चार लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज की हैं . इधर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज होने के बाद दो आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर पूछताछ की और जेल भेज दिया है. गिरफ्तार अभियुक्तों में सेवतापुर के प्रवीण पूरी और मारकंडे तिवारी है. इधर पुलिस अन्य दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है. बताते चले की सेवतापुर के प्रमोद यादव की हत्या रविवार की रात घर से बुला गला घोंटकर कर दिया था.जिसके बाद शव को इसके घर से 500 मीटर की दूरी पर एक खेत मे फेक दिया था. सोमवार की सुबह पुलिस ने शव को बरामद किया था. इधर मंगलवार को भी मृतक के परिजनों के चीखपुकार से गांव में कोहराम मचा हुआ है.वही पुलिस घटना के करणो के बारे में पता लगाने में जुटी है.इधर परिजनों का कहना है कि मृतक का किसी से कोई दुश्मनी नही था. वे चीनी मिल में काम करता था.होली में छुट्टी में घर आया था. इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष डॉली कुमारी ने बताया कि चार नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई हैं. जिजमे दो को गिरफ्तार कर लिया गया हैं .

## स्टेशन चौक पोखरा के अतिक्रमित भूखंड पर सड़क बनाने का विरोध

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निगम के वार्ड 25 में स्थित स्टेशन चौक पोखरा के भूखंड पर सड़क बनाने के विरोध में शिकायत की गई है। वार्ड 30 के कृष्णानगर निवासी शाहजहां ने पोखरा की जमीन पर पीसीसी की 14.92 लाख से भी अधिक की योजना को अतिक्रमण का वैध स्वरूप देने का षडयंत्र करार दिया है। इसके विरोध में महापौर से लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तक से शिकायत की गई है। शिकायतकर्त्ता ने अपनी दर्ज शिकायत में सूबे के माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट जल जीवन हरियाली के बुनियादी शर्तों की अवमानना करार दिया है। इसके साथ ही स्टेशन चौक पोखरा वाली खेसरा 208 और 209 पर काबिज सैकड़ों अतिक्रमणकारियों से इस सार्वजनिक पोखरा की जमीन से मुक्त करते हुए मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट 'जल जीवन हरियाली' योजना के तहत पोखरा को पुनर्जीवित करने का अनुरोध किया है।

## भूमि विवाद में निबंधन कार्यालय के कातिब को बदमाशों ने मारी गोली, घायल



**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नौतन थाना क्षेत्र के पचलखी गांव में मंगलवार की सुबह जिला निबंधन कार्यायल के कातिब को बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों व स्वजनों की मदद से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल ने भूमि विवाद को लेकर गांव के लोगों पर ही गोली मारने का आरोप लगाया है। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। घायल युवक की पहचान नौतन थाना क्षेत्र के पचलखी निवासी नागेंद्र कुमार श्रीवास्तव के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि वे जिला निबंधन कार्यालय में कातिब का काम करते हैं। गांव के कुछ लोगों से उनका पूर्व से ही भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। बताया कि गांव के ही एक भूमि की खरीदारी हो रही थी। इसके लिए विभाग के कर्मी द्वारा उक्त भूमि की फोटोग्राफी की जा रही थी। इसी दौरान सात से आठ की संख्या में लोग पहुंचे और हथियार निकालकर अंधाधुंध गोली चलाना शुरू कर दिए। इस दौरान उन्हें भी गोली लग गई। इससे वे घायल हो गए। गोली की आवाज सुनकर वहां उपस्थित अन्य लोग पहुंचते, तबतक वे लोग फरार हो गए। वहीं इस मामले में थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर गोलीबारी हुई है। आवेदन मिलने पर प्राथमिकी की जाएगी। फिलहाल पूरे मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

## पंचायत समिति की बैठक में छाया रहा राजस्व विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार का मुद्दा

**प्रखंड में करीब 100 से ऊपर दलाल है जो विगत छह सात वर्षों से फर्जी शादी का प्रमाण पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा कर लूट रहे हैं लोगों को**

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बुधवार को आयोजित पंचायत समिति की बैठक में राजस्व विभाग का मुद्दा छाया रहा। प्रखंड प्रमुख जयप्रकाश पासवान ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि पंचायत समिति की बैठक में गौनाहा, सहोदरा व मटियरिया थाना के पुलिस पदाधिकारी को उपस्थित नहीं रहने के कारण उन्हें पत्र भेजा जाएगा। ऐसे ही वन विभाग व पीएचईडी विभाग के प्रतिनिधि को सदन में उपस्थित नहीं होने का मुद्दा उठाया गया।

उप प्रमुख अमरेश कुमार ने सदन में आवाज उठाते हुए कहा कि अंचल अमीन मंजय यादव विगत 14 वर्षों से गौनाहा आंचल में जमे हुए हैं। उन्हें यहां से हटाया जाएं। अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार फैला हुआ है। राजस्व कर्मचारी व राजस्व कर्मी जनता का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। इस पर रोक लगाई जाएं। बीडीओ शिवजन्म राम और प्रखंड प्रमुख जयप्रकाश पासवान के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ। धनौजी मुखिया प्रदीप पंजियार ने कहा कि धनौजी पंचायत के पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु जो स्थल चयन किया गया था उसे वहां से हटाकर दूसरे जगह बनाया जा रहा है। जो सरासर गलत है। पंचायत समिति सदस्य रामस्नेही चौरसिया त्रिवेणी केनाल से निकलने वाली नाला का अतिक्रमण कर लिए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि माधोपुर से मुरली भरहवां जाने वाले नाले को अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश हाई कोर्ट द्वारा 3 साल पहले ही दिया गया था। परंतु अभी तक नाला को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया जा सका है। यह राजस्व विभाग की लापरवाही है। सदन में श्रम विभाग में व्याप भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया गया। पंचायत समिति सदस्य अवध बिहारी खोजवार ने कहा की शादी एवं मृत्यु के नाम पर बड़े पैमाने पर उगाही की जा रही है। उस पर रोक लगनी चाहिए। प्रखंड में करीब 100 से ऊपर दलाल है जो विगत छह सात वर्षों से फर्जी शादी का प्रमाण पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा कर लोगों को लूट रहे हैं। श्रम परवर्तन पदाधिकारी नीलम आकाश ने कहा कि पूर्व में इस तरह की घटना हो रही थी। मेरे आने पर इस पर रोक लगी है। प्रत्येक आवेदन का स्थल जांच कर ही रिपोर्ट भेजा जा रहा है। पंचायत समिति सदस्य धर्मसेन राम ने सदन में पंचायत समिति से बेलसंडी पंचायत में विकास नहीं होने का मुद्दा उठाया तथा मटियरिया पंचायत के बैरिया टोला व खुर्द पकड़ी गांव में प्राइमरी स्कूल नहीं होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने पशु चिकित्सक को अस्पताल में उपस्थित नहीं होने का मुद्दा उठाया। जिला पार्षद सदस्य पूनम देवी को पंचायत समिति की बैठक में नहीं बुलाने पर उन्होंने नाराजगी जताई। बैठक में प्रभारी सीओ सह बीईओ दीपक राम, मनरेगा पीओ उमेश कुमार सिंह, बिजली विभाग के मुकेश कुमार शुक्ला, बीपीआरओ अन्नपूर्णा कुमारी, हेड कलर्क श्री राम महतो, मुकेश कुमार,एमओ प्रदीप कुमार, सीडीपीओ कुमारी सुचेता, स्वास्थ्य प्रबंधक विपिन बिहारी, स्वच्छता समन्वयक विनोद कुमार, बुद्धेश्वर कुमार, आवास प्रवेक्षक राकेश कुमार, जीविका सीसी राहुल कुमार, प्रखंड नाजिर सर्वेश कुमार, पंचायत समिति सदस्य रूपतारा देवी, रुद्रदेव पटवारी, मनोरमा देवी, सुहागीन देवी, नंदू साह, अमरूल नेशा, प्रदीप साह, अंजू देवी, नहमा खातून आदि शामिल थे।

## 30 मार्च गोपालगंज आ रहे हैं गृहमंत्री अमित शाह : संजय कुमार पांडेय

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष संजय कुमार पांडेय ने बताया कि आगामी 30 मार्च को गोपालगंज के न्यू पुलिस लाइन चैनपट्टी ग्राउंड में देश के गृहमंत्री और हम सबके मार्गदर्शक अमित शाह का शुभागमन होने जा रहा है. जिसको लेकर के भारतीय जनता पार्टी की नेताओं कार्यकर्ताओं और आम जन मानस में खुशी की लहर है. हम भारतीय जनता पार्टी की सभी कार्यकर्ता और नेता अमित शाह के स्वागत के लिए गर्मजोशी के साथ उत्सुक हैं. अमित शाह का यह आगमन हम सारणवासियों के गर्व का पल रहेगा.जिसमें लाखों की संख्या में जनता जनार्दन पहुंचकर उनके संबोधन कार्यक्रम में शामिल होगी. अमित शाह की इस सम्मेलन में केंद्र तथा राज्य सरकार के द्वारा किए जा रहे हैं बिहार के विकास के लिए कार्यों का विवरण प्रस्तुत करेंगे.आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नेतृत्व में बिहार का विकास अविश्वसनीय तरीके से अपने पथ की तरफ अग्रसर है. हमें याद है आज से कुछ साल पहले जब महागठबंधन की सरकार हुआ करती थी, उस वक्त बिहार की क्या स्थिति थी. वह किसी से छुपा हुआ नहीं है. लेकिन आज एनडीए की नेतृत्व की सरकार में जिस तरीके से सड़क , शिक्षा , स्वास्थ्य तथा जनकल्याणी योजनाओं के माध्यम से जो राज्य का विकास हुआ है अकल्पनीय और अविश्वसनीय है. सीवान के समस्त आम जनमानस तथा कार्यकर्ताओं से आग्रह करता हूँ कि आप लोग 30 मार्च को गोपालगंज पहुंचकर अमित शाह के कार्यक्रम को सफल बनावे.

## दरवाजे पर पंचायती के दौरान पूर्व मुखिया पर फायरिंग

### घटना, जांच में जुटी शिकारपुर पुलिस



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के ननकार गांव में बुधवार की सुबह रखई पंचायत के पूर्व मुखिया अरुण यादव पर जानलेवा हमला किया गया। पूर्व मुखिया अपने आवास पर ही बुधवार की सुबह दो पक्षो की पंचायती कर रहे थे। इसी दौरान एक सख्स द्वारा की गई हवाई फायरिंग के बाद पंचायती में भगदड़ मच गई। आरोपी युवक ने दोबारा फायरिंग की मगर गोली मीस कर जाने से पूर्व मुखिया की जान बच गयी। इस घटना का वीडियो सोसल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि राष्ट्रीय सहारा वायरल विडियो की पुष्टि नही करता है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि युवक हाथ मे पिस्टल लिए पूर्व मुखिया से गाली गलौज व धक्का मुक्की कर रहा है। मामले में पूर्व मुखिया अरुण यादव ने शिकारपुर थाने में आवेदन दिया है। पुलिस को दिए आवेदन में गांव के ही मुमताज देवान,विनय यादव,सुरेंद्र साह, रहमत मिया,अयोध्या बनिया,सूरज कुमार साह समेत अज्ञात को आरोपित किया गया है।आरोप है कि वे अपने दरवाजे पर पंचायती के दौरान मुमताज देवान से पूछताछ की जा रही थी।इसपर मुमताज देवान उग्र हो गए और पंचायती छोड़ चले गए।थोड़ी देर बाद सभी आरोपित अपने अज्ञात 15 स बीस लोगो के साथ दरवाजे पर आते ही गाली गलौज करने लगे।इसी बीच विनय यादव ने पिस्टल निकाल हवाई फायरिंग कर दी। हालांकि लोगों द्वारा आरोपितों को पकड़ने का प्रयास किया गया। लेकिन हथियार का भय दिखाते हुए सभी आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। प्रभारी थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि आरोपितों को पकड़ने के लिए छापेमारी की गई है। लेकिन आरोपी पकड़ में नही आ सके। पुलिस मामले में अग्रेतर करवाई कर रही है।

## मलदहिया पोखरिया में अधिकारियों को जांच में मिली अनिमितता

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के मलदहिया पोखरिया पंचायत के अलग- अलग वार्डो में बुधवार को विभिन्न योजनाओं की जांच की अधिकारियो ने किया है। जांच में बीडीओ सूरज कुमार सिंह, बीपीआरओ विवेक आर्या, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार, बीसी राम विनय प्रसाद, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार यादव, शामिल रहे।

बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि पंचायत के वार्ड संख्या छह में नाला की जांच की गई। वहीं वार्ड आठ एवं नौ में पीसीसी सड़क के निर्माण कार्य की जांच की गई। इसके साथ हीं वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट की भी जांच की गई। बीडीओ ने बताया कि डब्ल्यूपीयू के जांच में वहां साफ सफाई की कमी पाई गई। इसके अलावा कचरा प्रबंधन सही और व्यवस्थित नहीं पाया गया। बीडीओ ने कहा कि इस संबंध में स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण की मांग की जा रही है। वहीं एमओ अमरेंद्र कुमार ने पीडीएस दुकानों की जांच की। इस क्रम में उन्होंने मलदहिया पैक्स एवं अब्दुल हकीम की पीडीएस दुकान बंद पाया है। एमओ ने बताया कि दोनों संचालकों से स्पष्टीकरण की मांग की जा रही है। इसी तरह वार्ड संख्या आठ, नौ एवं दस में करीब नौ सोख्ता की जांच की। जांच के दौरान तीन सोख्ता हीं सही पाया।

वही महादलित बस्ती के जांच में अधिकारियों ने कार्य पूर्ण नही पाया है। जबकि योजना वर्ष 2021-22 का है। इसको लेकर पंचायत सचिव व तकनीकी सहायक को स्पष्टीकरण पूछा गया है। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि पंचायत में कई योजनाओं की जांच संबंधित पदाधिकारियो के द्वारा की गई है। जांच में जहां भी अनिमितता पाई गई है सभी से स्पष्टीकरण पूछा गया है। वही वार्ड आठ में सड़क निर्माण कार्य में मानक के अनुरूप निर्माण कार्य नहीं मिला है। इसको लेकर संवेदक सह पंचायत सचिव शंकर प्रसाद एवं तकनीकी सहायक पूजा कुमारी से स्पष्टीकरण की मांग की जा रही है।

# लालसरैया में घर-घर कचरा उठाव संग्रहण वाहन की हुई शुरूआत

### मुखिया ने हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत लालसरैया पंचायत में प्रशिक्षु प्रखंड विकास पदाधिकारी सौरभ कुशवाहा बीपीआरओ सत्य प्रकाश मुखिया साजरा खातून प्रखंड समन्वयक मधुसूदन कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा हरी झंडी दिखाकर कचरा संग्रह रथ को पंचायत के निर्धारित वार्डों में रवाना किया।अपने संबोधन में प्रशिक्षु बीडीओ सौरभ कुशवाहा ने कहा कि स्वच्छता में ही ईश्वर का वास होता है।घर-घर से कचरा उठाव कर एकत्रित किया जाएगा। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत ठोस तथा तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन करने हेतु पूर्ण किया गया है। वही मौके पर उपस्थित बीपीआरओ सत्य प्रकाश ने कहा की स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में ग्रामवासी सक्रिय सहयोग कर रहे हैं। गांव को स्वच्छ और सुंदर रखने के लिए सामूहिक रूप से कार्य किया जाना चाहिए।इसमें ग्रामीणों की सहभागिता जरूरी है। जब लोग जागरूक होंगे तभी यह अभियान सफल होगा।उन्होंने बताया कि डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का कार्य शुरू किया गया है। वहीं पंचायत की मुखिया साजरा खातून ने आगंतुक अतिथियों की फूल माला पहनाकर कर तथा अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए पंचायत को स्वच्छ और सुंदर बनाने में ग्रामीणों को सहयोग करने की अपील की। बताते चले की सेनुवरिया पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक राकेश कुमार को लालसरैया पंचायत का प्रभारी स्वच्छता पर्यवेक्षक बनाया गया है। मौके पर कनीय अभियंता अमित राज,पंचायत सचिव संतोष यादव, रोजगार सेवक विकास कुमार, उपमुखिया ज्योतिष शील, समाजसेवी खुर्शीद आलम वार्ड सदस्य प्यारे लाल सहनी, मंटु कुशवाहा, सदरे आलम, बबिता देवी, फातिमा खातून, शिला देवी, टुनि बाला देवी, सुनीता देवी, फिरोज मियां, ज्ञानचंद महतो,पूनम देवी, अमित चौबे,नमाजी मियां,तपन सरकार,सुरेश शर्मा सहित मानव बल उपस्थित थे।

## इंटरमीडिएट परीक्षा में पाठक क्लासेज का जलवा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के पांडेय टोला स्थित पाठक क्लासेज के बच्चों ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में एक बार फिर से बेहतर रिजल्ट लाकर अपने माता पिता एवं गुरुजनों का मान सम्मान बढ़ाया है। बुधवार की सुबह चंदन कुमार, दीपक कुमार, रामाशीष कुमार, समीर आलम, मिट्टी कुमारी, कृतिका पाठक, सपना शर्मा, रिया कुमारी, साहेब कुमार, अभय कुमार, आकाश शर्मा, अंजली कुमारी, खुशबू कुमारी, अर्पणा कुमारी आदि बच्चों ने पाठक क्लासेज पहुचकर एक दूसरे को बेहतर रिजल्ट की बधाई दी। संस्था के निदेशक रिषु पाठक और संचालक ललित पाठक ने बच्चो के बेहतर रिजल्ट लाने पर मिठाई खिलाया और प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। संचालक ललित पाठक ने बताया कि शिक्षक एक मार्गदर्शक होते है बेहतर रिजल्ट में शिक्षक के साथ-साथ बच्चो व उनके माता पिता का अहम योगदान रहता है। हमारी संस्था का हमेशा प्रयास रहा है कि शिक्षा के क्षेत्र में हमारा क्षेत्र अव्वल रहे।पाठक क्लासेज का हमेशा प्रयासरत रहा है कि समाज को बेहतर बनाने के साथ जरूरतमंदों को शिक्षित करना है। उन्होंने बताया कि हमारे यहां जो गरीब परिवार से बच्चे आते है और उन्हें शिक्षा लेने में किसी तरह की परेशानी है तो उन्हें निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। दोपहर के बाद इंटर का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। रिजल्ट जारी होने के बाद बच्चो में खासा उत्साह देखने को मिल रहा हैं। सभी बच्चे अपने परिजनों के साथ फोटो व रिजल्ट की वेव कॉपी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर एक दूसरे को बधाई दे रहे है।

## 117 किलोग्राम गांजा के साथ दो गिफ्तार

### हुलसा छपरा गांव के एक मकान से हुआ बरामद




**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोरेयाकोठी थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हुलसा छपरा गांव में छापेमारी कर दो गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार तस्कर जितेश पांडे और अखिलेश पांडेय हैं. जो सगे भाई हैं. जिन्हें पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई में जुटी है. इस बाबत थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि हुलसा छपरा गांव में गांजा की तस्करी होती है. सूचना के आलोक में छापेमारी की गयी. जीसमे पुलिस को देख एक व्यक्ति छुपने का प्रयास करने लगा जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ा गया. पूछताछ के क्रम में उसने अपना नाम जितेश पांडेय बताया. पुलिस ने जब उसके घर की तलाशी ली तो घर के अंदर चौकी के नीचे, छज्जा, सहित विभिन्न स्थानों पर छुपा कर रखा गया 13 पैकेट बरामद किया गया.जहां पैकेट की तलासी ली गई तो 117.8 किलोग्राम गांजा बरामद की गई. वही पुलिस ने जितेश पांडेय का भाई अखिलेश पांडेय को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया. पुलिस एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है. इधर पुलिस इस गांजा की तस्करी में शामिल अन्य तस्करों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही हैं.

# एनटीपीसी नबीनगर लिख रहा विद्युत उत्पादन और ग्रामीण विकास की नयी कहानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद स्थित एनटीपीसी नबीनगर न केवल बिजली उत्पादन में बल्कि ग्रामीण विकास में भी अपनी भागीदारी सफलतापूर्वक निभा रहा है। यह बातें परियोजना प्रमुख सह कार्यकारी निदेशक एल के बेहेरा ने बुधवार को एनटीपीसी नबीनगर में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन 1980 मेगावाट क्षमता वाला पावर प्लांट है जिसका बिहार राज्य के विद्युत आपूर्ति में अहम योगदान है। इस परियोजना ने वित्तीय वर्ष (2024-25) में अभी तक 13 हजार मिलियन यूनिट (13792 एमयू) से भी ज्यादा विद्युत उत्पादन कर अपनी संचालन सफलता का प्रदर्शन किया। इस दौरान इस पावर स्टेशन का प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) 81.07 रहा जो इसकी उत्कृष्टता को दर्शाता है।






### स्टेज 2 में क्या है खास

कार्यकारी निदेशक एल के बेहेरा ने बताया कि एनटीपीसी नबीनगर में स्टेज 2 के तहत तीन 800 मेगावाट की इकाइयों का निर्माण होने जा रहा है। स्टेज 2 के निर्माण के बाद इस प्लांट की कुल क्षमता 4380 हो जाएगी जिसके कारण यह देश के प्रमुख पावर प्लांट में से एक बन जायेगा। उन्होंने बताया की स्टेज- 2 का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू हो जाएगा और इससे जुडी सारी जरुरी तैयारी कर ली गयी है। स्टेज- 2 में बनने जा रहे इकाइयों में एयर कूल्ड कंडेंशनर सिस्टम का प्रयोग किया जाएगा जिससे पानी की खपत बेहद ही कम हो जाएगी। तीनों नए विद्युत उत्पादन इकाइयां अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल होंगे, जहां उच्च तापमान और प्रेशर के प्रयोग से बिजली बनाई जाएगी, जिससे थर्मल एफिशिएंसी बढ़ जाती है। स्टेज-2 के निर्माण से बिहार राज्य को और अधिक बिजली उपलब्ध होगी, इस कड़ी में एनटीपीसी ने बिहार सरकार के साथ 1500 एमडब्ल्यू का पीपीए करार कर लिया है।

### ग्रामीण विकास में योगदान

मीडिया से रू-ब-रू होते हुए एल के बेहेरा ने कहा की 'यह हर्ष की बात है कि एनटीपीसी नबीनगर के तत्पर प्रयासों से ग्रामीण इलाको में सकारात्मक बदलाव आ रहा है, हम अपने आस-पास के गांव के निवासियों को अपने परिवार स्वरुप मानते हैं।' एनटीपीसी नबीनगर ग्रामीण विकास में भी तत्परता से अपना योगदान दे रहा है। यह पावर प्लांट अपने सीएसआर, आर एंड आर एवं सीडी के माध्यम से 37 से भी ज्यादा गांवो में विकास को गति दे रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत सुविधा और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में अपने लगातार प्रयासों से एनटीपीसी नबीनगर ग्रामीण क्षेत्र में विकास की एक नई कहानी गढ़ रहा है। प्रेस वार्ता में एनटीपीसी नबीनगर के महाप्रबंधक (ओ एंड एम) के डी यादव, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रॉय थामस सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद ने फोर लेन सड़क का शीघ्र निर्माण करवाने का किया आग्रह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने पटना- हरिहरगंज एनएच 139 को शीघ्र फोर लेन सड़क में परिवर्तन को लेकर एक बार फिर पहल की है। उन्होंने नई दिल्ली में सड़क एवं परिवहन मंत्रालय के सचिव पी. उमाशंकर से पलामू सांसद बी.डी राम एवं चतरा सांसद कालीचरण सिंह के साथ मुलाकात कर सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा ज्ञान एवं मोक्ष की धरती गया में किए गए घोषणा को याद करवाया और जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र सड़क निर्माण करवाने का आग्रह किया। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने बताया कि इस रोड के चौड़ीकरण के लिए लगातार प्रयासरत रहे है। उन्होंने कई बार लोकसभा में भी इस मुद्दा को प्रमुखता से उठाया और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर भी मांग की थी। पूर्व सांसद के अथक प्रयास का नतीजा था कि उनके संसदीय कार्यकाल में ही इस परियोजना का सर्वेक्षण शुरू हो पाया था। परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पलामू, गढ़वा, औरंगाबाद, अरवल और पटना जिलों को जोड़ने वाले एनएच 139 के फोरलेन की घोषणा गया में आयोजित एक कार्यक्रम में की जिसमे उन्होंने मंच से कहा कि पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह के आग्रह पर मैं इस फोरलेनिंग का स्वीकृति प्रदान करता हूं। बताते चले कि इस परियोजना से पलामू, गढ़वा, औरंगाबाद, अरवल और पटना के बीच आवागमन सुगम होगा और पटना आने-जाने में लगने वाला समय भी कम होगा और इससे न केवल आवागमन आसान होगा बल्कि इस क्षेत्र में विकास को भी गति मिलेगी। एनएच 139 के चौड़ीकरण में देरी के कारण सड़क सुरक्षा की समस्या बनी हुई है जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह किसी भी परिस्थिति में अपने लोकसभा क्षेत्र के साथ-साथ दूसरे जगह के भी आम लोगों के जनहित और विकास के कार्य के लिए प्रयासरत रहते है और गम्भीरता से चिंता करते है। जिले के कई समाजसेवी, शिक्षाविद और भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिले के लोग आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में अपने परिजनों को खो रहे है। वहीं इस रोड के चौड़ीकरण से जिले का विकास तेज रफ्तार से होगा और व्यापार एवं रोजगार सुगम होगा।

# वातानुकूलित हुआ देव सूर्य मंदिर का गर्भ गृह

## गर्मी में भक्तों को अब नहीं होगी परेशानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के ऐतिहासिक सूर्य नगरी देव स्थित सूर्य मंदिर के गर्भ गृह में टावर एसी लगाया गया है। टावर एसी लगने से श्रद्धालुओं को गर्मी में काफी सहूलियत होगी। साथ ही पुजारियों को भी राहत मिलेगी। देव सूर्य मंदिर न्यास समिति के सचिव विश्वजीत राय ने बताया कि जिले के नबीनगर नगर पंचायत के पूर्व मुख्य पार्षद अजय कुमार सिन्हा के द्वारा यह एसी सूर्य मंदिर में दान स्वरूप भेंट किया गया है। पूर्व मुख्य पार्षद ने सूर्य मंदिर में अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर यह एसी दान दिया है और मंदिर में अनुष्ठान कराने की बात कही है। गर्मी के दिनों में मंदिर में न्यास समिति के द्वारा पंखा एवं कूलर लगाया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को प्रचंड गर्मी में पर्याप्त ठंडी हवा नहीं मिल पाती थी। अब टावर एसी लग जाने से गर्मी में मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रचंड गर्मी में भी राहत मिल सकेगी। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी सह देव सूर्य मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष संतन कुमार सिंह ने कहा कि देव सूर्य मंदिर देश में काफी प्रसिद्ध है। देव सूर्य मंदिर काफी पौराणिक व ऐतिहासिक है। काले पत्थरों को तराशकर बनाए गए इस मंदिर की शिल्पकला देखने लायक है। यहां कार्तिक व चैत छठ में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पूजा करने पहुंचते हैं। आगामी चैती छठ से पूर्व मंदिर में एसी लगने से सभी छठ व्रतियों को भी काफी सुविधा मिलेगी।



# संकल्प ऋण शिविर में लोन का वितरण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला समाहरणालय स्थित सभागार में ऋण शिविर संकल्प का आयोजन किया गया जिसमें जिले में वार्षिक साख योजना के अंतर्गत उपलब्धि और ऋण जमा अनुपात की गति बढ़ाने हेतु एसएलबीसी एवं अग्रणी बैंक के तत्वाधान में संपन्न हुई, जिसमें अग्रणी जिला प्रबंधक आनंद वर्धन, डी.डी.एम. नाबार्ड सुशील कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी श्याम किशोर, पीएनबी के मुख्य प्रबंधक वी. एन. कपूर एवं औरंगाबाद जिले के सभी बैंक समन्वयकों एवं बैंक के ऋण लाभार्थियों ने भाग लिया। ऋण शिविर में विभिन्न ऋण योजनाओं में ऋण स्वीकृत एवं वितरण की गयी। आज के ऋण शिविर में कुल 709 ऋण के विरुद्ध 44 करोड़ 39 लाख रकम स्वीकृत की गयी तथा 627 ऋणों में कुल 40 करोड़ 80 लाख रकम वितरण हुआ।

# हरिओम कॉमर्स क्लासेज ने फिर रचा इतिहास

## बिहार इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में दिया स्टेट टॉपर



शिवानी सिंह (86.6 %) | प्रियम (85.2 %) | रिया सिंह (85 %) | अदिति (83.8 %) | अमन प्रवीण (80.4 %) | आरूषि गुप्ता (85.2 %) | आरूषि शर्मा (78.6 %) | अनामिका (82.5 %)



आयुषी (90%) | प्रकृति (80.2 %) | अभिजीत (84.5 %) | आर्यन (83.8 %) | मोहित (80.4 %) | साहिल (77.2 %) | अविनाश (70 %)

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की परंपरा को कायम रखते हुए हरिओम कॉमर्स क्लासेज ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर दी है। संस्थान की छात्रा अंतरा खुशी (पिता- मनोज मिश्रा) ने बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में कॉमर्स संकाय में स्टेट सेकंड टॉपर बनकर न केवल अपने संस्थान, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। इसके अलावा संस्थान के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने 85 फिसदी से अधिक अंक प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुविधाओं की मोहताज नहीं होती। यह उपलब्धि संस्थान की मजबूत शिक्षण प्रणाली और छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। संस्थान के निदेशक अनिल कुमार सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, 'हर छात्र के भीतर अपार प्रतिभा होती है। सही मार्गदर्शन और परिश्रम के बल पर वे असाधारण उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। हरिओम कॉमर्स क्लासेज हर वर्ष की तरह इस बार भी स्टेट एवं जिला टॉपर देने की अपनी परंपरा को बनाए रखने में सफल रहा है।' मौके पर संस्थान की पूर्व छात्रा एवं सीनियर मेंटॉर रानी कुमारी सिंह ने कहा, 'शैक्षणिक सफलता केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होती, बल्कि एक आदर्श दिनचर्या और अनुशासित जीवनशैली भी इसमें अहम भूमिका निभाती है।' निदेशक अनिल कुमार सिंह ने कहा कि हमारे संस्थान के आयुषी सिंह, शिवानी सिंह, प्रियम, आरुषि गुप्ता, रिया सिंह, अभिजीत, आर्यन, अदिति, अनामिका, अमन प्रवीण, मोहित, प्रकृति, आरुषि शर्मा, साहिल एवं अविनाश ने इंटर परीक्षा 2025 में 80 फिसदी एवं उससे अधिक अंक लाकर एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि संस्थान सिर्फ जिले में ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार में कॉमर्स शिक्षा का एक प्रतिष्ठित केंद्र बन चुका है।

- संस्थान के दर्जनों छात्रों ने लाया 85 फीसदी से अधिक अंक

# एनएसएस का विशेष शिविर संपन्न, छात्रों ने दी शानदार प्रस्तुति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सिन्हा कॉलेज एनएसएस यूनिट के विशेष शिविर के सातवें और अंतिम दिन मंगलवार को स्वयंसेवकों ने वृक्षारोपण किया। इसके तहत फलदार पौधे लगाए गए। तत्पश्चात सेमिनार हॉल में समापन सत्र के तहत रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महिला कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अरूणजय बाबू, विशिष्ट अतिथि के रूप में पवई उच्च विद्यालय के प्रिंसिपल अमिताभ रंजन जी शामिल हुए, जबकि अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्रा ने किया। अतिथियों का स्वागत बहादुर भीम सिंह एवं डॉ रामप्रकाश ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीपू के गणेश वंदना के साथ हुई। रितिका के एकल नृत्य ने भी सबका ध्यान खींचा। वहीं पम्मी और उसकी टीम के द्रौपदी चीरहरण पर आधारित नाटक ने लोगों को भाव-विभोर कर दिया। शुभम एवं ऋतिक के गीतों ने भी छठा बिखेरी। कार्यक्रम में अनामिका की भी प्रस्तुति लाजवाब रही। नशामुक्ति पर नुक्कड़ नाटक ने भी भरपूर सराहना बटोरी। ये सब प्रस्तुतियां एनएसएस के स्वयंसेवकों की थीं। इसके अलावा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की प्रीति संगम के गायन एवं ब्यूटी के डांस ने भरपूर तालियां बटोरीं। अरुणजय बाबू एवं अमिताभ रंजन जी ने अपने संबोधन में एनएसएस के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ निहारिका के साथ ही स्वयंसेवकों की भरपूर सराहना की। प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में एनएसएस के महत्व को रेखांकित किया। बीच कार्यक्रम में छठे दिन संपन्न रंगोली प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरित किया गया। विशेष शिविर में शामिल स्वयंसेवकों द्वारा अतिथियों को सर्टिफिकेट एवं मेमेंटो प्रदान किया गया, जबकि बेस्ट वॉलिंटियर का सम्मान ऋतिक एवं शुभम को दिया गया। मंच संचालन समन्वयक डॉ संजीव रंजन ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ निहारिका कुमारी ने किया। इस मौके पर प्रो. के के सिंह, रामनारायण यादव, अनिल सिंह, नीतू सिंह, मधु, लेखापाल मनोज सिंह, सौरभ सुमन, नंदलाल, केडी सिंह, प्रवीण दुबे, मनीष सहित बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे। इसके साथ ही सात दिनों तक चलने वाला एनएसएस का विशेष शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।




# चार न्यायधीशों ने किया पदभार ग्रहण लंबित वादों का तेजी से होगा निपटारा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में दो एडीजे एवं दो एसीजेएम ने पदभार ग्रहण किया। रोसड़ा, समस्तीपुर में एडीजे रहे न्यायधीश अशोक कुमार गुप्ता ने व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडीजे दस का पदभार ग्रहण किया। भागलपुर में एडीजे रहे न्यायधीश विवेक कुमार सिंह ने एडीजे 15 वें के रूप में पदभार ग्रहण किया। मुजफ्फरपुर में एसीजेएम रहे न्यायधीश संदीप कुमार सिंह एसीजेएम सात सह सब-जज आठ का पद ग्रहण किया तथा मुजफ्फरपुर में एसीजेएम रही न्यायधीश तान्या पटेल ने एसीजेएम तीन सह सब-जज तीन का पदभार ग्रहण किया। इनके पदभार ग्रहण करने पर जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव जगनरायण सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, स्पेशल पीपी कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह, शिवलाल मेहता, परवेज अख्तर, एपीपी उदय कुमार सिन्हा, ओमप्रकाश शर्मा, रामाशीष शर्मा, राजेश्वर मेहता, विंदेश्वरी प्रसाद तांती, अधिवक्ता अभय कुमार सिंह, कमलेश कुमार सिंह, सतीश कुमार स्नेही सहित अन्य ने बधाई दी है। साथ ही लंबित वादों के निष्पादन की आग्रह किया।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# डीईओ ने कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर का किया लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय औरंगाबाद में जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद, डीपीओ समग्र शिक्षा भोला कुमार कर्ण एवं विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर का लोकार्पण किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने लोकार्पण के बाद जानकारी दी कि प्रत्येक कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर को अत्याधुनिक बनाया गया है जहां वीसी नोड का अधिष्ठापन भी किया गया है जहां से क्लस्टर के अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से कॉम्प्लेक्स सेंटर के स्कूल प्रधानों से संवाद कर सकेंगे। लोकार्पण के समय उपस्थित डीपीओ समग्र शिक्षा ने कहा कि कॉम्प्लेक्स विद्यालय में मॉडल टीएलएम का निर्माण, मीटिंग्स, ट्रेनिंग आदि सम्पादित कराकर जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुनिश्चित कराया जाएगा। कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर के बारे में प्रधानाध्यापक एवं कॉम्प्लेक्स सेंटर समन्वयक उदय कुमार सिंह ने बताया कि जिले के प्रत्येक दस बारह विद्यालयों पर एक कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर को विभाग के द्वारा चिन्हित किया गया है ताकि विभागीय निर्देशों का सम्यक अनुपालन एवं उनकी मॉनिटरिंग प्रभावी तरीके से कराया जा सके। डीईओ ने अनुग्रह स्कूल के हेडमास्टर उदय कुमार सिंह के द्वारा तैयार कराए गए उत्कृष्ट एवं हाइटेक सीआरसी की सराहना की एवं इसके लिए उन्हें धन्यवाद दिया एवं जिले के अन्य सैकड़ों कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर को भी इसी तरह आकर्षक बनाने का निर्देश भी दिए। लोकार्पण कार्यक्रम में गेट स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं संरक्षक अजय कुमार सिंह, योगेंद्र पाल,करुणा सिन्हा, नैयर शाहीन, शारदा सिंह, मीना सिंह, प्रभावती कुमारी सुगंधा सिंह आदि उपस्थित थे।



# सड़क दुर्घटना में कई घायल




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सवारियों से भरा एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए, जिसमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना कुटुंबा थाना क्षेत्र के बिशुनपुर मोड़ के समीप की हैं। घायलों में अंबा थाना क्षेत्र के हड़िया गांव निवासी देवरानी देवी, सिमरा थाना क्षेत्र के बोदी बिगहा गांव निवासी तापेश्वर मेहता व अन्य शामिल है।

# योजनाओं में हेराफेरी का आरोप

- मामले ने लिया हिंसक रूप
- दोनों पक्ष से प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में मंगलवार को सलैया पंचायत के मुखिया और पंचायत समिति सदस्य उपप्रमुख प्रतिनिधि के बीच योजना लेने को लेकर मारपीट हुई जिसमें मुखिया मनोज कुमार चौधरी और उप प्रमुख प्रतिनिधि उदय कुमार घायल हो गए। इसके बाद उनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। दोनों पक्षों के द्वारा थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है जिसमें मुखिया मनोज कुमार चौधरी द्वारा आठ लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है जबकि उपप्रमुख प्रतिनिधि के द्वारा केवल एक मुखिया को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। मुखिया मनोज कुमार चौधरी ने आरोप लगाया है कि जब वह प्रखंड कार्यालय में आए तो उप प्रमुख प्रतिनिधि पूर्व से वहां थे। कठौतिया में मुनारिक यादव के घर से शंकर यादव के घर तक नाली गली निर्माण योजना के बारे में बातें हो रही थी। इस दौरान जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। विरोध करने पर मारपीट हो गई। मामले में उप प्रमुख प्रतिनिधि ने मुखिया पर योजना में हेराफेरी का आरोप लगाया है। मुखिया ने एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देते हुए अचानक मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान मुखिया ने गले से करीब डेढ़ भर के सोने की चेन छीन ली। उन्होंने कहा कि मुखिया का आपराधिक इतिहास रहा है, पूर्व से थाना में कांड दर्ज हैं। इनके विरुद्ध विधानसभा में भी सवाल उठाया गया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि कि दोनों पक्षों का आवेदन प्राप्त हुआ है। जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

